राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 183
लखनऊ, शनिवार 07 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



संघ लोक सेवा आयोग में आकर्ष कुमार का हुआ चयन 10

सारस संरक्षण के साथ इको टूरिज्म को बढ़ावा : जयवीर 03

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,61,280/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,47,850/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,21,000/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,85,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### खामेनेई की मौत के बाद घाटी में तनाव, सख्त प्रतिबंध लागू

**श्रीनगर।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार की सामूहिक नमाज के बाद विरोध प्रदर्शनों की आशंका के मद्देनजर कश्मीर घाटी के बड़े हिस्से में कड़ी सुरक्षा पाबंदियां लागू कर दी गयी हैं। श्रीनगर के कई संवेदनशील इलाकों, विशेषकर लाल चौक के आसपास और कई शिया बहुल क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था जारी है। लाल चौक की ओर जाने वाली सड़क पर कांटेदार तार लगाकर उसे सील कर दिया गया, जिससे पैदल यात्रियों और वाहनों की आवाजाही बाधित हुई है। प्रतिबंधों को लागू करने के लिए इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस और सीआरपीएफ कर्मियों को तैनात किया गया।

### एशिया-प्रशांत क्षेत्र का 5वां व्यस्त एयरपोर्ट बना दिल्ली हवाई अड्डा

**नई दिल्ली।** दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा सिंगापुर के चांगी और दक्षिण कोरिया के इंचियोन हवाई अड्डों को पीछे छोड़ते हुए एशिया-प्रशांत क्षेत्र का पांचवां सबसे व्यस्त हवाई अड्डा बन गया है। दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में एविएशन एनालिटिक्स फर्म (ओएजी) के हवाले से बताया कि जाने वाले विमानों में साल 2025 में 4.62 करोड़ सीटों की उपलब्धता के साथ दिल्ली हवाई अड्डा पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। साल 2019 में यह नौवें स्थान पर था। इसमें 3.28 करोड़ घरेलू सीटें शामिल हैं। डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जैपुरियार ने कहा, ष्एशिया-प्रशांत क्षेत्र के शीर्ष पांच सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में दिल्ली एयरपोर्ट का उभरना देश के विमानन क्षेत्र की विकास यात्रा की मजबूती और हमारी दीर्घकालिक हब विकास रणनीति की सफलता को दर्शाता है।

### टीवी न्यूज चैनलों की टीआरपी पर 4 हफ्ते रोक

**नई दिल्ली।** इज़राइल-ईरान संघर्ष के दौरान टीवी न्यूज चैनल द्वारा अनावश्यक सनसनीखेज और अनुमानित सामग्री प्रसारित करने के मद्देनजर केन्द्र सरकार ने न्यूज चैनल के टेलीविजन रेटिंग पॉइंट्स (टीआरपी) की रिपोर्टिंग पर चार सप्ताह के लिए रोक लगा दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शुक्रवार को ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बीएआरसी) को निर्देश जारी कर कहा कि इज़राइल-ईरान संघर्ष के दौरान कुछ टीवी न्यूज़ चैनल अनावश्यक सनसनीखेज और भय पैदा करने वाली सामग्री प्रसारित कर रहे हैं, जिससे आम जनता में भय पैदा हो सकता है, विशेष रूप से उन लोगों में जिनके प्रभावित क्षेत्रों में दोस्त और परिवार रह रहे हैं। ऐसे में जनहित में बीएआरसी चार हफ्ते तक न्यूज चैनल की टीआरपी रेटिंग जारी नहीं करें।

### छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में बस पलटने से छह की मौत, नौ गंभीर

**जशपुर/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के करडेगा से कुनकुरी आ रही एक यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में छह यात्रियों की मौत हो गई है, जिसमें एक बच्चा भी शामिल है। वहीं नौ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार करडेगा से कुनकुरी आ रही एक यात्री बस में दो दर्जन से अधिक यात्री सवार थे। करडेगा चौकी क्षेत्र के गोड़ाअंबा के पास बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हो गया और घटनास्थल पर एम्बुलेंस भेजी गई। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और कई यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें कुनकुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

# पुलिस ने दंगाग्रस्त राज्य को बनाया सेफ यूपी : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



**मुख्यमंत्री योगी ने 50 क्यूआरटी वाहनों को दिखाई हरी झंडी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में 50 क्यूआरटी वाहनों को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनकी सरकार में वर्ष 2017 से 2022 के बीच उत्तर प्रदेश पुलिस के सकारात्मक कार्यों का परिणाम है कि वर्ष 2017 से पहले के अराजक, बिगड़े, दंगाग्रस्त, कर्फ्यू ग्रस्त राज्य को सुरक्षित उत्तर प्रदेश के रूप में परिवर्तित कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है और इसी कारण पहली बार कोई सरकार लगातार दूसरी बार सत्ता में आयी है।

लोक भवन, लखनऊ में आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 50 क्यूआरटी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन होंडा इंडिया फाउंडेशन की ओर से अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड के तहत उपलब्ध कराए गए हैं। इस अवसर पर मुख्य सचिव एसपी गोयल, डीजीपी राजीव कृष्ण, होंडा इंडिया फाउंडेशन के वाइस चेयरमैन समेत शासन-प्रशासन के सभी प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहली बार देखा गया कि लोकतंत्र में कानून व्यवस्था चुनाव का मुद्दा बन सकता है और आज़ादी के बाद पहली बार कोई सरकार अपना 05 वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद फिर से दुबारा सत्ता में आयी तो यह पुलिस के उसी प्रयास का परिणाम है, जो 2017 से 2022 के बीच उत्तर प्रदेश में पुलिस ने ऐसा कार्य किया कि वर्ष 2017 से पहले के एक अराजक, बिगड़े, दंगाग्रस्त, कर्फ्यू ग्रस्त राज्य को सेफ यूपी के रूप में बदल दिया।

उन्होंने कहा कि विकास की पहली शर्त सुरक्षा होती है, लेकिन 2017 से पहले न व्यक्ति सुरक्षित था और न ही परिवार तो कैसे निवेश आएगा लेकिन 2017 के बाद भारत की आत्मा उत्तर प्रदेश को संजोने संवारने के लिए हमने वह सब कुछ किया जो जरूरी था और यह परिणाम 09 वर्ष में सबके सामने है।

उन्होंने समारोह को विशेष महत्व का बताते हुए कहा कि 09 वर्ष में यह ओवरऑल परिवर्तन व परसेप्शन बदला इसके लिए कुछ सुधार किये गए। ट्रांसफॉर्मेशन बगैर रिफॉर्म के नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी हमेशा कहते हैं कि मॉडल पुलिसिंग के लिए जो तीन महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, उसमें इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और मोबिलिटी और इन तीनों का अपना महत्व है। उत्तर प्रदेश पुलिस बल का जो पहले बजट था, वह 2017 के पहले साँस अटकते-अटकते 16,000 करोड़ तक पहुँच पाता था और वह भी खर्च नहीं हो पाता था। वर्षों पहले जिले बने थे लेकिन जिला मुख्यालय नहीं, पुलिस लाइन नहीं, ऐसे में क्या पुलिस परिणाम देती? मुख्यमंत्री ने कहा 2017 के बाद तेजी से काम हुआ और विश्व स्तरीय फारेंसिक लैब बनाए गए हैं। कई जिले में निर्माणाधीन हैं। फारेंसिक वैन भी तैनात है। बड़ी संख्या में पुलिस कार्मिकों की भर्ती की और सभी की ट्रेनिंग यूपी के ही ट्रेनिंग सेंटर में हो रही है।

उन्होंने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश पुलिस अपनी ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के तहत और ज़ीरो करप्शन की उस नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी और उत्तर प्रदेश को एक सेफ स्टेट और सेफ समृद्ध स्टेट के रूप में भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में प्रस्तुत करेगी।

**विश्वास ही ट्रांसफारमेशन का कारण**

सीएम योगी ने अपनी सरकार में पुलिस में किए गए सुधार व उपलब्ध कराए गए संसाधनों की चर्चा करते हुए कहा कि वर्ष 2017 में यूपी पुलिस के पास पीआरवी के कुल 9500 वाहन थे, आज उनकी संख्या प्रदेश में 15,500 से अधिक है। इसी प्रकार 2017 में टू व्हीलर की संख्या 3000 थी लेकिन आज इनकी संख्या बढ़कर 9200 से अधिक है। यह केवल संख्या नहीं है, इसने पुलिस के रिस्पॉन्स टाइम को न्यूनतम लाने में सफलता प्राप्त की है। अगर देखें तो आपातकालीन स्थिति में जितनी त्वरित कार्रवाई होगी वही विश्वास में बदलती है और यह विश्वास ही ट्रांसफारमेशन का कारण बनता है।

# कर्नाटक में बच्चे नहीं कर सकेंगे सोशल मीडिया का इस्तेमाल

**सिद्धरमैया सरकार ने लिया बड़ा फैसला**

**एजेंसी, बेंगलुरु।**



बेंगलुरु कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। राज्य में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने 6 मार्च 2026 को राज्य का बजट पेश करते हुए यह बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा, बच्चों पर मोबाइल और सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल के नकारात्मक प्रभावों को रोकने के लिए यह फैसला लिया गया है। यह कर्नाटक को भारत में ऐसा करने वाला पहला राज्य बना देता है। यह प्रस्ताव कोई अचानक नहीं आया। पिछले महीने सिद्धारमैया ने कुलपतियों के सम्मेलन में इस मुद्दे पर चर्चा की थी और मोबाइल की लत, ऑनलाइन गेमिंग, पढ़ाई पर असर, शारीरिक फिटनेस और मानसिक स्वास्थ्य जैसी चिंताओं को उठाया था। आईटी मंत्री प्रियांक खरगे ने भी विधानसभा में कहा था कि सरकार एआई और सोशल मीडिया के जिम्मेदार इस्तेमाल के लिए सख्त कदम सोच रही है।


कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी इस कदम का समर्थन किया और बताया कि फिनलैंड, यूनाइटेड किंगडम और खासकर ऑस्ट्रेलिया जैसे देश पहले ही ऐसी पाबंदियां लगा चुके हैं या विचार कर रहे हैं।

यूरोप के कई देशों (जैसे फ्रांस और स्पेन) में स्कूलों में स्मार्टफोन पर सख्त नियम लागू हो चुके हैं ताकि बच्चों की एकाग्रता और पढ़ाई बेहतर हो। यह फैसला बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य और सुरक्षित बचपन की रक्षा के लिए उठाया गया है।

### मिडल ईस्ट संकट पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का बयान, कहा-

# जो हो रहा वो सामान्य नहीं, पूरी दुनिया पर पड़ेगा असर

**एजेंसी, कोलकाता।**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष का जिक्र करते हुए शुक्रवार को कहा कि बदलती भू-राजनीति के इस दौर में महासागर एक बार फिर दुनिया के शक्ति संतुलन के केंद्र में आ गए हैं और भारत की जिम्मेदारी है कि वह आत्मविश्वास एवं क्षमता के साथ नेतृत्व प्रदान करे।

सिंह ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रम बेहद असामान्य हैं और क्षेत्र की स्थिति का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जो हो रहा है, वह बेहद असामान्य है। इस समय इस पर कोई ठोस टिप्पणी करना कठिन है कि पश्चिम एशिया में परिस्थितियां आगे किस दिशा में जाएंगी।

उन्होंने कहा कि यदि हम होर्मुज जलडमरूमध्य या फारस की खाड़ी के पूरे क्षेत्र को देखें तो यह दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। जब इस क्षेत्र में अशांति या व्यवधान होता है तो इसका सीधा असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि आज हम केवल ऊर्जा क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी आपूर्ति शृंखला में व्यवधान देख रहे हैं। इन अनिश्चितताओं का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार पर पड़ता है। सिंह ने कहा कि मौजूदा स्थिति ने महासागरों के महत्व को एक बार फिर रेखांकित किया है। उन्होंने कहा, बदलती वैश्विक भू-राजनीति के इस दौर में महासागर एक बार फिर दुनिया के शक्ति संतुलन के केंद्र में आ गए हैं। ऐसे समय में एक प्रमुख समुद्री राष्ट्र के रूप में भारत की जिम्मेदारी है कि वह आत्मविश्वास, क्षमता और स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ नेतृत्व प्रदान करे। रक्षा मंत्री ने हालांकि दो दिन पहले श्रीलंका के तट के पास अमेरिका द्वारा एक ईरानी युद्धपोत को डुबोए जाने की घटना का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई जिक्र नहीं किया। ईरानी युद्धपोत आईरिस देना भारत की मेजबानी में आयोजित मिलन बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा लेने के बाद स्वदेश लौट रहा था। इस हमले में कम से कम 87 ईरानी सैन्यकर्मी मारे गए। यह घटना फारस की खाड़ी से बाहर अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष को दर्शाती है।

**जवाबी हमलों के बीच बढ़ा संघर्ष**

अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य हमले किए थे जिनमें ईरान के सर्वोच्चा नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए थे। इस सैन्य हमले के बाद ईरान ने मुख्य रूप से इजराइल और संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कुवैत, जॉर्डन तथा सऊदी अरब समेत कई खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए हमले किए। पिछले तीन दिनों में दोनों पक्षों की ओर से हमलों और जवाबी हमलों के बीच यह संघर्ष काफी बढ़ गया है।

# यूपीएससी ने घोषित किया सिविल सर्विस का रिजल्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



**अनुज अग्निहोत्री बने टॉपर**

यूपीएससी फाइनल रिजल्ट का इंतजार कर रहे लाखों अभ्यर्थियों के लिए यह बड़ी खबर है। संघ लोक सेवा आयोग ने 6 मार्च को सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम घोषित किए। अनुज अग्निहोत्री यूपीएससी के टॉपर बने हैं। इस बार कुल 958 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। राजेश्वरी सुवे एम और अकांश ढुल ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया है। आयोग ने बताया कि कुल 958 उम्मीदवारों ने परीक्षा में सफलता हासिल की है और उन्हें विभिन्न केंद्रीय सिविल सेवाओं में नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया गया है। सिविल सेवा परीक्षा यूपीएससी द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) सहित अन्य सेवाओं के अधिकारियों के चयन के लिए प्रतिवर्ष तीन चरणों-प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार- में आयोजित की जाती है। शुक्रवार को परीक्षा परिणाम घोषित होते ही सोशल मीडिया पर जश्न छा गया। सफल अभ्यर्थियों को देशभर से शुभकामनाएं मिल रही हैं। आयोग ने एक बयान में कहा कि 348 अनुशंसित प्रतिभागियों की उम्मीदवारी को अस्थायी रखा गया है। केंद्र सरकार ने सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से भरी जाने वाली 1,087 रिक्तियों की घोषणा की थी। यूपीएससी के परिसर में परीक्षा हॉल के पास एक सुविधा काउंटर बनाया गया है। अभ्यर्थी कार्यदिवसों में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे के बीच व्यक्तिगत रूप से या टेलीफोन के माध्यम से अपनी परीक्षाओं/भर्ती के संबंध में कोई भी जानकारी, स्पष्टीकरण प्राप्त कर सकते हैं। बयान में कहा गया है, परिणाम घोषित होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर वेबसाइट पर अंक उपलब्ध होंगे।

आपको बता दें कि यूपीएससी हर साल सिविल सर्विसेज परीक्षा आयोजित करती है। ये भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। यूपीएससी के जरिये भारत प्रशासनिक सेवाओं के लिए कुशल अधिकारी चयनित किए जाते हैं। जिसमें इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस (आईएएस), इंडियन पुलिस सर्विस (आईपीएस) इंडियन फॉरेन सर्विस (आईएफएस) और इंडियन रेवेन्यू सर्विसेज के अधिकारियों के अलावा रेलवे समेत अन्य पदों के लिए अधिकारी चयनित होते हैं।

# दुर्घटना का शिकार हुआ सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान, दो पायलट की मौत

**एजेंस, नई दिल्ली।**



असम के कार्बी आंगलोंग जिले में सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो पायलट की मौत हो गई।

भारतीय वायुसेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारतीय वायु सेना ने एक संक्षिप्त बयान में बताया कि प्रशिक्षण मिशन पर निकला सुखोई-30एमकेआई विमान जोरहाट से लगभग 60 किलोमीटर दूर कार्बी आंगलोंग क्षेत्र में बृहस्पतिवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

वायुसेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, वायु सेना स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरागकर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करती है।

सुखोई-30 विमान दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के कारण उनकी मौत हो गई। वायुसेना के सभी कर्मी शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं और दुख की इस घड़ी में उनके साथ मजबूती से खड़े हैं।

गुवाहाटी में एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि विमान का मलबा बृहस्पतिवार देर रात मिला था।

# किसानों का जोखिम कम करने, आय बढ़ाने के लिए किये गये पहल के दिख रहे हैं परिणाम : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार ने किसानों का जोखिम कम करने और उनकी आय बढ़ाने के लिए जो पहल किये हैं उनके परिणाम दिख रहे हैं।

श्री मोदी ने बजट के पश्चात राष्ट्रीय वेबीनार की श्रृंखला में शुक्रवार को तीसरी वेबीनार का उद्घाटन करते हुए कहा कि करीब 10 करोड़ किसानों को चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की पीएम किसान सम्मान निधि मिली है। दिन भर के इस वेबीनार का विषय कृषि और ग्रामीण क्षेत्र में बदलाव है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में हुए सुधारों से अब किसानों को उनकी उपज पर डेढ़ गुना तक प्रतिफल मिल रहा है। किसानों को अब तीन चौथाई कर्ज संस्थागत क्षेत्र से मिल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संस्थागत क्रेडिट कवरेज 75 प्रतिशत से अधिक हो चुका है। उन्होंने कहा कि पीएम फसल बीमा योजना के तहत लगभग दो लाख करोड़ रुपये के दावों के समाधान किए गए हैं। श्री मोदी ने कहा कि ऐसे अनेक प्रयासों से किसानों का जोखिम बहुत कम हुआ है और उन्हें एक बुनियादी आर्थिक सुरक्षा मिली है। हम फसल विविधता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। खाद्य तेल और दलहन पर राष्ट्रीय मिशन और प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन, दोनों ही कृषि क्षेत्र को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। उन्होंने कहा कि इस प्रगति को और आगे ले जाने के लिए हमें वैज्ञानिक प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

# भारत 31 मार्च तक माओवादियों से मुक्त हो जाएगा : शाह

**एजेंसी, कटक।**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत के 31 मार्च तक माओवादियों से मुक्त हो जाने का दावा करते हुए शुक्रवार को कहा कि सुरक्षा बल आंध्र प्रदेश के तिरुपति से नेपाल के पशुपति तक लाल गलियारा बनाने का सपना देखने वालों को पराजित करेंगे।

शाह ने कटक जिले के मुंडाली में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 57वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि सीआईएसएफ प्रमुख प्रतिष्ठानों को सुरक्षा प्रदान करके देश की आर्थिक वृद्धि में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा, आज, मैं राष्ट्र को आश्वस्त करना चाहता हूं कि देश 31 मार्च तक माओवादियों से मुक्त हो जाएगा। हमारी सेनाएं तिरुपति से पशुपति तक लाल गलियारा बनाने का सपना देखने वालों को पराजित करेंगी। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश से नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकना सुरक्षा बलों के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मिला एयरोड्रम लाइसेंस

**एजेंसी, नोएडा।**




**जल्द होगा उद्घाटन**

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) से हवाई उड़ान शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। शुक्रवार को जेवर एयरपोर्ट को एयरोड्रम लाइसेंस मिल गया है। कल ही एयरपोर्ट को ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी की ओर से सिक्योरिटी वेटिंग क्लीयरेंस मिला था।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि शुक्रवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को एयरोड्रम लाइसेंस मिल गया है। इस लाइसेंस के मिलने के बाद अब नोएडा एयरपोर्ट उड़ान के लिए तैयार है। यहां से विमानों की उड़ान और लैंडिंग शुरू की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही एयरपोर्ट का उद्घाटन होगा। उनके अनुसार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इसके उद्घाटन करने का अनुरोध कर उद्घाटन कार्यक्रम की तिथि निश्चित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि यहां से एयर इंडिया, आकाशा और इंडिगो ने अपने विमानों को उड़ान भरने के लिए समझौता किया है। उन्होंने बताया कि एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के बाद इन एयरलाइंस कंपनियां यहां पर अपना स्टाफ की नियुक्तियां और अन्य तकनीकी सुविधाओं को लगाना शुरू कर देंगे। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए पहले से ही सीआईएसएफ और यूपी पुलिस तैनात है।

उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट से अच्छी कनेक्टिविटी देने के लिए विभिन्न मार्गों और साधनों पर कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने जेवर एयरपोर्ट को राज्य के सबसे महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया है। यह एयरपोर्ट न केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लिए एक महत्वपूर्ण एविएशन हब के रूप में उभर रहा है। इसके शुरू होने से उत्तर प्रदेश में निवेश, पर्यटन, लॉजिस्टिक्स और व्यापार को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। साथ ही हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

**राहत** | अमेरिका ने दी रूसी तेल खरीद पर 30 दिन की छूट

# भारत में नहीं होगी तेल की कमी

**अमेरिकी छूट के बाद भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने शुरू की रूसी तेल की खरीद**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने देश के पास समुद्र में फंसे लगभग 1.5 करोड़ बैरल से अधिक रूसी कच्चे तेल की खरीद शुरू कर दी है। रिफाइनरियां यह कदम पश्चिम एशिया में आपूर्ति बाधाओं से पैदा हुई चिंताओं के बीच उठा रही हैं।

सूत्रों ने कहा कि अमेरिकी वित्त विभाग ने भारत को समुद्र में फंसे रूसी तेल कार्गो खरीदने की अनुमति देने के लिए 30 दिवसीय लाइसेंस जारी किया है, जिसके बाद रिफाइनरियों ने अपनी खरीद तेज कर दी है। रूस के तेल के शीर्ष खरीदारों में शामिल भारत ने अमेरिका के दबाव के बाद अपनी रूसी तेल की खरीद कम कर दी थी। फरवरी में भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात घटकर 10.4 लाख बैरल प्रति दिन रह गया, जो नवंबर 2022 के बाद सबसे निचला स्तर है। अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर शुल्क में कटौती को भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल की खरीद कम करने से जोड़ दिया था। सूत्रों ने कहा कि इसके कारण रूसी तेल के कई जहाज समुद्र में ही फंस गए थे। भारत अब पश्चिम एशिया की आपूर्ति में व्यवधान के बीच अपनी खरीद को समायोजित कर रहा है। ऐसे में भारतीय रिफाइनरियां अब घरेलू ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए समुद्र में मौजूद रूसी कार्गो और अन्य स्रोतों से खरीद के बीच संतुलन बना रही हैं। सूत्रों ने कहा कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में रूसी तेल के एक दर्जन से अधिक टैंकर मौजूद हैं। इसके अलावा आठ अन्य जहाज सिंगापुर के पास खड़े हैं जो कुछ ही दिन में भारत पहुंच सकते हैं। जिंस कारोबार का विश्लेषण करने वाली कंपनी केप्लर के सुमित रितोलिया ने कहा कि छूट मिलने के बाद रिफाइनरियां तेजी से खरीद शुरू कर सकती हैं, जिससे निकट भविष्य में रूसी तेल का आयात 16 से 20 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच सकता है।

# ग्राम पंचायतों में पेयजल की व्यवस्था के निर्देश

▸ जनपद में अब तक कुल कितने ग्राम पंचायतों में पेयजल की व्यवस्था हुई प्रारंभ : जिलाधिकारी

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।



कलेक्ट्रेट सभागार, में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद में संचालित विभिन्न कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए चल रही परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से जनपद के ग्राम पंचायतों एवं मजरों में जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से यह जानने का निर्देश दिया कि अब तक जनपद के कितने ग्राम पंचायतों तथा मजरों में योजनाओं के अंतर्गत सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था प्रारम्भ हो चुकी है।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के सभी ग्राम पंचायतों एवं मजरों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप (फॉर्मेट) में शीघ्र उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने कहा कि इससे योजनाओं की वास्तविक प्रगति का आकलन करने में सुविधा होगी तथा जिन क्षेत्रों में कार्य अधूरा है या पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ नहीं हो सकी है, वहां शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जा सकेगी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है, इसलिए कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप ही पूर्ण किया जाना आवश्यक है।

इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जहां भी कार्यों में अनावश्यक विलम्ब पाया जाएगा, वहां संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि संबंधित अधिकारी समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित करें, जिससे योजनाओं का लाभ समय पर ग्रामीणों तक पहुंच सके। बैठक में जल जीवन मिशन से जुड़े विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे तथा जनपद में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, एक्सईएएन जल निगम विभाग तथा कार्य संस्थाओं के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बच्चे को मार पीट कर ले लिया लाखों का जेवर

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

▸ ट्यूशन जाने के समय मार पीट कर दी धमकी
▸ एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

नरेंद्र देव शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत किया कि उस के पुत्र को मार पीट कर डरवा धमका घर लाखों रुपए का जेवरात ले लिया गया। एस पी के आदेश पर पुत्र विशाल तिवारी और उस के अज्ञात साथियों के खिलाफ में नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

तहरीर में नरेंद्र शुक्ला ने कहा है कि उस का पुत्र विनायक शुक्ला जो सेण्ट जैवियर्स स्कूल मालवीय नगर में कक्षा 9 का विद्यार्थी है उसी कक्षा में विशाल तिवारी पुत्र वेदप्रकाश तिवारी ग्राम धिरजा पुरवा पूरे शिवाबख्तावर भी पहले पढता था इसलिए उससे जान पहचान थी।

विशाल की दोस्ती शातिर किस्म के लडकों से थी कुछ दिन पूर्व मेरा पुत्र विनायक शुक्ला अपने आवास से चुंगीनाका के पास जा रहा था।

वहीं उस की गया है जिस को देखने गया था रास्ते में उसकी स्कूटी से किसी बच्चे को चोट लग गई। विशाल सिंह वहीं पर था क्यों कि उसका घर भी वहीं आस पास है। जिस बच्चे को चोट लगी थी वह तो अपने घर चला गया और विशाल ने मेरे बेटे को रोक लिया और मारा पीटा साथ ही पैसे की माँग की। पैसे न देने पर ट्यूशन जाने के समय उसे फिर मारा पीटा पैसे भी माँगा सोने चांदी के जेवर की मांग कई बार की और मारा भी यह भी कहा की यदि तुम जेवर व पैसे नहीं दोगे तुमको मार दूंगा और वीडियो बनाकर वायरल कर दूँगा और धमकी दी गई मेरा बच्चा अभी छोटा है न समझ है मारपीट के डर से एक एक करके कई समान जिसमें दो चांदी का कटोरी दो चांदी का गिलास दो सोने की अंगूठी एक चांदी की अंगूठी एक सोने की झुमकी, तीन सोने की कील, एक सोने की नथ दो जोडी चाँदी की पायल चार जोडी बिछिया, एक चांदी की चैन एक जोडी सोने का बाला, एक घडी व कुछ नकदी भी बच्चे को धमका कर तीन बार में लिया गया।

घर का जेवर गायब होने पर बच्चे से पूछा गया तो उस ने बताया की जेवर दिया गया है। इस के पहले भी विशाल तिवारी द्वारा ऐसी ही घटना संस्कार मिश्रा पुत्र श्री सिद्दार्थ मिश्रा के साथ किया था।

## खबरें एक नजर में

### दुकानदार ने ग्राहक को दी धमकी

गोंडा, समृद्धि न्यूज़। नगर कोतवाली क्षेत्र में एक ग्राहक द्वारा पुरानी सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने के दौरान सड़ा टमाटर दे दिया। सड़ा टमाटर वापस करने को लेकर विवाद हो गया।सब्जी दुकान दार ने ग्राहक को मारने पीटने की धमकी दिया। ग्राहक शुभम सिंह ने दुकान दार फिरोज पुत्र अजीम के खिलाफ में धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के अफीम कोठी जानकी नगर निवासी शुभम सिंह पुत्र अशोक सिंह ने बताया कि गुरुवार के दिन वह पुरानी सब्जी मंडी सब्जी खरीदने फिरोज के दुकान पर गया था वहां पर उस ने सब्जी दिया। जिस को घर लेकर चला आया घर पर सब्जी निकालने पर देखा कि टमाटर खराब है जिस को वापस करने गया तो दुकान दार फिरोज ने सब्जी वापस करने से मना कर दिया और बल्कि जान से मारने की धमकी दी गई।

### ईंट-भट्ठे पर काम करते समय श्रमिक झुलसा



बहराइच, समृद्धि न्यूज़। नानपारा इलाके में एक ईंट भट्ठे पर काम करते समय एक श्रमिक आग की चपेट में आकर झुलस गया। भट्ठा मालिक ने उसे इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हरदी थाना क्षेत्र के नसीबपुर गांव निवासी शहरे आलम नानपारा कोतवाली के पचपेड़वा इलाके में स्थित आनंद नामक व्यक्ति के ईंट भट्ठे पर काम करता है। यह घटना उस समय हुई जब वह भट्ठे में फूंकाई कर रहा था। फूंकाई के दौरान शहरे आलम का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह आग की चपेट में आ गया। इस दुर्घटना में उसके दोनों पैर और एक हाथ झुलस गए। मौके पर मौजूद अन्य श्रमिकों ने उसे तुरंत खींचकर आग से बाहर निकाला। घायल श्रमिक को तत्काल नानपारा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद, उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### विवादित टिप्पणी करने पर तीन गिरफ्तार




बहराइच, समृद्धि न्यूज़। पुलिस ने विवादित टिप्पणी वाला वीडियो बनाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी पयागपुर के नेतृत्व में रानीपुर पुलिस द्वारा की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धर्मेंद्र पुत्र खुशीराम, शिवम सिंह पुत्र संजीव कौशल और कुलदीप जायसवाल पुत्र गोमती जायसवाल के रूप में हुई है। ये सभी कुट्टी बाजार के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 170/126/135 बीएनएसएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत मामला दर्ज किया है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार अवस्थी, उप निरीक्षक कृष्ण कुमार, उप निरीक्षक राम मिलन यादव, हेड कांस्टेबल अखिलेश यादव और कांस्टेबल विशाल कुमार पूरी शामिल थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### जुमे के बाद प्रस्तावित प्रदर्शन को पुलिस ने रोका



बहराइच, समृद्धि न्यूज़। नवाबगंज में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद शिया समुदाय द्वारा प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन को पुलिस ने रोक दिया। प्रशासन की सतर्कता के कारण कोई प्रदर्शन नहीं हुआ। यह प्रदर्शन ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जारी तनाव तथा ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामनेई की मौत के विरोध में आयोजित किया जाना था। शिया समुदाय के लोग जुमे की नमाज के बाद प्रदर्शन करना चाहते थे। पुलिस प्रशासन ने पहले से ही सतर्कता बरत रखी थी। प्रशासन ने बिना अनुमति के किसी भी प्रदर्शन की इजाजत नहीं दी और प्रदर्शन करने आए लोगों को समझा-बुझाकर वापस भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर यादव ने बताया कि बिना परमिशन के किसी भी प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने यह भी बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नवाबगंज कस्बे में पुलिस लगातार गश्त करती रही।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ, 11 मार्च तक चलेगा आयोजन



बहराइच, समृद्धि न्यूज। विशेश्वरगंज कंछर विकासखंड के सामने स्थित प्रांगण में नौ कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ और श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम 6 मार्च से 11 मार्च तक चलेगा। कार्यक्रम के पहले दिन कलश पूजन के बाद सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने कलश यात्रा निकाली। यह यात्रा कार्यक्रम स्थल से शुरू होकर पुरैना मोड़, विशेश्वरगंज बाजार, रेलवे क्रॉसिंग, बाईपास होते हुए कंछर गांव तक गई और फिर वापस कार्यक्रम स्थल पर आकर संपन्न हुई। गायत्री परिवार के जिला संयोजक सूर्य प्रकाश त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश यात्रा का पूजन संपन्न कराया। इस दौरान गायत्री परिवार के कार्यकर्ता लाडली प्रसाद वर्मा, विष्णु पाठक, शशि सिंह, गोमती प्रसाद वर्मा और राजमणि त्रिपाठी भी मौजूद रहे। सेंट्रल बैंक की शाखा प्रबंधक नीता मिश्रा ने भी देव पूजन और कलश पूजन में भाग लिया। गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता सियाराम जायसवाल ने बताया कि महायज्ञ के तहत प्रतिदिन सुबह 7 बजे से यज्ञ और शाम 7 बजे से प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

# धोदिया पारा में एक ही व्यक्ति को दिया गया दो बार आवास

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

▸ इंदिरा आवास व प्रधानमंत्री आवास देकर किया गया फर्जी बाड़ा




विकास खंड वजीरगंज के ग्राम पंचायत ढोढियापारा में एक व्यक्ति ने वर्ष 2009 और 2010 में क्रमांक संख्या 185 पर इंदिरा आवा स दिया गया फिर उसी ग्राम पंचायत के व्यक्ति को पुनः वर्ष 2017-18 में रजिस्ट्रेशन नं. यूपी 3683925 पर प्रधानमंत्री आवास योजना से भी लाभन्वित किया गया है।वही अधिकारियों कि जांच में पुष्टि हुई है कि ब्लॉक वजीरगंज ग्राम ढोढियापारा जगन्नाथ पुत्र नीबर को इन्दिरा आवास योजना का लाभ प्राप्त होने के का रण प्रधानमंत्री आवास की गाइड लाइन के अनु सार अपात्र थे। जांच में अधिकारिओ के द्वारा

पुष्टि कि गईं कि आवास का लाभ दिया जाना असगंत है शिकायत कर्ता के द्वारा जो शिकाय त कि गईं है वह सत्य है।हर इंसान का सपना होता है कि उसका एक खुद का घर हो, एक ऐ सी जगह जहां वह अपने परिवार के साथ सुकू न से रह सके।

इसी सपने को पूरा करने के लिए भारत सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत साल 2015 में की थी इस योजना का मकसद था कि देश के हर गाँव में जरूरतमंद को पक्का घर मिले,खासतौर पर उन लोगों को जिनके पास छत नहीं है या रहने के लिए सही सुविधा नहीं है। इस योजना के तहत सरकार लोगों को घर बनाने या खरीदने के लिए आर्थि क सहायता देती है, जिससे वो अपना घर बना सकें योजना में कई कैटेगिरी हैं और इनके लिए अलग-अलग आय सीमा तय की गई है, लेकिन अब इस योजना में भी वजीरगंज ब्लॉक कर्मचा रिओ व अधिकारियों व प्रधान ने अपने करीबियों को एक ही व्यक्ति को से दो बार आवास देने के मामला सामने आ रहे हैं।

लोगो के द्वारा बता या जा रहा है कि गलत जानकारी और अफस रों की मिलीभगत से इस योजना का गलत फायदा उठाया है।लेकिन अभी तक इसका कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

वही शिकायतकर्ता ने सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ से शिकायत की है की पत्रांक संख्या-3748, 3714, 3127, 85 38 और पत्रांक संख्या-2975 में दिये जाने आ देश दर्ज कराये जाने प्रथम सूचना रिपोर्ट दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध दर्ज करने की मांग की है। शिकायतकर्ता ने सीएम को लिखित शिकायत दी है और बताया है कि ग्राम पंचायत में जगन्नाथ पुत्र नीबर को सरका री कर्मचारी व ग्राम प्रधान की मिलीभगत से अनुचित लाभ लेकर एक ही व्यक्ति को दो बार आवास देने की पुष्टि उपरोक्त पत्रांक संख्या में भिन्न-भिन्न अधिकारी द्वारा जांच रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया है, जिसमें स्पष्ट लिखा है कि एक ही व्यक्ति को दो बार आवास का लाभ दिया गया है लेकिन जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वा रा प्रधान व सचिव से सिर्फ धन की उगाही कर ते हैं,इस कारण कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। ऐसी स्थिति में प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत जाच रिपोर्ट का अवलोकन करके सम्बन्धित दोषी व्यक्ति यों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किये जा ने की मांग की है।

# रेलवे सुरक्षा बल गोंडा ने मूकबधिर व्यक्ति को किया परिजनों के हवाले

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष लखनऊ से प्राप्त सूचना पर कि एक मुक -बधिर व्यक्ति को एक दूसरे मुक -बधिर व्यक्ति के द्वारा बहला-फुसलाकर ट्रेन से ले जाया जा रहा है, उक्त सूचना प्राप्त होने पर उक्त व्यक्ति के प्राप्त फोटोग्राफ से रेलवे स्टेशन गोंडा पर मैं निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल गोंडा अनिरुद्ध राय साथ स्टाफ एवं सीआईबी गोंडा के द्वारा ट्रेन संख्या 15565 वैशाली एक्सप्रेस में गोंडा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर समय करीब 19/25 बजे आगमन पर चेक किया गया तो उक्त व्यक्ति प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित दुकान फूड प्लाजा के पास बेंच पर बैठा हुआ मिला। उसे इशारे इशारे में पूछने पर उसके द्वारा उपलब्ध मोबाइल फोन से उसके परिजन से वीडियो कॉल करने के उपरांत एवं थाना अध्यक्ष लोटन,जिला सिद्धार्थ नगर के पास बैठे उनके परिजन से संपर्क करने पर उनके द्वारा एवं उनके परिजन के द्वारा बताया गया कि यह धर्मवीर ही है। धर्मवीर को अपने साथ बहला फुसलाकर ले जाने वाले मुक बधिर व्यक्ति को उक्त ट्रेन में खोजबीन किया गया परंतु वह नहीं मिला एवं ट्रेन गंतव्य के लिए प्रस्थान कर गई। उक्त मुक बधिर व्यक्ति धर्मवीर को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोडा पर सुरक्षित रखा गया है। धर्मवीर के पिता एवं अन्य परिजन बाय रोड धर्मवीर को लेने हेतु सिद्धार्थनगर से चल दिए हैं।

# मासूम पर हमले के बाद हरकत में वन विभाग

▸ डीएफओ पहुंचे बाजपुरवा-तेंदुए की तलाश में तेज हुआ सर्च ऑपरेशन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



खैरीघाट थाना क्षेत्र के बाजपुरवा गांव में तेंदुए के हमले की घटना के बाद वन विभाग की टीम अलर्ट हो गई है। शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे डीएफओ सुंदरेश कुमार मौके पर पहुंचे और हमले वाले स्थान का निरीक्षण किया। उन्होंने वन कर्मियों को इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज करने के निर्देश दिए। बताया जाता है कि गुरुवार शाम बाजपुरवा गांव निवासी 7 वर्षीय मासूम बालिका आफरीन पुत्री तसव्वर पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया था। हमले में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे परिजनों द्वारा तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब एक माह पूर्व भी इसी क्षेत्र से वन विभाग की टीम ने एक तेंदुए को पकड़कर रेस्क्यू किया था। डीएफओ सुंदरेश कुमार ने बताया कि बहराइच और लखीमपुर खीरी का बॉर्डर क्षेत्र होने के साथ ही यहां नदी का कछार इलाका है, जिसके कारण जंगली जानवरों, खासकर तेंदुए का मूवमेंट बना रहता है। तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। इसके लिए इलाके में दो पिंजरे लगाए गए हैं और आसपास के क्षेत्रों में जाल लगाकर रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। वन विभाग की टीम ग्रामीणों को सतर्क रहने की भी सलाह दे रही है और लोगों से अपील की गई है कि बच्चे अकेले बाहर न जाएं तथा तेंदुए की गतिविधि दिखने पर तुरंत वन विभाग को सूचना दें।

### ब्लॉक प्रमुख ने प्राकृतिक खेती पर दिया जोर



बहराइच, समृद्धि न्यूज। नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह ने 6 मार्च 2026 दिन शुक्रवार को दोपहर 2:00 बजे कृषि भवन चरदा में आयोजित एक कृषक गोष्ठी में किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम सभी मिलकर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दें। इससे हमारे जीवन में शुद्धता आएगी और हमारा शरीर रोगमुक्त भी होगा। गोष्ठी के दौरान किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कृषि कल्याण योजनाओं की भी जानकारी दी गई। एडिशनल डी.वी.ओ. ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव ने विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया, जबकि एस.पी. सिंह ने किसानों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग से आशीष मौर्या, राम प्रकाश मौर्य, राम अवतार, रोमिंत कुमार, राम निवास, ऋषि प्रकाश सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। किसान नेता दुर्गेश वर्मा, बद्री सिंह, छेदा खां, दिनेश सिंह, आनंद सिंह, रमेश विश्वकर्मा, विशाल त्रिपाठी, वैभव सिंह समेत सैकड़ों किसानों ने भी गोष्ठी में भाग लिया।

# होली व रमजान के मद्देनजर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई व जलकल कर्मियों को किया गया सम्मानित

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।



होली और रमजान जैसे पवित्र त्योहारों के मद्देनज़र नगर में स्वच्छता और पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए दिन-रात कार्य कर रहे सफाई कर्मचारियों और जलकल विभाग के कर्मियों को आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला द्वारा सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता तथा अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता ने कर्मचारियों को अंग वस्त्र और मिठाई देकर उनके कार्यों की सराहना की।

नगर में त्योहारों के दौरान स्वच्छता और पेयजल व्यवस्था बनाए रखना एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। इसे ध्यान में रखते हुए सफाई कर्मचारी और जलकल विभाग के कर्मी लगातार अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं, ताकि नगरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसी समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर सफाई इंचार्ज अमित कुमार, सफाई नायक कमलेश, शत्रोहन और रोहित कुमार तथा पेयजल प्रभारी अशोक कुमार को अंग वस्त्र देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही नगर के अन्य सफाई कर्मचारियों को भी अंग वस्त्र और मिठाई भेंट कर बधाई दी गई और उनके कार्यों की प्रशंसा की गई।

सम्मान प्राप्त कर कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पालिका द्वारा दिया गया यह सम्मान उनके लिए प्रेरणास्रोत है। इससे उन्हें भविष्य में भी और अधिक लगन और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता ने कहा कि नगर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने में सफाई कर्मचारियों और जलकल विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विशेष रूप से त्योहारों के समय जब लोगों की आवाजाही और गतिविधियां बढ़ जाती हैं, तब इन कर्मियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि नगर के सभी कर्मचारी पूरी मेहनत और निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं, जिसके कारण नगर में स्वच्छता और पेयजल व्यवस्था सुचारु रूप से बनी हुई है।

# कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा वेबिनार का आयोजन

▸ किसानों को दी गई योजनाओं की जानकारी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



विकास खंड शिवपुर सभागार में शुक्रवार को भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा एग्रीकल्चर एंड रूरल ट्रांसफॉर्मेशन के अंतर्गत एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने नई तकनीक के माध्यम से खेती को सरल व लाभकारी बनाने के सुझाव भी दिए।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के विधानसभा संयोजक घनश्याम सिंह चौहान पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम बजट आधारित है और सरकार किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रही है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषक सखी का चयन किया गया है, जो रासायनिक खाद से मुक्त खेती को प्रोत्साहित करेंगी तथा किसानों को विषमुक्त फसल उगाने के लिए प्रेरित करेंगी। इस दौरान किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न किसान कल्याण योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि विशेषज्ञों व अधिकारियों ने किसानों को नई तकनीकों के उपयोग, फसल उत्पादन बढ़ाने के उपाय तथा आधुनिक खेती के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। किसानों से आह्वान किया गया कि वे आधुनिक तकनीक अपनाकर खेती को अधिक लाभदायक बनाएं। कार्यक्रम में कमला प्रसाद वर्मा (ब्लॉक अध्यक्ष प्रधान संघ शिवपुर), राकेश पाण्डेय (मंडल अध्यक्ष भाजपा शिवपुर), संजय बाजपेई (महामंत्री भाजपा), राम प्रकाश मौर्या (कृषि विषय वस्तु विशेषज्ञ), अरविंद कुमार मिश्रा (प्रभारी कृषि बीज विभाग शिवपुर), कैलाश गंगवार (बीटीएम) सहित कृषक सखी व क्षेत्र के तमाम किसान मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने दिये अधिक से अधिक श्रमिकों को लाभ दिलाने के निर्देश

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रमिकों एवं उनके परिवारजनों के हित में संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा पात्र लाभार्थियों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा के लिए मिलने वाली सहायता, दुर्घटना या मृत्यु की स्थिति में मिलने वाली आर्थिक सहायता तथा मातृत्व व बालिका सहायता योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाया जाए। इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। कक्षा के अनुसार अलग-अलग राशि दी जाती है, जिसमें प्राथमिक स्तर पर लगभग 1,000 से लेकर उच्च शिक्षा स्तर पर 25,000 से 50,000 तक की सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इससे श्रमिक परिवारों के बच्चों को शिक्षा जारी रखने में सहयोग मिलता है। इस योजना के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिक की दुर्घटना में मृत्यु होने पर उसके आश्रितों को 5 लाख तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। वहीं दुर्घटना में स्थायी दिव्यांगता होने की स्थिति में 3 लाख तक तथा आंशिक दिव्यांगता होने पर 1 लाख तक की सहायता दी जाती है, जिससे परिवार को आर्थिक संबल मिल सके। इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिक को प्रसव के समय 25,000 तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त नवजात शिशु एवं विशेष रूप से बालिका के जन्म पर भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है, जिससे मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं बालिका संरक्षण को प्रोत्साहन मिलता है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद में सभी पंजीकृत श्रमिकों का नियमित नवीनीकरण (रिन्यूअल) सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र श्रमिक योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के पंजीकरण एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए तथा ग्राम पंचायत एवं ब्लॉक स्तर पर विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण कराया जाए। इसके अतिरिक्त डीएम ने निर्देश दिया कि बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत सभी रसोइयों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को सुरक्षा बीमा योजना से आच्छादित किया जाए, जिससे उन्हें आकस्मिक परिस्थितियों में सामाजिक सुरक्षा प्राप्त हो सके।

# एम जे एक्टिविटी स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।
शुक्रवार को उतरौला स्थित एम जे एक्टिविटी स्कूल में विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों की रुचि और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रबंधक समीर रिजवी और प्रधानाचार्य हिमांशु धर द्विवेदी के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, अंतरिक्ष विज्ञान, मानव शरीर रचना, प्रदूषण नियंत्रण और आधुनिक तकनीक जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मॉडल तैयार किए। इन मॉडलों के माध्यम से बच्चों ने न केवल वैज्ञानिक सिद्धांतों को समझाने का प्रयास किया, बल्कि समाज के लिए उपयोगी संदेश भी प्रस्तुत किए।

प्रदर्शनी में अर्पिता कौशल और सिमरन विश्वकर्मा ने मानव हृदय का मॉडल प्रस्तुत कर उसके कार्यों की जानकारी दी। वर्तिका मिश्रा, आस्था श्रीवास्तव, खुलूद परवीन और फैजिया खान ने स्मार्ट सिटी, प्रदूषण नियंत्रण और चंद्रयान मिशन पर आधारित मॉडल तैयार किया। वहीं नीशू कुमारी और वैष्णवी सोनी ने इलेक्ट्रोस्कोप मॉडल के माध्यम से विद्युत के सिद्धांतों को समझाया।

इसी क्रम में दीपांशी गुप्ता और आराध्या सोनी ने मानव फेफड़ों (ह्यूमन लंग्स) का मॉडल प्रस्तुत किया, जबकि अंश श्रीवास्तव, अर्नव सोनी, श्रेयांश गुप्ता, अनुभव और फैसल ने मॉडर्न इरिगेशन सिस्टम के माध्यम से आधुनिक सिंचाई पद्धति को दर्शाया। अलीशा परवीन, महम इमरान, इकरा हाशमी, मिधत फातिमा, दिव्यांश सिंह और अंश गुप्ता ने वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) का मॉडल प्रस्तुत कर जल संरक्षण का संदेश दिया।



इसके अलावा वारीसा, जेहरा, अश्मीत कौर, ताहिरा रिजवी और मरियम खान ने मानव नेत्र का मॉडल प्रस्तुत किया। अभय शर्मा, दानिश, राज विश्वकर्मा और अर्नव शर्मा ने कार्बन प्यूरीफायर का मॉडल बनाकर वायु शुद्धिकरण की प्रक्रिया को समझाया। आकांक्षा श्रीवास्तव और रितिक गुप्ता ने इलेक्ट्रिक सर्किट तथा कृष्णा गुप्ता, अली अहमद और मोहम्मद यूसुफ ने वाटर डिस्पेंसर इलेक्ट्रिक सर्किट का प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनी में राधिका पहवा ने चंद्रयान मिशन का मॉडल, शिवांश पाल, इरफान अहमद खान, आदर्श गुप्ता और बिलाल ने इलेक्ट्रिक बेल, अशरफ खान और काशिफ खान ने वाटर पॉल्यूशन एंड फिल्ट्रेशन, नितिन वर्मा, दीपक यादव और अतुल यादव ने ऑटोमेटिक हैंड सैनिटाइजर तथा रिदा फातिमा, अस्बाह मोईन सिद्दीकी, अदीबा खान और तबीर रिजवी ने डिफोरेस्टेशन पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किया।

इसी प्रकार मारिया खान, आयुषी शर्मा, नायला खान और गुरसीरत कौर ने डे एंड नाइट, पूर्णिमा और नाजिया फातिमा ने क्लाइमेट चेंज तथा फजिया खान और शांभवी मिश्रा ने डाइजेस्टिव सिस्टम का मॉडल प्रस्तुत किया। कुल मिलाकर लगभग 22 वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए गए, जिनकी सभी ने सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक समीर रिजवी और प्रधानाचार्य हिमांशु धर द्विवेदी ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए सभी मॉडलों का अवलोकन किया और उनके प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार की भावना को विकसित करती हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान से भी जोड़ना है।

प्रदर्शनी के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के आधार पर मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सिज्जू रिजवी, प्रिन्स कुमार मिश्रा, सुरज कुंवर, मिस्बा उस्मानी, फलक उस्मानी, पाकीजा फातिमा सहित अन्य शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन से विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला और अभिभावकों ने भी बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की। यह विज्ञान प्रदर्शनी विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक साबित हुई।

## मैनपुरी व इटावा में विकसित होगा सारस सर्किट

# सारस संरक्षण के साथ इको टूरिज्म को बढ़ावा : जयवीर



लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

योगी सरकार प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस यानि क्रेन के संरक्षण और इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सारस सर्किट की स्थापना कर रही है। सारस सर्किट का विकास प्रदेश के मैनपुरी और इटावा जिलों के वेटलैंड्स में किया जा रहा है। जिसके तहत मैनपुरी के किर्थुआ, सहस, कुर्रा जरावां, सौज एवं समन के साथ इटावा के सरसई नावर और परौली रमायण वेटलैंड एरिया में सारस सर्किट विकसित किया जा रहा है।

सारस सर्किट में सारस पक्षी के संरक्षण के साथ इको टूरिज्म की गतिविधियों को भी शामिल किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य सारस पक्षी और वेटलैंड्स संरक्षण के साथ स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देना है। यह स्थानीय लोगों की आय के अवसर उपलब्ध करवाएगा और सारस पक्षी और वेटलैंड्स के संरक्षण के लिए भी प्रेरित करेगा। इन परियोजनाओं का विकास ईको-टूरिज्म विकास बोर्ड के माध्यम से प्रदेश का वन विभाग कर रहा है।

दुनिया में सबसे लंबी उड़ान के लिए जाना जाने वाला सारस पक्षी, उत्तर प्रदेश का राजकीय पक्षी है। इसका आवास और प्रजनन क्षेत्र विशेषतौर पर राज्य के मैनपुरी, इटावा, एटा, अलीगढ़ की वेटलैड्स में है। जिसे ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार सारस पक्षी के संरक्षण के लिए सारस सर्किट का विकास कर रही है। जहां प्रदेश का वन विभाग, यूपी ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के माध्यम से क्षेत्र के उथले जलाशयों, तालाबों और अन्य वेटलैड्स को संरक्षित कर सारस पक्षी के अनुकूल बनाने का प्रयास कर रहा है। साथ ही क्षेत्र में ईको टूरिज्म की गतिविधियों को भी विकसित किया जा रहा है। मैनपुरी और इटावा जिलों के सारस सर्किट में प्रवेश द्वार, व्यू पॉइंट, डेक एवं बोटिंग स्पॉट, बटरफ्लाई गार्डन, सोलर साइट लाइटिंग, इंटरप्रिटेशन सेंटर, पार्किंग जैसी सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

### पर्यटकों में पर्यावरण संरक्षण व प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता में होगी बढ़ोतरी

सारस सर्किट में पर्यटकों की सुविधा के लिए सूचना केंद्र, ईको-टॉयलेट ब्लॉक, पार्किंग, इंटरैक्टिव साइनेज, फूड कियोस्क और ओडीओपी व स्मृति चिन्ह की दुकानें विकसित की जाएंगी। ये सुविधाएं पर्यटकों को सारस के प्राकृतिक आवास को देखने और समझने का अवसर प्रदान करेंगी। योगी सरकार की यह पहल न केवल सारस क्रेन और अन्य पक्षियों जैसे- ग्रे हेरॉन, ओपन-बिल्ड स्टॉर्क आदि की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि क्षेत्र के वेटलैंड्स के संरक्षण को भी बढ़ावा देगी। यह इन क्षेत्रों में भू-जल स्तर में वृद्धि के साथ ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों को कम करने और सतत विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित होगा। इन क्षेत्रों में इको टूरिज्म की गतिविधियों के विकास से स्थानीय समुदाय के लोगों की आय और रोजगार के अवसर मिलेंगे। स्थानीय लोगों और घूमने के लिए आने वाले पर्यटकों में पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता में बढ़ोतरी होगी।

# लखनऊ में पिंक रोजगार मेला कल

**▸ महिलाओं को नौकरी देंगी बड़ी कंपनियां**



लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश में महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ द्वारा पिंक रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला आठ मार्च को सुबह 10 बजे से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होगा। रोजगार मेले में केवल महिलाओं को मौका दिया जाएगा। इसमें 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग की अभ्यर्थी हिस्सा ले सकेंगी।

कार्यक्रम में 10वीं, 12वीं, बीबीए, एमबीए, बीटेक, फार्मेसी सहित स्नातक और स्नातकोत्तर योग्यता रखने वाली महिलाएं भाग ले सकती हैं। रोजगार मेले में 45 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां विभिन्न पदों के लिए चयन करेंगी। इनमें फ्लिपकार्ट, इंफ्रेबे एआइ, आइसीआइसीआइ बैंक, जियो, एयरटेल, बजाज मैक्स, अमेजन डिजिटल केंद्र, महिंद्रा फाइनेंस, केएफसी समेत कई अन्य कंपनियां शामिल होंगी।

रोजगार मेले में भाग लेने के लिए पंजीकरण मुफ्त है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर आनलाइन पंजीकरण कर सकती हैं। क्यूआर कोड स्कैन कर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए पांच रोजगार मेले आयोजित करने की तैयारी है। एक लाख युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। रोजगार मेले लखनऊ, मुजफ्फरनगर, झांसी, गोरखपुर और वाराणसी में आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक रोजगार मेले में 100 निजी कंपनियां हिस्सा लेंगी। पांचों मेलों में 500 से अधिक कंपनियों की भागीदारी होगी।

## खबरें एक नजर में

### लखनऊ में कानपुर के क्लीनर की संदिग्ध हालत में मौत, ट्रक के पास मिला शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक ट्रक क्लीनर संदिग्ध हालत में मृत पाया गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान कानपुर के सजेती घाटमपुर थाना क्षेत्र के खानपुर गांव निवासी 32 वर्षीय अमित कुमार के रूप में हुई है। वह अपने गांव के प्रदीप के ट्रक पर क्लीनर का काम करता था। बुधवार को अमित और प्रदीप पुणे से टाटा के पार्ट्स लेकर सरोजनी नगर के नादरगंज स्थित मलूक इंडस्ट्रीज कंपनी पहुंचे थे। कंपनी में छुट्टी होने के कारण उनकी गाड़ी खाली नहीं हो पाई, जिसके चलते दोनों ट्रक सहित वहीं रुक गए। इस दौरान अमित ने बुधवार और गुरुवार को कथित तौर पर अत्यधिक शराब पी। चालक प्रदीप ने गुरुवार रात अमित को नशे की हालत में ट्रक के केबिन में बिठाया और दोनों वहीं सो गए। शुक्रवार सुबह जब प्रदीप नींद से जागा, तो अमित ट्रक के अंदर नहीं मिला। प्रदीप ने नीचे उतरकर देखा तो अमित ट्रक के पास जमीन पर अचेत अवस्था में पड़ा था। प्रदीप ने तुरंत उसे सरोजनी नगर सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का प्रारंभिक आकलन है कि अमित की मौत अत्यधिक शराब पीने से हुई है। हालांकि, मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### दवा लेने जा रही प्रिंसिपल की सड़क हादसे में मौत, ट्रॉमा सेंटर में तोड़ा दम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के काकोरी थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में मदरसे की प्रिंसिपल की मौत हो गई। वह अपनी शुगर-बीपी की दवाई लेने के लिए घर से पैदल ही निकली थीं। सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद उन्हें ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अंधे की चौकी सिकरौल निवासी फातिमा खान (39) मदरसे की प्रिंसिपल थीं। उनके पति शाहिद अनवर भी उसी मदरसे में पढ़ाते हैं। दो बेटियां हैं। परिजनों के मुताबिक, 3 मार्च की शाम फातिमा घर से दवा लेने के लिए निकली थीं। इसी दौरान वह पैदल सड़क पार कर रही थीं, तभी तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। बाइक पर तीन युवक सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि फातिमा गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनके सिर में पीछे और हाथ-पैर में काफी चोट आई। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। शुक्रवार सुबह उनकी हालत बिगड़ गई और इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में तहरीर नहीं मिली है। बाइक को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। घटना स्थल के पास सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### मर्चेंट नेवी अफसर के घर चोरी, जेवरात-नकदी समेत लाखों का सामान उड़ाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज क्षेत्र में एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात, नकदी और महत्वपूर्ण कागजात चुरा लिए। घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह पड़ोसियों ने मकान मालिक को फोन पर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। यह मकान मर्चेंट नेवी के चीफऑफिसर शैलेंद्र यादव का है, जो डॉन बॉस्को इंस्टीट्यूट के पीछे मोहनलालगंज में स्थित है। शैलेंद्र यादव के भांजे विशेष यादव, जो एक निजी अस्पताल में सुपरवाइजर हैं, वर्तमान में इस मकान में रह रहे थे। विशेष यादव मूल रूप से कानपुर देहात के जैनपुर निवासी हैं। पीड़ित विशेष यादव ने पुलिस को बताया कि वह पिछले चार दिनों से घर पर नहीं थे। इसी दौरान चोरों ने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर से सोने-चांदी के जेवरात, लगभग दस हजार रुपये नकद, मकान की रजिस्ट्री और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज चुरा लिए। पीड़ित के अनुसार, चोरों ने घर के लगभग हर दरवाजे का ताला तोड़ा और सामान खंगाला। वे आधी बोरी में रखे ड्राई फ्रूट्स भी अपने साथ ले गए। चोरी हुए सामान का विस्तृत विवरण बाद में दिया जाएगा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और चोरों की तलाश में जुट गई है।

### सड़क हादसे में बाइक मैकेनिक की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के माल थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात हुए एक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल मैकेनिक विशाल की मौत हो गई। उन्हें एक तेज रफ्तार टैंकर ने टक्कर मार दी थी, जिसके बाद इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, रामनगर निवासी विशाल अपनी बाइक से रुदान खेड़ा किसी काम से जा रहे थे। रुदान खेड़ा पुलिया के पास सामने से आ रहे भारत पेट्रोलियम के एक तेज रफ्तार तेल टैंकर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विशाल गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तत्काल घायल विशाल को इलाज के लिए सीएचसी माल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने टैंकर को जब्त कर थाने ले गई। विशाल की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान विशाल की मौत हो गई। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया, जिन्होंने अंतिम संस्कार कर दिया। माल पुलिस ने टैंकर के नंबर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक विशाल के परिवार में उनके पिता सुरेंद्र और माता सविता सहित सभी सदस्य गहरे सदमे में हैं। इस घटना से पूरे परिवार में मातम छा गया है।

# उत्कृष्ट कार्य के लिये आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सम्मानित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शहर में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लीना जौहरी, अतिरिक्त मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उनके द्वारा स्थानीय स्तर पर बच्चों के लिए तैयार किए गए लर्निंग मटेरियल का एक स्टॉल भी लगाया गया।

यह कार्यक्रम स्वयंसेवी संस्था सेसमी वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट द्वारा मैरिको लि. के सहयोग से आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम निहार शांति पाठशाला फनवाला (मैरिको सीएसआर इनीशिएटिव) के अंतर्गत समर्थित है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लीना जौहरी, अतिरिक्त मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग ने अपने संबोधन में कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़े किसी भी कार्यक्रम की धुरी हमारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां हैं और आज का दिन उनके योगदान को सम्मानित करने का दिन है।

सेसमी वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी सोनाली खान ने बताया कि बहराइच में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ एक कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जो प्रारंभिक बाल विकास कार्यक्रम का हिस्सा है। इसके अंतर्गत बहराइच जिले के 100 आंगनबाड़ी केंद्रों में छोटे बच्चों के लिए फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार और विकास साझेदारों के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर किया जा सकता है। इस अवसर पर उपनिदेशक सेराज अहमद, मैरिको लिमिटेड के सीएसआर मैनेजर सत्या नायडू तथा सीडीपीओ हुजूरपुर विमल सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बहराइच की 30 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इन कार्यकत्रियों ने प्री-स्कूल शिक्षा को बढ़ावा देने, अभिभावकों की सहभागिता बढ़ाने तथा बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## यूपीएससी रिजल्ट्स में लखनऊ के मेधावियों का दबदबा

**विमल कुमार को मिली 107वीं रैंक, आदर्श 347वें पायदान पर**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के मेधावियों ने यूपीएससी रिजल्ट्स में बेहतरीन रैंक हासिल की हैं। विमल कुमार को ऑल इंडिया 107वीं रैंक मिली हैं, जबकि अलीगंज निवासी आदर्श पांडेय को 347वीं रैंक प्राप्त हुई है। अमेठी जिले के संग्रामपुर के रहने वाले आदर्श ने अपनी इंटरमीडिएट की पढ़ाई लखनऊ पब्लिक स्कूल की जानकीपुरम ब्रांच से की है। उसके बाद सिटी लॉ कॉलेज चिनहट से एलएलबी ऑनर्स किया है। वह इससे पहले यूपीएससीसीएसई-2024 भी पास कर चुके हैं। उसके बाद भारतीय डाक सेवा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। आदर्श का कहना है कि सेल्फस्टडी और मजबूत योजना बनाकर कामयाबी हासिल की है।

# आधुनिक होंगें नगर निगम के कल्याण मण्डप, एक अप्रैल से किराया बढ़ा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

नगर निगम द्वारा संचालित कल्याण मण्डप अब आधुनिक तो होगें ही साथ ही इनका एक अप्रैल से किराया भी बढ़ा दिया गया है। शहर में शादी-ब्याह और पारिवारिक आयोजनों के लिए नगर निगम के कल्याण मंडप अब पहले से महंगे हो जाएंगे।

नगर निगम ने अपने सभी 11 कल्याण मंडपों का किराया 40 प्रतिशत तक बढ़ाने का फैसला लिया है। नई दरें आगामी 1 अप्रैल से लागू होंगी। यही नही जिन लोगों ने पहले से ही इन मंडपों की बुकिंग कर रखी है, लेकिन उनका कार्यक्रम 1 अप्रैल के बाद निर्धारित है, तो उन्हें पुराने किराये के बजाय बढ़ी हुई दरों के अनुसार भुगतान करना होगा।

अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त ने बताया कि नगर निगम की सदन, कार्यकारिणी की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि सभी कल्याण मंडपों का किराया 40 प्रतिशत तक बढ़ाया जाए।

इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल चुकी है और इसे 1 अप्रैल से लागू किया जा रहा है। शहर में नगर निगम के कुल 11 कल्याण मंडप संचालित हो रहे हैं। इन सभी के किराये में समान रूप से वृद्धि की जाएगी। याद हो कि लंबे समय से किराया नहीं बढ़ाया गया था, जबकि रखरखाव और अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च लगातार बढ़ रहा है।

इसी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इन मंडपों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की भी तैयारी की जा रही है।

# डिलीवरी के बाद महिला को मृत घोषित किया, हंगामे पर आईसीयू से निकली जिंदा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



मोहनलालगंज में प्राइवेट हॉस्पिटल ने डिलीवरी के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। परिजनों से डेथ सर्टिफिकेट पर साइन भी करा लिया। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा शुरू किया तो आईसीयू से महिला को जिंदा निकाला गया। स्थिति गंभीर होने पर उसे बलराम अस्पताल फिर वहां से केजीएमयू रेफर किया गया। हालांकि, करीब 6 घंटे बाद महिला को बचाया नहीं जा सका।

घटना पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन योजना स्थित कृष्णा लाइफ लाइन हॉस्पिटल की है। महिला की पहचान इस्माइल नगर, नगराम निवासी आशु रावत की पत्नी चांदनी कुमारी (22) के रूप में हुई है। गुरुवार को उसने कृष्णा लाइफलाइन अस्पताल में ऑपरेशन के बाद बेटे को जन्म दिया था। शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे उसकी केजीएमयू में मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, चांदनी कुमारी को गुरुवार सुबह प्रसव पीड़ा हुआ। डिलीवरी के लिए दोपहर करीब 12 बजे उसे कृष्णा लाइफलाइन अस्पताल में भर्ती कराया गया। शाम करीब 7 बजे उसने ऑपरेशन से बेटे को जन्म दिया। उसके बाद डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर बताते हुए आईसीयू में शिफ्ट कर दिया। महिला के ससुर अनिल कुमार ने बताया आईसीयू में भर्ती शिफ्ट करने के बाद हॉस्पिटल प्रशासन इलाज के नाम पर बार-बार पैसे जमा कराता रहा। पहले 15 हजार रुपये जमा कराए। फिर 18,500 और 25 हजार रुपए जमा कराए। परिजनों से खून लेकर रातभर चढ़ाते रहे। भाई दिनेश ने बताया आज सुबह डॉक्टरों ने 8 यूनिट और खून चढ़ाने के लिए कहा। सुबह करीब 7 बजे मैंने 8 लोगों को खून देने के लिए बुला लिया। इस बीच हॉस्पिटल का स्टाफ कई तरह की बातें बताकर गुमराह करता रहा, फिर कहा कि तुम्हारे मरीज की मौत हो गई है। उसके बाद डेथ सर्टिफिकेट पर साइन भी करवा लिया। महिला की मौत की खबर सुनकर परिजनों ने हंगामा शुरु कर दिया। इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। हॉस्पिटल प्रबंधन से महिला को दिखाने के लिए कहा। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। हंगामा बढ़ता देखकर हॉस्पिटल प्रबंधन ने महिला को आईसीयू से बाहर निकाला तो उसकी सांसें चल रही थीं। तब तक पुलिस भी पहुंच गई। हॉस्पिटल ने महिला को रेफर किया। उसे एम्बुलेंस से बलरामपुर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर बताते हुए उसे केजीएमयू रेफर कर दिया। केजीएमयू में इजाला के दौरान दोपहर करीब 1 बजे महिला की मौत हो गई।

# कांशीराम की 92वीं जयंती पर मायावती दिखाएंगी ताकत

**▸ राजधानी में जुटेंगे हजारों कार्यकर्ता**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।





सत्ता का वनवास और अपनी पहचान, विचारधारा व अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्ष कर रही बसपा सुप्रीमो एक बार फिर एक्टिव मोड में नजर आ रह है। चुनाव दर चुनाव हर के बाद भी मायावती ने फिर से कार्यकताओं एंव संगठन को धार देने में जुट गई है। दरअसल, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने पार्टी संस्थापक कांशीराम की 92वीं जयंती के अवसर पर 15 मार्च को 'लखनऊ चलो' का आह्वान किया है। इस दिन राजधानी में बसपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों का बड़ा जमावड़ा होने की संभावना है। कार्यक्रम का आयोजन पुरानी जेल रोड स्थित कांशीराम स्मारक स्थल पर किया जाएगा। पार्टी नेताओं के मुताबिक जयंती कार्यक्रम में प्रदेश के 12 मंडलों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक लखनऊ पहुंचेंगे। इस मौके पर पार्टी संस्थापक कांशीराम को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी और संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को संदेश भी दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार बसपा सुप्रीमो मायावती भी लखनऊ में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित कर सकती हैं। हालांकि पार्टी की ओर से उनके कार्यक्रम को लेकर आधिकारिक घोषणा अभी नहीं की गई है, लेकिन कार्यकर्ताओं में इसे लेकर उत्साह देखा जा रहा है। इसी दिन नोएडा में भी कांशीराम की जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा पार्टी के केंद्रीय संयोजक आकाश आनंद राजस्थान के भरतपुर में एक जनसभा या रैली को संबोधित कर सकते हैं। बसपा का कहना है कि कांशीराम की जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों के जरिए पार्टी उनके विचारों और सामाजिक न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेगी।

# कूड़ा जलाकर एक्यूआई को और खराब कर रहा खुद नगर निगम

**▸ सफाईकर्मियों झाड़ू लगाने के बाद कूड़ा उठाने के बजाय उसमें आग लगाना अधिक आसान समझ रहे**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

स्वच्छता सर्वेक्षण में राजधानी को नंबर एक बनाने के लिये नगर निगम के साथ सफाईकर्मी जी जान से लगे हुए है। गलियों में सड़कों पर कूड़ा दिखाई न दे इसलिए कूड़े के ढेर को आग लगा कर अपने कर्तव्यों का पूरा पालन कर रहे है। सफाईकर्मियों द्वारा झाड़ू लगाने के बाद कूड़ा उठाने के बजाय उसमे आग लगाना अधिक आसान समझते है। कूड़े के ढेर में आग लगाने की घटनाये सुबह के समय सभी जोन में देखी जा सकती है। बस नगर निगम के जोन अधिकारी, सुपरवायजर को नहीं दिखायी देती है। ताजा मामला जोन-2 के राजाजीपुरम् वार्ड का है जिसमे सी-ब्लक स्थित सेंट जोसेफ विद्यालय के बाहर सफाईकर्मी ने एकत्र ढेर को उठाने के बजाय उसमें आग लगा दी। धुऑ उठने पर लोगों पानी डालकर आग को बुझाया। राजधानी के तालकटोरा इलाके का ताजा एक्यूआई 180-200 है जो पहले ही इलाके को खतरनाक स्थिति में प्रदूषित कर रहा है उसपर कूड़ा जलाने से और भी प्रदूषण को बढ़ा रहा है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51-ए में नागरिकों के ग्यारह वर्णित मौलिक कर्तव्यों में पर्यावरण संरक्षण का विशेष उल्लेख है जिनके पालन की सरकार नागरिकों से अपेक्षा रखती है। परंतु खुद नगर निगम व उसके कर्मचारी पर्यावरण संरक्षण का मजाक बना रहे है। खुले में कूड़ा लनाने की घटनाओं पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत भारी जुर्माने व सजा का प्रावधान है परंतु सभी नगरनिगम में जोन में खुलेआम कूड़ा जलाने वाले कितने नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों पर महापौर व नगर आयुक्त ने जुर्माना तो दूर की बात एक स्पष्टीकरण ही मांगा हो।

## दिल्ली-वाराणसी फ्लाइट लखनऊ डायवर्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दिल्ली से वाराणसी जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान (आईएक्स 1225) को शुक्रवार सुबह लखनऊ एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दिया गया। वाराणसी में खराब मौसम के कारण विमान वहां लैंड नहीं कर सका। इस उड़ान में 90 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे। एयर इंडिया एक्सप्रेस की यह उड़ान दिल्ली से सुबह रवाना हुई थी और इसे सुबह 8 बजे वाराणसी पहुंचना था। हालांकि, वाराणसी में शुक्रवार सुबह मौसम खराब होने के कारण विमान एयरपोर्ट पर उतर नहीं सका। विमान ने आसमान में कई चक्कर लगाए, लेकिन एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से उसे लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली। इसके बाद उड़ान को लखनऊ एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट कर दिया गया।

**तैयारी** | स्किलिंग व स्टार्टअप नीति से यूपी में इनोवेशन की लहर

# एआई प्रज्ञा प्रोग्राम से 10 लाख युवाओं को ट्रेनिंग का लक्ष्य

**▸ मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में 65 प्रतिशत हिस्सेदारी से बढ़ा टेक इकोसिस्टम**

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई आधारित स्किलिंग को बढ़ावा देने की दिशा में योगी सरकार लगातार नए कदम उठा रही है।

स्टार्टअप नीति और एआई प्रज्ञा प्रोग्राम के माध्यम से प्रदेश में नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में तैयारी जारी है। सरकार का लक्ष्य है कि एआई और डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में 10 लाख युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर उपलब्ध कराए जाएं। स्टार्टअप नीति, एआई स्किलिंग और तकनीकी निवेश के संयुक्त प्रयासों से प्रदेश के कानपुर, लखनऊ, नोएडा और वाराणसी जैसे शहरों में स्टार्टअप गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे एमएसएमई क्षेत्र को भी नई दिशा मिल रही है और युवा उद्यमिता को बढ़ावा मिल रहा है।

प्रदेश में टेक्नोलॉजी आधारित स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया एसटीपीआई की 400 यूनिट्स सक्रिय हैं। प्रदेश में 100 से अधिक स्टार्टअप इन्क्यूबेटर विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इन इन्क्यूबेटरों के माध्यम से





युवाओं को अपने नवाचार और तकनीकी विचारों को व्यवसाय में बदलने के लिए मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसी वैश्विक तकनीकी कंपनियों के साथ साझेदारी के माध्यम से युवाओं को आधुनिक डिजिटल स्किल्स, एआई तकनीक की ट्रेनिंग दी जा रही है।यूपी का इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र तेजी से विस्तार कर रहा है। देश में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में लगभग 65 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ प्रदेश एक बड़े विनिर्माण केंद्र के रूप में उभर रहा है। इससे स्टार्टअप और एमएसएमई क्षेत्र को नई ऊर्जा मिल रही है।

मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण से जुड़ी सप्लाई चेन में कई छोटे और मध्यम उद्योगों को नए अवसर मिल रहे हैं, जिससे रोजगार के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। युवाओं को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने के लिए 49 आईटीआई संस्थानों में एआई लैब स्थापित की जा रही हैं। इन प्रयोगशालाओं के माध्यम से छात्रों को एआई, डेटा एनालिटिक्स और उन्नत डिजिटल तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार करना और उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए सक्षम बनाना है। आईटी और तकनीकी क्षेत्र में बढ़ते निवेश का असर निर्यात पर भी दिखाई दे रहा है। प्रदेश से आईटी-आईटीईएस क्षेत्र का निर्यात लगातार बढ़ता जा रहा है, जो वर्तमान में 44 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। यह वृद्धि इस बात का संकेत है कि उत्तर प्रदेश तेजी से डिजिटल और तकनीकी नवाचार के केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

# गरीबों की दिल खोल कर सहायता करें : मौ. खालिद रशीद

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



रमजानुल मुबारक के तीसरे जुमे को जामा मस्जिद ईदगाह लखनऊ में अपने खुतबे में इमाम ईदगाह लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया ने कहा कि अल्लाह के इंआमों में से एक इंआम रमजानुल मुबारक का महीना है जिसमें एक एक नेकी का सत्तर से सात सौ गुना तक अल्लाह तआला अपने बंदों को सवाब देता है, इससे नेकी की ऐसी फिज़ा और माहौल बन जाता है कि बंदे के दिल का झुकाव बुराई की तरफ कम और अच्छाई की तरफ ज्यादा से ज्यादा हो। इसी मुबारक महीने में रोज़े जैसे अहम्तरीन रुक्न-ए-इस्लाम को फर्ज किया कि इसका दिन रोज़े की हालत में गुज़ारा जायेगा, इस में रोज़ा रखने का बदला अपने लिए खास़ किया। इसका पहला अशरा रहमत, दूसरा अशरा मग़फ़िरत और तीसरा अशरा जहन्नम से छुटकारा है। रमजानुल मुबारक के इस महीने में नेक अमल को आसान बनाने के लिए शैतानों को कैद कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि कुरान मजीद में तीन तरह के विषय हैं। एक अकीदा कि खुदा पाक पूरी दुनिया का मालिक है। उसने दुनिया को पैदा करके उसको दूसरों के हवाले नही कर दिया है बल्कि वह हर समय पूरी कायनात को अपनी मर्जी के मुताबिक़ चला रहा है। इस लिए हम सब को अपनी जरूरतें इसी एक मालिक के सामने रखनी चाहिएं। उसका बेहतरीन तरीका दुआ है। दुआ से बन्दे में खाक़सारी पैदा होती है जो खुदा पाक को बहुत पसंद है और दुआ न करने से तकब्बुर पैदा होता है जो खुदा पाक को सबसे अधिक नापसंद है।

मौलाना ने कहा कि इस माह की बहुत बड़ी बरकत है कि हम ने कुछ रातों में कुरान मजीद सुना। हम पर यह जिम्मेदारी है कि कुरान मजीद के अहकाम से वाकिफ हों। उसके हुकमों पर अमल करें। बाक़ी बचे हुए दिनों में फर्ज, सुन्नत, नवाफ़िल, तरावीह और तहज्जुद की पाबन्दी करें। शब-ए-कद्र का एहतिमाम करें। अपने माल की जकात निकालें, सदका फ़ित्र अदा करें ताकि गरीब भी ईद की खुशियाँ हासिल कर सकें। उन्होंने कहा कि यह महीना हमदर्दी और गमख्वारी का महीना है। इस का हम अमली सुबूत दें।

# नगर में 36वें होली मिलन समारोह में कलाकारों ने बिखेरी अनुपम छटा

- सांसद, विधायक समेत विभिन्न हस्तियों को किया गया सम्मानित

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नगर में 36वें होली मिलन समारोह का भव्यता पूर्ण ढंग से आयोजन किया गया । जिसमें बतौर अतिथि पधारे राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार, विधायक सलोना कुशवाहा, समेत विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले कई लोगों को पटका ओढ़ाकर व श्री राधाकृष्ण का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वृंदावन के स्टार झांकी ग्रुप के कलाकारों ने देवत्व स्वरूप झांकियों का मनोहारी प्रदर्शन कर सभी को भाव विभोर कर दिया। सभी ने परस्पर गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। गौर तलब है कि नगर पालिका परिसर में आयोजित 36 वें होली मिलन समारोह कार्यक्रम की वर्ष 1991 में नगर के प्रमुख उद्योगपति राकेश कुमार गुप्ता ने की थी। उनके असामयिक निधन के बाद उनके अनुज प्रदीप गुप्ता सर्राफ कमेटी सदस्यों के यह आयोजन अनवरत करते आ रहे हैं। होली मिलन समारोह आयोजन में व्यापारी नेता सौरभ गुप्ता रवि की महती भूमिका रहती है। गुरुवार को रात 8 बजे नगर पालिका परिसर में भव्य समारोह का गणेश पूजन के साथ शुभारंभ हुआ। वृंदावन व बनारस से आए कलाकारों ने शिव पार्वती, श्रीराधाकृष्ण, श्रीरामलला व अंजनी लाल, श्रीराधाकृष्ण मयूर भाव नृत्य समेत विभिन्न झांकियों का बेहतर प्रदर्शन कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस मौके पर राज्य सभा सांसद मिथलेश कुमार, विधायक सलोना कुशवाहा, डॉ रामसिंह कुशवाहा, यूपीएससी में 11 वीं रैंक हासिल कर फंड कमिश्नर पद पर सुशोभित हुई नगर की एकांक्षी गुप्ता, सीओ ज्योति यादव, कोतवाल जुगुल किशोर पाल, इंस्पेक्टर क्राइम सुनील यादव को आयोजक कमेटी की ओर से पटका ओढ़ाकर व श्री राधा कृष्ण चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य आयोजक प्रदीप गुप्ता सर्राफ, सौरभ गुप्ता रवि के अलावा अमित गुप्ता, कमलेश गुप्ता पप्पू, प्रमोद मिश्रा, अर्पित गुप्ता, नितिन गुप्ता एड, सतीश गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता एड, श्याम रस्तोगी, अजय गुप्ता उर्फ मल्लू भैया, राजेश गुप्ता, राजीव गुप्ता, साहू मनोज गुप्ता, मुकेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, दसीराम आर्य, राहुलदेव सागर एड, प्रदीप गुप्ता दीपू, शशांक गुप्ता, सुशील बाबू गुप्ता, शोभित गुप्ता, हरीश गुप्ता सोनू खन्ना, डॉ राजीवअग्रवाल, अशोक गुप्ता ठेकेदार, शिवम गुप्ता ठेकेदार, हरिमोहन गुप्ता, संजीव गुप्ता ठेकेदार, रामौतार गुप्ता, अरविंद रस्तोगी, वैभव रस्तोगी, पूर्व भाजपा नगराध्यक्ष संजय गुप्ता, मनोज प्रबल समेत तमाम गणमान्य प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## प्रभु मेरे कान्हा राधा जैसा मुझे फाग दे, होली के रंग काव्य के संग का आयोजन




**शाहजहांपुर।** महानगर के बिजलीपुरा में होली के संग काव्य के रंग शीर्षकीय काव्योत्सव का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ देश की जानी मानी कवयित्री उर्मिला श्रीवास्तव ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती की वंदना से किया। इसके बाद युवा कवि पियूष शर्मा ने अपनी बात कुछ इस तरह कही, होली के उल्लास में, ऐसा उड़ा अबीर। मीरा ने मोहन रंगे, तुलसी ने रघुवीर। कवयित्री उर्मिला श्रीवास्तव ने कुछ यूं स्वर दिया, खोल दिए हैं प्रसन्नताओं ने ह्रदय के द्वार, अंग अंग में उमंग, उत्सव मना रही। संचालक कुलदीप दीपक ने सुनाया कि, छोड़ के विराग भर उर अनुराग जाग, प्रभु मेरे कान्हा राधा जैसा मुझे फाग दे। कवयित्री सुमन पाठक ने सुनाया कि, होली में रंग गुलाल उड़ै। इसकी बखरी उसकी बारी। ओज के कवि सुशील दीक्षित विचित्र ने कहा कि, होली हो ली साथ में, लिए अबीर गुलाल। धरती को धानी रंगा, प्राची कर दी लाल। व्यंग्यकार उमेश चन्द्र सिंह ने सुनाया कि, हम अपना घर फूंके किसी से क्या मतलब। चाहें जहां थूकें किसी से क्या मतलब। देश हमारा है और हमें आजादी है, चाहें जैसे इसे लूटें किसी से क्या मतलब। इस दौरान राजू बग्गा और नवनीत पाठक ने कवियों को टोपी पहनाकर और पक्का चढ़ाकर स्वागत किया। आयोजक नरेंद्र यादव ने सभी का आभार जताकर उपहार प्रदान किए।

## ट्रेन में यात्री की तबियत बिगड़ी

**रोजा, शाहजहांपुर।** कटिहार अमृतसर होली स्पेशल के कोच नंबर एड टू बर्थ नंबर वन पर सोमानी सिंह 28 वर्ष नरकटियागंज से सहारनपुर जा रहे थे ट्रेन में अचानक स्वास्थ्य खराब होने से ट्रेन में चल रहा है टीटी को बताया टीटी ने कंट्रोल बताया कंट्रोल के आदेश पर ट्रेन को शाहजहांपुर स्टेशन पर रोका गया। जहां प्राथमिक उपचार का ट्रेन को आगे रवाना किया गया। वहीं दूसरी ओर एक 5273 सत्याग्रह एक्सप्रेस आदित्य प्रताप सिंह 20 वर्ष ट्रेन में यात्रा कर रहे थे। सीतापुर से ट्रेन निकलने के बाद पेट में गैस बनने लगी ट्रेन में चल रहा है टीटी को बताया टीटी ने कंट्रोल बताया कंट्रोल के आदेश पर ट्रेन को शाहजहांपुर में रोका गया जहां प्राथमिक उपचार का ट्रेन को आगे रवाना किया गया इस बीच दोनों ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 3 पर 10 मिनट खड़े रहे उसके बाद आगे के लिए रवाना किया गया स्टेशन अधीक्षक श्री तोमर ने बताया कंट्रोल के आदेश पर यात्रियों का प्राथमिक उपचार किया गया उसके बाद ट्रेन को आगे रवाना किया।

# विधायक के पति पर तमंचा तानने वालों पर एफआईआर

- भाजपा कार्यकर्ता की तहरीर पर दो नामजद सहित अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट
- आखत डालने के दौरान कुछ युवकों ने दी थी डॉ. रामसिंह को धमकी

**निगोही-शाहजहांपुर।** तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा और उनके पति डा. राम सिंह कुशवाहा को गाली और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो नामजद और उसके अन्य साथियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह मुकदमा अजीजपुर के भाजपा कार्यकर्ता मुनेन्द्र कुमार सिंह की तहरीर पर दर्ज किया गया। मुकदमे में युवको पर गाली-गलौच, जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। मामले की विवेचना एसओ अशोक कुमार सिंह करेगे। बुधवार सुबह 10.30 बजे की बात है। तिलहर की भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा के पति बरेली के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राम सिंह कुशवाहा अपने आवास से कार्यकर्ताओ के साथ निगोही के भगतसिंह चौराहे पर रखी होलिका में आखत डालने जा रहे थे। कार्यकर्ता अभी रास्ते मे ही पहुंच पाए थे, कि कुछ युवक देखते ही तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा और उनके पति डा. रामसिंह कुशवाहा के लिए अश्लील शब्द बोलने लगे। पीछे चल रहे मुनेन्द्र कुमार सिंह, राजीव प्रताप सिंह, दिनेश सिंह और अभिषेक कुमार ने जब गाली का विरोध किया, तो युवक उन पर सीधे हो गए। आरोप है कि उक्त युवक जान से मारने की धमकी देते हुए पूर्व विधायक के आवास में घुस गए। पुलिस ने अजीजपुर गांव के भाजपा कार्यकर्ता मुनेन्द्र कुमार सिंह उर्फ कल्लू की तहरीर पर गोविन्द, आदित्य और अन्य साथी निवासीगण अज्ञात के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 131,352, 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियो की तलाश शुरू कर दी। डा. राम सिंह कुशवाहा ने बताया कि गाली देनेघ् बाले युवको के इरादे अच्छे नही थे।घ् गाली गलौज करनेघ् के बाद सब तमंचा लहराते हुए पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा के आवास में घुस गए। पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने कहा कि उनका और उनके परिवार का इस घटना से कोई लेना-देना नही है। राजनैतिक विरोध की बजह से उनका नाम घसीटा जा रहा है। जब यह घटना घटी तो आवास पर कोई नही था।

# एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं



**शाहजहांपुर।** एसपी राजेश द्विवेदी द्वारा एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे के साथ कार्यालय पर आए फरियादियों की जनसुनवाई की। एसपी ने समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना तथा फरियादियों को न्याय का भरोसा दिलाते हुए उनकी समस्याओं व प्रार्थना पत्रों का न्यायोचित निस्तारण करने को सम्बन्धित को निर्देशित किया।

# विकास की राह पर शाहजहांपुरः आयुक्त

- दायित्व का निर्वाह करें जन सूचना अधिकारी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



राज्य सूचना आयुक्त डा. दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि शाहजहांपुर विकास की राह पर निरंतर प्रगति कर रहा है। जन सूचना अधिकारियों को इसमें अपने दायित्व का गम्भीरता के साथ निर्वाह करना चाहिए। उन्हें निर्धारित अवधि में आवेदनों का जवाब प्रेषित करना चाहिए। राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को यहां अच्छे अर्थो में सम्मान मिला। वर्तमान प्रदेश सरकार ने उनके नाम पर जिले को मेडिकल कॉलेज का उपहार दिया है। मेडिकल कॉलेज का इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुविधाएं विश्वस्तरीय हैं। एक जिला एक उत्पाद के साथ ही एक जिला एक मेडिकल कॉलेज योजना यहां चरितार्थ हो रही है। सीमेंट कंपनी समेत कई औद्योगिक कारखाने हैं। जरी-जरदोजी का जो हस्तशिल्प दम तोड़ने के कगार पर पहुंच चुका था, उसे अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल रही है। गंगा एक्सप्रेस वे से इस जनपद को व्यापक लाभ मिलेगा। औद्योगिक गलियारा का निर्माण प्रगति पर है।

## चाइनीज मांझे से एक व्यक्ति की कटी गर्दन, गंभीर घायल

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बाजपुर कुमिरखा निवासी रामलड़ैते पुत्र मोहनलाल और अनिल गंगवार शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे तिलहर से बाइक द्वारा अपने गांव लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि जब वह लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर सरयू के पास पहुंचे, तभी अचानक चायनीज मांझे की चपेट में आ गए। तेज धार वाले मांझे से उनका गला कट गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद रामलड़ैते ने किसी तरह बाइक रोकी और मदद के लिए आवाज लगाई। आसपास मौजूद राहगीरों और दुकानदारों ने जब उन्हें घायल अवस्था में देखा तो मौके पर भीड़ जुट गई। अनिल गंगवार ने लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कटरा लेकर पहुंचे। सीएचसी कटरा में डॉक्टरों ने घायल का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन गले पर गहरी चोट होने के कारण चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए उन्हें जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया। फिलहाल उनका उपचार बरेली के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। घायल रामलड़ैते ने बताया कि उन्हें रास्ते में मांझा दिखाई नहीं दिया था। उन्होंने बताया कि उन्हें यह भी जानकारी नहीं हो सकी कि मांझा किसी पेड़ में बंधा हुआ था या कोई पतंग उड़ा रहा था। अचानक गले में तेज झटका और दर्द महसूस हुआ, तब उन्हें पता चला कि वह चायनीज मांझे की चपेट में आ गए हैं। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में चायनीज मांझे को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह का खतरनाक मांझा पहले भी कई हादसों का कारण बन चुका है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि चायनीज मांझे की बिक्री और इस्तेमाल पर सख्ती से रोक लगाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# कृषि यंत्रों के चयन के लिए ई-लॉटरी आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि यन्त्रीकरण योजनान्तर्गत कृषि यंत्रों के चयन के लिए ई-लॉटरी जनपद स्तर पर गठित कार्यकारी समिति एवं कृषकों की उपस्थिति में आयोजित की गयी। जिसमें सभी विकासखण्डों से 57 कृषकों द्वारा अवेदन किया गया, जिनमें से लक्ष्यानुसार 16 कृषकों के चयन के आ ई-लॉटरी प्रक्रिया सम्पादित की गयी। ई-लाटरी में चयनित एवं प्रतीक्षारत कृषकों को उनके मोबाइल नम्बर पर एसएमएस के माध्यम से चयन एवं बिल अपलोड की अन्तिम तिथि 10 दिवस की सूचना पोर्टल के माध्यम से दी गयी है। डीडी कृषि ने बताया कि चयनित लाभार्थी द्वारा निर्धारित समयावधि में यन्त्र क्रय कर बिल अपलोड न करने की दशा में प्रतीक्षारत कृषक लाभार्थियों का चयन स्वतः ही किया जाएगा। ई-लाटरी प्रक्रिया में डीएम सहित उप कृषि निदेशक पीके मिश्रा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक, जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर, जिला गन्ना अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबन्धक, प्रगतिशील कृषक, स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# सीडीओ का जनसंवाद, शिकायतों का निस्तारण




**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

होली की छुट्टियों के बाद शुक्रवार को जनपद के सभी दफ्तरों में कामकाज शुरू हो गये। अधिकारियों ने समय से आफिस में बैठकर जनता की समस्याओं को सुना। इसी क्रम में सीडीओ डा.अपराजिता सिंह ने विकास भवन में आयोजित जनता दर्शन के दौरान आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। प्राप्त सभी प्रकरणों के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले का समाधान गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी तथा समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए।

# कोचिंग जा रही नाबालिग छात्रा से अश्लील हकरतें करने वालों पर एफआईआर

- 15 दिनों से छात्रा को कर रहे थे परेशान, शिकायत करने पर दी अंजाम भुगतने की धमकी, दहशत में दो छात्राएं छोड़ चुकी कोचिंग

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** कोतवाली क्षेत्र में कोचिंग पढ़ने जाने वाली कक्षा 10 की नाबालिग छात्रा से अश्लील हरकत और लगातार पीछा करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन अज्ञात बाइक सवार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पिता ने बताया कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री जलालाबाद के मेन चौराहा स्थित दुर्गा मेडिकल स्टोर के सामने एक कोचिंग सेंटर में पढ़ने जाती है। वह सुबह करीब 7:30 से 9 बजे तक और शाम 3:30 से 5 बजे तक कोचिंग के लिए आती-जाती है। आरोप है कि पिछले करीब 15 दिनों से तीन अज्ञात युवक मोटरसाइकिल से उसका पीछा कर रहे हैं। रास्ते में वे अश्लील टिप्पणियां और इशारे करते हुए छात्रा को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। इतना ही नहीं, आरोपियों ने छात्रा को पर्ची में अपना मोबाइल नंबर लिखकर दिया और उससे बात करने का दबाव बनाया। लगातार हो रही इस हरकत से छात्रा इतनी डर गई कि उसने परिजनों को पूरी बात बताई। बताया जा रहा है कि छात्रा के साथ पढ़ने वाली दो अन्य लड़कियां भी इन युवकों की हरकतों से डरकर कोचिंग जाना छोड़ चुकी हैं। पीड़ित पक्ष के अनुसार आरोपियों ने छात्रा को धमकी भी दी कि अगर उसने घर या थाने में शिकायत की तो अंजाम बहुत बुरा होगा। पिता का कहना है कि तीनों युवक दबंग और झगड़ालू किस्म के प्रतीत होते हैं। इस मामले में थाना पुलिस ने तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और उनकी पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच सहित अन्य कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# द अशोका लाइब्रेरी का उद्घाटन करेंगे वित्त मंत्री



**शाहजहांपुर।** पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से भेंट कर निगोही रोड अशोक विहार कॉलोनी में सम्राट अशोक पार्क के पास नवनिर्मित वातानुकूलित द अशोका लाइब्रेरी के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। जिसे उन्होंने स्वीकार कर आगामी 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस अपराह्न 4: 30 बजे लाइब्रेरी का उद्घाटन करने का निर्णय लिया। उद्घाटन समारोह में सांसद अरुण कुमार सागर, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, नगर आयुक्त डॉ बिपिन कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगें।

# अवैध तमंचा और कारतूस के साथ अधेड़ गिरफ्तार

- गश्त के दौरान मदनापुर पुलिस की कार्रवाई

**मदनापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक देशी तमंचा और तीन कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई 5 मार्च 2026 को उपनिरीक्षक मोहित कुमार अधाना और उनकी टीम ने गश्त के दौरान की। डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि ग्राम पाल गोटिया निवासी राजकुमार पुत्र दयाराम बंदूक लेकर लोगों पर हमला कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहां मौजूद एक व्यक्ति ने संदिग्ध की ओर इशारा किया। पुलिस ने जब उसे रोकने का प्रयास किया तो वह घबराकर तेजी से भागने लगा। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का देशी तमंचा और तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजकुमार पुत्र दयाराम निवासी ग्राम पाल गोटिया, थाना मदनापुर बताया। पुलिस ने आरोपी को धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। बरामद तमंचे और कारतूस को सील कर कब्जे में ले लिया गया है। इस मामले में मदनापुर थाने में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# बाढ़ समस्या के स्थायी समाधान हेतु 'हाइड्रोडायनामिक प्रवाह मॉडलिंग' का सहारा लेगा प्रशासन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान रुड़की के वैज्ञानिकों ने जिलाधिकारी के साथ बैठक की और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का 2 दिवसीय स्थलीय निरीक्षण शुरू हुआ। जनपद के शहरी क्षेत्र में गर्रा एवं खन्नौत नदियों से आने वाली बाढ़ की विभीषिका को नियंत्रित करने और भविष्य की योजनाओं के लिए सटीक वैज्ञानिक डेटा तैयार करने हेतु जिला प्रशासन ने बड़ी पहल की है। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय में राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान रुड़की के विषय विशेषज्ञ वैज्ञानिकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनआईएस रुड़की से आए वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एल. एन. ठकुराल एवं डॉ. पी. सी. नायक द्वारा एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। वैज्ञानिकों ने बताया किः शहरी क्षेत्र में हाइड्रोडायनामिक प्रवाह मॉडलिंग के माध्यम से नदियों के जल स्तर, प्रवाह की गति और जल भराव वाले क्षेत्रों का सटीक मानचित्रण किया जाएगा। डॉ. ठकुराल ने हरिद्वार में की गई सफल केस स्टडी का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार वैज्ञानिक मॉडलिंग से वहाँ बाढ़ प्रबंधन में व्यापक सुधार हुआ है। इसी तर्ज पर शाहजहाँपुर की बाढ़ की समस्या का विश्लेषण कर समाधान निकाला जाएगा।

जिलाधिकारी के निर्देश दिए कि वर्ष 2024 की बाढ़ के कारणों पर विशेष फोकस रहे। जिलाधिकारी ने बैठक में वैज्ञानिकों और विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए किः बदले हुए पैटर्न का अध्ययनः वर्ष 2024 से पहले स्थिति सामान्य थी, लेकिन 2024 के बाद बाढ़ की प्रवृत्ति में आए बदलावों का गहन अध्ययन किया जाए। क्षेत्र विस्तारः अध्ययन का दायरा केवल शहर तक सीमित न रहकर जनपद पीलीभीत के दियूनी डैम से लेकर शाहजहाँपुर के अंतिम छोर तक रखा जाए, ताकि पानी के डिस्चार्ज और रास्ते का सटीक आकलन हो सके। नदी का सुदृढ़ीकरणः वैज्ञानिक यह भी जांचें कि क्या नदियों में चैनल इक्विपमेंट लगाने या ड्रेजिंग (नदी की खुदाई/सफाई) की तत्काल आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि हाइड्रोडायनामिक मॉडलिंग के लिए आवश्यक समस्त तकनीकी डेटा वैज्ञानिकों को तत्काल उपलब्ध कराया जाए। काशीराम कॉलोनी और मनफूल कॉलोनी के नालों पर बाढ़ आने से पूर्व गेट लगवाने के निर्देश दिए गए, ताकि नदियों का बढ़ा हुआ पानी बस्तियों में वापस न आ सके। शाहजहाँपुर विकास प्राधिकरण के पुराने मास्टर प्लान का भी अध्ययन करने को कहा गया ताकि शहरी ड्रेनेज और निर्माण कार्यों का तालमेल बिठाया जा सके। वैज्ञानिकों की यह टीम 6 से 07 मार्च तक जनपद के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करेगी। इस दौरान वे नदियों के तटबंधों, शहरी ड्रेनेज आउटलेट्स और संवेदनशील इलाकों का जायजा लेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), बरेली से आए सीनियर हाइड्रोलॉजिस्ट, एनआइएच रुड़की के वैज्ञानिकगण एवं सिंचाई व राजस्व विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बंदरों के हमले से ग्रामीण छत से गिरकर गंभीर घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बंदरों के हमले से ग्रामीण छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन आनन फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां से डॉक्टर ने गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्र के गांव समधाना निवासी कामता प्रसाद सुबह छत पर थे। इसी दौरान बंदरों के झुंड ने अचानक उन पर हमला कर दिया। जिससे खौफजदा कामता प्रसाद बंदरों से बचने के चक्कर में भागे और वह हड़बड़ाहट में छत से नीचे जा गिरे । उधर ग्रामीणों ने बताया कि बंदरों के आतंक से पूरा गांव परेशान है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

**▶ घर से लौटते समय हादसा, इकलौते बेटे की मौत से परिवार में मचा कोहराम**

**शाहजहांपुर/खुटार, समृद्धि न्यूज।**

मैलानी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों का भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को खुटार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया।




जानकारी के अनुसार मृतक समीर (21) पुत्र मोहम्मद अनीस निवासी मोहल्ला बारखंड थाना पलिया जनपद लखीमपुर अपने दोस्तों के साथ शाहजहांपुर में किसी मित्र के घर गया हुआ था। देर शाम वह अपने साथियों के साथ बाइक से वापस पलिया लौट रहा था। रास्ते में मैलानी के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों युवक सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस के माध्यम से तीनों घायलों को खुटार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां चिकित्सकों ने समीर को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल शिवा कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी मोहल्ला बारखंड थाना पलिया तथा मुनीश कुमार (22) पुत्र सावरेन लाल निवासी ग्राम ढाकया थाना खीरा जनपद लखीमपुर का उपचार किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही खुटार थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि समीर अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी अचानक मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# प्रिया चौहान ने यूपीएससी में हासिल की 45वीं रैंक

**▶ होम मिनिस्ट्री दिल्ली में 2022 से है एकाउंट ऑफिसर**

**तिलहर - शाहजहांपुर ।** नगर निवासी पूर्व बीडीओ स्व कृपाल सिंह की धेवती व प्रमोद सिंह की भांजी ने होम मिनिस्ट्री दिल्ली में एकाउंट ऑफिसर पद पर सेवाएं देते हुए यूपीएससी परीक्षा में 45 वीं रैंक हासिल कर माता पिता के साथ ही ननिहाल पक्ष का भी गौरव बढ़ाया है । नगर के मौजमपुर निवासी स्व कृपाल सिंह की बेटी कमलेश चौहान व दामाद रविन्द्र सिंह चौहान की बेटी प्रिया सिंह ने 2022 में यूं तो होम मिनिस्ट्री दिल्ली में एकाउंट ऑफिसर पद पर ज्वाइनिंग की। लेकिन



आइ एएस ऑफिसर बनने का जुनून बरकरार रहा । और प्रिया ने यूपीएससी 2025 मेंस परीक्षा में 45 वीं रैंक हासिल कर माता पिता के साथ ही अपने ननिहाल पक्ष को भी गौरवान्वित किया है। प्रिया सिंह के पिता इलेक्ट्रिकल इंजीनियर पद से रिटायर हैं । जबकि प्रिय के बड़े भाई शांतनु सिंह चौहान स्वयं के हॉस्पिटल में रेडियोलॉजिस्ट की सेवाएं दे रहे हैं । प्रिया की इस उपलब्धि से काशीपुर में माता पिता व भाई के साथ ही तिलहर में पेट्रोलपंप स्वामी मामा प्रमोद कुमार सिंह भी बेहद प्रफुल्लित हैं।

## कार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, ट्रक से भिड़ी कार, दो युवकों की मौत, दो घायल

**शाहजहांपुर।** कटरा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-24 पर शुक्रवार को भीषण सड़क हादसे में लखनऊ के दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब हरिद्वार दर्शन के लिए जा रही कार को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसके बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा भिड़ी। जानकारी के अनुसार, लखनऊ के हसनगंज थाना क्षेत्र के डालीगंज मोहल्ले के निवासी मानसिंह और अमित अपने साथियों राहुल और मनोज के साथ कार से हरिद्वार जा रहे थे। शुक्रवार सुबह उनकी कार कटरा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-24 पर एक ढाबे के पास पहुंची ही थी कि पीछे से आए अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार चारों युवक बुरी तरह फंस गए। मौके से गुजर रहे लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद कार में फंसे युवकों को बाहर निकाला। सभी को इलाज के लिए बरेली के अस्पताल भेजा गया, लेकिन रास्ते में गंभीर चोटों के कारण मानसिंह और अमित ने दम तोड़ दिया। वहीं राहुल और मनोज का बरेली के अस्पताल में इलाज चल रहा है। कटरा थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे में दो युवकों की मौत हुई है, जबकि दो घायल हैं। सभी लखनऊ के रहने वाले हैं। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है और दोनों शवों का बरेली में पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### घर के दरवाजे पर फायरिंग, पिता पर धारदार हथियार से हमला

**पुवायां, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के बड़ागांव में घर के दरवाजे पर फायरिंग करने और विरोध करने पर पिता पर धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद समेत अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बड़ागांव निवासी शिवम पुत्र सुशील ने थाने में दी तहरीर में बताया कि घटना 5 मार्च 2026 को करीब 11 बजे दिन की है। आरोप है कि गांव का ही रोहित अपने भाई लाल और दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ उनके घर के दरवाजे पर पहुंचा और गालियां देते हुए फायरिंग करने लगा। पीड़ित के अनुसार जब उसने और उसके पिता ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने धारदार हथियार से उसके पिता के सिर पर वार कर दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आ गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि सूचना देने पर आरोपी उन्हें धमकी देते हुए चले गए और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपी समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं घायल का उपचार कराया गया है।

### दवा लेने गया व्यक्ति लापता, बेटे ने थाने में दर्ज कराई गुमशुदगी

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना पुवायां क्षेत्र में दवा लेने घर से निकले एक व्यक्ति के लापता होने का मामला सामने आया है। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो बेटे ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना पुवायां क्षेत्र के गांव बांसकिरायूं निवासी विवेक कुमार ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसके पिता नरेंद्र सिंह (करीब 45 वर्ष) 5 मार्च की सुबह करीब 10 बजे अपनी मोटरसाइकिल से बड़ागांव स्थित मेडिकल स्टोर से दवा लेने के लिए घर से निकले थे। आरोप है कि इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटे। काफी देर तक इंतजार करने के बाद परिवार के लोगों ने उन्हें फोन किया, लेकिन मोबाइल फोन भी बंद मिला। इसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने बेटे की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है और आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाने के साथ ही उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही व्यक्ति का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### आज डीएम सदर में सुनेंगे जनसमस्याएं

**शाहजहांपुर।** जनपद में आज शनिवार को सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें तहसील सदर में डीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा। कलान में सीडीओ, एडीएम वित्त पुवायां, तिलहर, जलालाबाद में संबधित एसडीएम शिकायतों का निस्तारण करेगे। वही जिला मुख्यालय पर एडीएम प्रशासन द्वारा समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

### पत्नी की कुल्हाड़ी से गला काटकर हत्या, आरोपी पति फरार



**फरेन्दा,महराजगंज।** फरेन्दा तहसील के अंतर्गत बृजमनगंज थाना क्षेत्र के सौरहा खास गांव में गुरुवार शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। एक युवक ने अपनी ही पत्नी की कुल्हाड़ी से गला काटकर निर्मम हत्या कर दी और वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान 23 वर्षीय नजमा खातून के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि करीब डेढ़ वर्ष पहले नजमा की शादी सौरहा खास निवासी मुर्तजा के साथ हुई थी। विवाह के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा था। मृतका की मां आयशा खातून के मुताबिक, लगातार हो रही प्रताड़ना से परेशान होकर नजमा अपने मायके बारगाहपुर चली गई थी। बाद में दोनों के बीच आपसी सहमति से अलगाव भी हो गया था। बताया जा रहा है कि गुरुवार को नजमा अपनी मां के साथ ससुराल पहुंची थी, जहां दहेज में दिए गए सामान को वापस लेने की बात चल रही थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया और गुस्से में आकर पति मुर्तजा ने घर में रखी कुल्हाड़ी से नजमा के गले पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही फरेंदा क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार और बृजमनगंज थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है। सीओ का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला दहेज हत्या से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। आरोपी पति घटना के बाद से फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। मामले की गहन जांच की जा रही है।

### जिला अस्पताल में दिल के मरीजों को मिलेगा इलाज

**महराजगंज।** जिलेवासियों के लिए राहत भरी खबर है। हार्ट अटैक के मरीजों को इलाज कराने के लिए अब गैर जनपद नहीं जाना पड़ेगा। जिला अस्पताल में त्वरित इलाज की सुविधा मिलेगी। इसके लिए अस्पताल में छह बेड कार्डियोलोजी यूनिट संचालित होगी। प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 100 बेड वाले जिला अस्पताल में हर रोज करीब एक हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इसमें दिल के मरीज भी शामिल हैं। लेकिन कोर्डियोलोजिस्ट की तैनाती नहीं होने से ऐसे मरीजों को प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया जाता है। त्वरित इलाज नहीं मिलने से मरीज की सांसत हो जाती है। शासन ने ऐसे मरीजों को त्वरित इलाज देने की व्यवस्था करने का आदेश दिया है। शासन के आदेश मिलते ही अस्पताल प्रशासन हरकत में आ गया है।जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. एके द्विवेदी ने कहा, हार्ट अटैक के मरीजों को तत्काल प्राथमिक इलाज देने के लिए छह बेड की यूनिट संचालित होगी। इसके लिए कोशिश तेज कर दी गई है। ऐसे मरीजों को इलाज देने के लिए अस्पताल के डॉक्टरों को प्रशिक्षित किया गया है। बहुत जल्द यूनिट संचालित हो जाएगी।अस्पताल के प्रथम तल पर संचालित होगी यूनिटअस्पताल प्रशासन प्रथम तल पर छह बेड का कार्डियोलोजी यूनिट संचालित करेगा। यूनिट में वेंटिलेटर और ईसीजी की सुविधा रहेगी। हार्ट अटैक के गंभीर मरीजों को भर्ती कर देखभाल की जाएगी। प्राथमिक इलाज के बाद हालत में सुधार नहीं होने पर मेडिकल कालेज रेफर किया जाएगा।प्रशिक्षित डॉक्टर हार्ट के मरीजों को देंगे इलाजहार्ट अटैक के मरीजों को त्वरित इलाज देने के लिए शासन ने अस्पताल के सभी डॉक्टरों को प्रशिक्षित किया है। ऐसे में यूनिट संचालित होते ही दिन के हिसाब से डॉक्टरों की ड्यूटी लगेगी।

### तेंदुए की दहाड़ से दहशत में लोग, लंबे समय से बना डर

**महराजगंज।** घुघली थाना क्षेत्र के पकड़ियार विशुनपुर गांव में तेंदुए की धमक से लोगों में दहशत बनी हुई है। गांव के लोगों के अनुसार पिछले 15 महीने से तेंदुआ आसपास ही मंडरा रहा है। बुधवार की रात उसकी दहाड़ मुर्गी फार्म की ओर लोगों ने सुनने की बात कही। बात में वह सागौन के घने बागीचे की ओर चला गया। भुवना से पकड़ियार विशुनपुर मार्ग पर पकड़ियार विशुनपुर व कोटिया गांव छोटी गंडक नदी की तलहटी पर बसे हैं। इन दोनों गांवों के बीच घना सागौन का बाग व झाड़ियों से पटा धूस है। इन्हीं के बीच लंबे समय से तेंदुए की धमक बने होने की बात कही जा रही है। गांव के धनंजय यादव, राजू, कविलेश, दीनानाथ, छेड़ी यादव, हरिंदर व गुड्डू आदि ने बताया कि यह तेंदुआ एक वर्ष से अधिक समय से इस क्षेत्र के घने बागीचे व झाड़ियों में रह कर शिकार तलाशता है। रात में अक्सर मुर्गी फार्म की ओर निकल पड़ता है। इससे लोगों में दहशत बना हुआ है। वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई तो उसे पकड़ने के लिए पिंजड़ा लगाया गया, लेकिन तेंदुआ पकड़ में नहीं आया।

## आखत डालने को लेकर विवाद, युवक से गाली-गलौज का आरोप

**शाहजहांपुर।** मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव बहरिया निवासी सत्यवीर पुत्र हरिपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह होली के अवसर पर गांव में आखत डालने गया था। आरोप है कि उसी दौरान गांव के आयुष पुत्र बबलू, रक्षे पुत्र पप्पू, पीके उर्फ कल्लू पुत्र शिशुपाल, गोलू पुत्र चुन्नू, अंशुल पुत्र चुन्नू तथा बबलू उर्फ छोटू पुत्र रघुराज समेत अन्य लोग वहां आ गए। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे आखत डालने से रोकते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली–गलौज की और कहा कि तुम यहां आखत नहीं डाल सकते। विरोध करने पर आरोपित मारपीट के लिए दौड़ पड़े। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# आगामी त्योहारों को लेकर खुदागंज थाने में पीस कमेटी की बैठक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय नजर आ रहा है। इसी कड़ी में खुदागंज थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।



जनपद के थाना खुदागंज परिसर में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने क्षेत्राधिकारी तिलहर के साथ पीस कमेटी की बैठक की। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं, व्यापारियों और पीस कमेटी के सदस्यों के साथ संवाद कर आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा न करने की भी अपील की गई। बैठक में मौजूद लोगों ने भी अपने सुझाव साझा किए, जिस पर पुलिस प्रशासन ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है। इस दौरान थाना प्रभारी खुदागंज सहित अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु, व्यापारी और पीस कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

# छोटे लाट साहब का जुलूस सकुशल संपन्न कराने में घायल हुए इंस्पेक्टर

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

**▶ मौजूद पुलिसकर्मी तुरंत उन्हें बाइक से लेकर पहुंचे मेडिकल कॉलेज**

**▶ हुरियारों को बचाते समय ट्रैक्टर के पहिए से दबा पैर, तीन उंगलियां टूटीं**

होली के अवसर पर निकाले जाने वाले पारंपरिक छोटे लाट साहब के जुलूस को सकुशल संपन्न कराने में थाना रामचंद्र मिशन के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र गुप्ता घायल हो गए। हुरियारों को ट्रैक्टर के पहिए से बचाने के प्रयास में उनका पैर ट्रैक्टर के नीचे आ गया, जिससे वह चोटिल हो गए। जानकारी के अनुसार थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के सराय काइयां मोहल्ले से होली के मौके पर हर वर्ष की तरह इस बार भी छोटे लाट साहब का जुलूस ट्रैक्टर-ट्रॉली पर निकाला जा रहा था। जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में हुरियारे ट्रैक्टर के आसपास चल रहे थे। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र गुप्ता ट्रैक्टर के दाई ओर पैदल चलकर व्यवस्था संभाल रहे थे और लोगों को ट्रैक्टर के पहियों से दूर रहने की लगातार हिदायत दे रहे थे। बताया जाता है कि जुलूस जब पुतूलाल चौराहे से आगे बढ़ा तो अचानक कुछ हुरियारे ट्रैक्टर के आगे आ गए, जिनमें दो-तीन लोग गिर भी पड़े। इस दौरान उन्हें हटाकर सुरक्षित करने की कोशिश में प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र गुप्ता खुद ट्रैक्टर के पहिए की चपेट में आ गए और उनका पैर दब गया। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मौजूद पुलिसकर्मी तुरंत उन्हें बाइक से मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि उनके पैर की तीन उंगलियां टूट गई हैं। इसके बावजूद पुलिस बल ने जुलूस की व्यवस्था संभालते हुए कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराया। प्रभारी निरीक्षक के साहस और कर्तव्यनिष्ठा की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# आम के पेड़ से लटका मिला 18 वर्षीय युवक का शव, गांव में सनसनी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

**▶ हत्या या आत्महत्या, पुलिस हर एंगल से कर रही जांच**



थाना रोजा क्षेत्र के गांव पींग में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब खेत में खड़े आम के पेड़ से एक युवक का शव लटकता हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। गांव पींग निवासी गौरव (18) पुत्र महेश का शव उसके ही खेत में खड़े आम के पेड़ से लटका हुआ मिला। सुबह खेत की ओर गए ग्रामीणों की नजर जब शव पर पड़ी तो उन्होंने परिजनों को सूचना दी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ लग गई और परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर थाना रोजा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके से साक्ष्य एकत्र कर बारीकी से जांच पड़ताल की। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक तौर पर मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर यह जानने का प्रयास कर रही है कि मामला आत्महत्या का है या इसके पीछे कोई अन्य वजह है।

# अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** मदनापुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक देशी तमंचा और तीन कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई 5 मार्च 2026 को उपनिरीक्षक मोहित कुमार अधाना और उनकी टीम ने गश्त के दौरान की। डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि ग्राम पाल गोटिया निवासी राजकुमार पुत्र दयाराम बंदूक लेकर लोगों पर हमला कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहां मौजूद एक व्यक्ति ने संदिग्ध की ओर इशारा किया। पुलिस ने जब उसे रोकने का प्रयास किया तो वह घबराकर तेजी से भागने लगा। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का देशी तमंचा और तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजकुमार पुत्र दयाराम निवासी ग्राम पाल गोटिया, थाना मदनापुर बताया। पुलिस ने आरोपी को धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। बरामद तमंचे और कारतूस को सील कर कब्जे में ले लिया गया है। इस मामले में मदनापुर थाने में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# चलती बस के दो टायर फटने से हड़कंप, चालक की सूझबूझ से टला हादसा

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज़ ।**

श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के बसहिया में चलती अनुबंधित बस के दो टायर अचानक फट जाने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बस को तुरंत नियंत्रित कर सड़क किनारे रोक दिया, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया।



बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। बताया जा रहा है कि परिवहन विभाग से अनुबंधित यह बस निचलौल से महराजगंज होते हुए गोरखपुर की ओर जा रही थी। बस में करीब दो दर्जन से अधिक यात्री सवार थे। जैसे ही बस परतावल-गोरखपुर फोरलेन मार्ग पर बसहिया बुजुर्ग के पास पहुंची, तभी पीछे की ओर एक साइड के दोनों टायर तेज धमाके के साथ फट गए।

अचानक तेज आवाज होने से बस में बैठे यात्रियों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। हालांकि चालक ने घबराने की बजाय बस को संभालते हुए धीरे-धीरे सड़क किनारे सुरक्षित खड़ा कर दिया। इसके बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली। घटना की जानकारी होते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और कुछ देर के लिए सड़क किनारे भीड़ जुट गई। बाद में यात्रियों को दूसरी व्यवस्था से आगे के लिए रवाना किया गया।

## नौ को निकलेगी लाटरी, 25 मार्च तक अंतिम मौका

**महराजगंज।** नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) के तहत दूसरे चरण का आवेदन सात मार्च तक होगा। इसके बाद नौ मार्च को लॉटरी के माध्यम से बच्चों को विद्यालय का आवंटन किया जाएगा। 11 मार्च तक चयनित बच्चों को विद्यालय में दाखिला कराया जाएगा। इसके बाद 12 मार्च से तीसरे और अंतिम चरण के लिए ऑनलाइन आवेदन होगा। पहले चरण में 494 बच्चों को निजी विद्यालयों में दाखिला होने बाद दूसरे चरण की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 21 फरवरी से चल रही है। इसमें सात मार्च तक आवेदन होगा। सत्यापन में पात्र बच्चों की नौ मार्च को लॉटरी निकालकर स्कूल का आवंटन किया जाएगा। 11 मार्च तक इन बच्चों को विद्यालय में दाखिला दिला दिया जाएगा। नि:शुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार के तहत शैक्षिणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश प्रक्रिया तिथिवार तीन चरणों में चल रही है। पहले चरण में दो फरवरी से 16 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन लिया गया था। सत्यापन के बाद 18 फरवरी का लॉटरी निकाली गई। जिसमें 494 बच्चों का दाखिला हो चुका है। इसके बाद दूसरे चरण में ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू होगी।अंतिम मौका 12 से 25 मार्च तकजो लोग आवेदन करने से छूट गए हैं उनका अंतिम मौका तीसरे चरण में दिया गया है। दूसरा चरण समाप्त होने के बाद तीसरे चरण का ऑनलाइन आवेदन 12 मार्च से 25 मार्च तक किया जाएगा। 12 मार्च से 25 मार्च तक ही बीएसए द्वारा आवेदनों का सत्यापन कर लाक किया जाएगा। इसकी लॉटरी 27 मार्च तक निकाली जाएगी। लॉटरी निकले बच्चों का 29 मार्च तक आवंटित विद्यालय में दाखिला दिला दिया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन आरटीई25डाटयूपीएसडीसीडाट जीओवीडाटन पर किया जा सकता है। बीएसए रिद्धी पांडेय ने कहा, आरटीई के तहत दूसरे चरण के लिए ऑनलाइन आवेदन सात मार्च तक होगा।

# नेपाल से आई बहुओं को मतदाता सूची से बाहर किए जाने पर कांग्रेस का विरोध

**▶ डीएम को सौंपा ज्ञापन, हजारों महिलाओं के मतदान अधिकार पर संकट**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज़।**

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की पूर्व घोषित अंतिम तिथि 6 मार्च को कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जनपद में निवास कर रही उन हजारों महिलाओं की समस्या को उठाया, जो पड़ोसी राष्ट्र नेपाल की मूल निवासी हैं और विवाह के बाद भारत के महाराजगंज जनपद में स्थायी रूप से रह रही हैं।



प्रतिनिधिमंडल में पूर्व प्रदेश महासचिव त्रिभुवन मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष झिनकू चौधरी, कोषाध्यक्ष कपिल देव शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष विनोद सिंह, श्रमिक जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह तथा जिला सचिव विराज वीर अभिमन्यु सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जनपद की हजारों महिलाएं, जो नेपाल से विवाह कर भारत आई हैं, पिछले चुनावों में मतदान कर चुकी हैं और उनका नाम अभी भी मतदाता सूची में दर्ज है। इसके बावजूद वर्तमान में जारी नए एसआईआर (Special Intensive Revision) के दौरान उन्हें ड्राफ्ट मतदाता सूची से बाहर रखा जा रहा है। अधिकारियों द्वारा 2003 की मतदाता सूची में उनके माता या पिता के नाम का उल्लेख आवश्यक बताया जा रहा है, जबकि नेपाल से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराना इन महिलाओं के लिए बेहद कठिन हो रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि भारत निर्वाचन आयोग और उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग इस समस्या का त्वरित समाधान नहीं निकालते हैं, तो आने वाले समय में महाराजगंज जनपद की हजारों महिलाएं मतदाता सूची से वंचित हो जाएंगी। इससे भविष्य में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

जिला अध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश, लखनऊ को भी एक पत्र भेजा गया है, जिस पर कांग्रेस के पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं और जिसमें इस गंभीर समस्या का विस्तार से उल्लेख किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसी अधिकतर महिलाएं नौतनवा और निचलौल तहसील क्षेत्रों की निवासी हैं। यदि इन महिलाओं को मतदान के अधिकार से वंचित किया गया तो इन विधानसभा क्षेत्रों के चुनावी परिणामों पर भी इसका सीधा असर पड़ सकता है। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वह इस ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए अपने उच्च अधिकारियों को पूर्व की भांति एक बार पुनः इस समस्या से अवगत कराएंगे, ताकि जल्द से जल्द इसका उचित समाधान निकाला जा सके और किसी भी पात्र महिला का मतदान अधिकार प्रभावित न हो।

## नीतीश का अप्रत्याशित कदम

ऐसा लगता है कि बिहार में पहले से लिखी स्क्रिप्ट को अमली-जामा पहनाने का उपक्रम शुरू हो गया है। जिसे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राज्यसभा के लिये नामांकन के रूप में देखा जा रहा है। इस घटनाक्रम का महत्व कितना अधिक है, यह नामांकन के मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पटना पहुंचने से पता चलता है। बहरहाल, यह तय हो गया है कि बिहार की राजनीति में दो दशकों के बाद राज्य की सत्ता में एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। जनता दल यूनाइटेड के सुप्रीमो नीतीश कुमार, जिन्होंने चार माह से भी कम समय पहले रिकॉर्ड दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, लेकिन अब अप्रत्याशित रूप से इस प्रतिष्ठित कुर्सी को छोड़ने को तैयार हैं। अब 75 वर्षीय नीतीश कुमार आगामी राज्यसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। बहरहाल, विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए पर्याप्त बहुमत के कारण उनकी जीत निश्चित मानी जा रही है। निष्कर्ष यह भी है कि राज्यसभा चुनाव में सफल होने के बाद उनका मुख्यमंत्री के रूप में दो दशक पुराना सफर समाप्त हो जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि राज्य में उनका अगला उत्तराधिकारी भाजपा से ही आएगा। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2025 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा ने जो अच्छा प्रदर्शन किया था, उसके चलते ही नीतीश को फिर से सत्ता में बने रहने में मदद मिली थी। लेकिन तभी राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे थे कि कालांतर उनको पद छोड़ना ही होगा, अब चाहे यह स्वेच्छा से हो या मजबूरी में। नि:संदेह, उत्तर भारत में बिहार एकमात्र ऐसा हिंदी भाषी राज्य है जहां अब तक भाजपा का कोई मुख्यमंत्री नहीं रहा है। वहीं दूसरी ओर अटकलें लगायी जा रही हैं कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार, जो सक्रिय राजनीति में अभी नये हैं, नई सरकार में उप मुख्यमंत्री बन सकते हैं। बहुत संभव है बिहार में भाजपा की महत्वाकांक्षा को देखते हुए जेडीयू अपनी पार्टी का जनाधार बनाये रखने के लिये पार्टी के लिये उपमुख्यमंत्री पद चाह रही हो। हो सकता है कि सत्ता में अचानक आने वाले इस बड़े बदलाव को लेकर कुछ जेडीयू नेताओं में असंतोष देखने में आए। अनुभवी व उम्रदराज नीतीश कुमार के सामने भी चुनौती है कि कैसे अपने दल के विधायकों को एकजुट रखा जाए। साथ ही यह सुनिश्चित करना कि उनकी पार्टी का जनाधार प्रभावित न हो। वहीं दूसरी ओर नीतीश कुमार के राज्यसभा में जाने की स्थिति में लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को राज्य की राजनीति में अपनी पैठ मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। यह घटनाक्रम मुख्य विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल के लिये महत्वपूर्ण होगा क्योंकि वह सत्ताधारी गठबंधन की कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिशें तेज करेगा। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया पोस्ट में नीतीश कुमार ने दो दशक की पारी में सहयोग के लिये बिहार की जनता का आभार जताया है तथा अपना दायित्व निभाने की बात कही है। साथ ही राज्यसभा में जाने की तार्किकता का भी जिक्र किया है और विकसित बिहार के संकल्प को फिर से दोहराया है। नि:संदेह, वर्ष 2005 से अब तक, बीच के कुछ महीनों को छोड़कर, उनका सत्ता में बने रहना अभूतपूर्व रहा है। किसी भी गठबंधन की सरकार रही हो, नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बने रहे। यही वजह है कि जेडीयू में कार्यकर्ताओं का एक वर्ग उनके राज्यसभा में जाने को लेकर निराश है। बहरहाल, अब तक विधान परिषद, बिहार विधानसभा और लोकसभा का सदस्य रहने के बाद, वे राज्यसभा के भी सदस्य बन जाएंगे। वहीं राज्य की विपक्षी पार्टी कांग्रेस बिहार की सत्ता में होने वाले बदलाव को जनता के साथ छल बता रही है। इसे जनादेश के विरुद्ध कदम बताया जा रहा है। वहीं आरजेडी की तरफसे कहा जा रहा है कि इस बड़े राजनीतिक घटनाक्रम से बिहार की जनता हतप्रभ है। यह सब भाजपा के विधानसभा में संख्याबल के दबाव में होना था, लेकिन यह इतना जल्दी हो जाएगा, इसकी उम्मीद नहीं थी। वे इसे जेडीयू के संकुचन की शुरुआत बता रहे हैं।

# किफायती जेनेरिक दवाओं के लिए जनऔषधि परियोजना का रणनीतिक विकास



श्री जगत प्रकाश नड्डा

किसी राष्ट्र की प्रगति का असली पैमाना अक्सर इस बात से परिलक्षित होता है कि उसके नागरिक स्वास्थ्य सेवा जैसी बुनियादी आवश्यकताओं तक कितनी आसानी से पहुँच सकते हैं। दशकों तक, भारत के लाखों लोगों के स्वास्थ्य और आरोग्य के लिए दवाओं की उच्च लागत एक प्रमुख वित्तीय बाधा रही है। इस संदर्भ में, प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी), प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं को उनके ब्रांडेड समकक्षों की तुलना में काफी कम कीमत पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल है। यह परियोजना सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल में एक महत्वपूर्ण कमी को दूर करके एक व्यापक और व्यवस्थित परिवर्तन लाने में सफल रही है।

वैश्विक स्तर पर, जेनेरिक दवाइयाँ सुलभ स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों की मूलभूत आधारशिला हैं। विश्व भर में चिकित्सकों द्वारा दी जाने वाली कुल दवाइयों में इनकी हिस्सेदारी लगभग 80-90 प्रतिशत है और इसने आवश्यक दवाओं तक पहुँच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यद्यपि जेनेरिक दवाइयाँ पैकेज, लेबल और निष्क्रिय अवयव की दृष्टि से भिन्न हो सकती हैं, लेकिन अध्ययनों से पता चला है कि ये अंतर उनके चिकित्सीय प्रभाव पर असर नहीं डालते हैं। खुराक, सुरक्षा, क्षमता, गुणवत्ता और लक्षित उपयोग के संदर्भ में जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की समकक्ष हैं तथा उत्पादन और गुणवत्ता के कठोर मानकों का समान रूप से पालन करती हैं।

पीएमबीजेपी केवल एक खुदरा-बिक्री कार्यक्रम नहीं है; यह भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के संरचनात्मक सशक्तिकरण को दर्शाता है। यह इस साल के जनऔषधि सप्ताह के थीम में परिलक्षित होता है, जन औषधि सस्ती भी, भरोसेमंद भी, सेहत की बात, बचत के साथ, यह थीम लाखों लाभार्थियों के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होती है। 18,000 से अधिक जनऔषधि केंद्रों के तेजी से बढ़ते नेटवर्क के माध्यम से, योजना ने सुनिश्चित किया है कि दवाइयाँ बाजार दरों की तुलना में 50त्न से 80त्न तक की कम कीमतों पर उपलब्ध हों और सभी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों को समर्थन प्रदान करती हों। क्षेत्र सर्वेक्षणों से पता चला है कि लाभार्थी लागत बचत और दवाइयों तक बेहतर पहुँच की सराहना करते हैं।

योजना का पैमाना इसके उत्पाद संग्रह से भी परिलक्षित होता है। जनऔषधि 2,110 दवाओं और 315 सर्जिकल उत्पादों का विस्तृत संग्रह पेश करता है, जो 29 विभिन्न चिकित्सीय क्षेत्रों को शामिल करती है। भारतीय औषधि एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई) के प्रत्यक्ष देखरेख में, संग्रह का विस्तार एक गतिशील, डेटा-संचालित प्रक्रिया है, जिसमें बाजार विश्लेषण, हितधारकों की भागीदारी और एक समर्पित विशेषज्ञ समिति की कठोर निगरानी शामिल हैं। इससे सुनिश्चित होता है कि योजना देश की बदलती स्वास्थ्य आवश्यकताओं और औषधीय मांगों के अनुरूप विकसित होती रहे।

कठोर नियामक निरीक्षण के साथ, भारतीय दवा कंपनियां 200 से अधिक देशों के लिए भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता बन गई हैं, जिसमें अमेरिका, यूके और यूरोपीय संघ जैसे अत्यधिक विनियमित बाजार भी शामिल हैं। भारतीय दवा कंपनियां लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और पूर्वी यूरोप जैसे उभरते बाजारों में भी विस्तार कर रही हैं।

यह उद्योग जैविक दवाओं के समान दवाओं (बायोसिमिलर), जैविक दवाओं के जेनेरिक प्रतिरूपों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है, साथ ही जटिल जेनेरिक और विशेष दवाओं का उत्पादन करने के लिए अनुसंधान और विकास में भी अधिक निवेश कर रहा है। ये दूरदर्शी कार्यक्रम भारत को न केवल एक वैश्विक उत्पादन केंद्र के रूप में, बल्कि किफायती दवाओं के क्षेत्र में भविष्य के नवाचार अग्रणी देश के रूप में भी स्थापित करते हैं।

गुणवत्ता बनाम मूल्य पर बहस कभी-कभी सार्वजनिक धारणा को प्रभावित करती है। एक बहु-स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन व्यवस्था के माध्यम से,पीएमबीजेपी ने इस मिथक को प्रभावी ढंग से तोड़ दिया है कि किफायती होना निर्माण मानकों में समझौते का संकेत देता है। दवाइयाँ डब्ल्यूएचओ-जीएमपी प्रमाणित निर्माताओं से खरीदी जाती हैं, जो वैश्विक उत्पादन मानकों का पालन सुनिश्चित करती हैं। नियम निर्धारित करते हैं कि फार्मेसी की शेल्फ तक पहुंचने से पहले दवा के हर बैच का राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा स्वीकृत प्रयोगशालाओं में सख्त सत्यापन होना आवश्यक है। ये दवाइयाँ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के नियमों का पालन करती हैं और ब्रांडेड विकल्पों के सुरक्षा और प्रभावशीलता मानकों के अनुरूप हैं। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खरीद से पहले सावधानीपूर्वक समीक्षा की जाती है और खरीद के बाद प्रयोगशाला में परीक्षण किया जाता है। परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी, पीएमबीआई नियमित रूप से दवाओं की गुणवत्ता की निगरानी और समीक्षा करती है, ताकि स्थापित विनियमों के पालन में कोई कोताही न होना सुनिश्चित किया जा सके। एक आईटी-संचालित वितरण नेटवर्क, जिसे पांच अत्याधुनिक भंडार गृहों और देशभर के में 41 विशेष वितरकों का समर्थन प्राप्त है, ने सुनिश्चित किया है कि आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों के खिलाफ सुदृढ़ बनी रहे।

तीन स्तंभों - पहुँच, गुणवत्ता और सस्ती कीमत - पर ध्यान केंद्रित करके, पीएमबीजेपी ने लाखों लोगों के चिकित्सा खर्च को काफी हद तक कम कर दिया है। निरंतर संस्थागत समर्थन, लोगों की बढ़ती जागरूकता और अवसंरचनात्मक सुधारों के साथ, हर जिले में जनऔषधि केंद्र का सपना अब दूर की आकांक्षा नहीं, बल्कि यह ठोस रूप ले चुका है और वास्तविकता के करीब है। 'विकसित भारत @2047' दृष्टि के तहत मुख्य ध्यान इस बात पर है कि हर किसी के लिए एक सुदृढ़, न्यायसंगत और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाई जाए। इसमें बेहतर अस्पताल, कम चिकित्सा खर्च, उपचार तक आसान पहुंच और सस्ती दवाओं की उपलब्धता शामिल हैं। बहु-क्षेत्रीय सहयोगों के जरिये, पीएमबीजेपी ने यह साबित किया है कि सही संस्थागत दृष्टि के साथ, स्वास्थ्य सेवा उच्च गुणवत्ता युक्त और सार्वभौमिक रूप से सुलभ दोनों हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि यह परियोजना प्रगति करती रहे और किफायती स्वास्थ्य सेवा के वैश्विक मॉडल के रूप में अपनी स्थिति को निरंतर बनाए रखे।

**(लेखक केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री हैं)**




**गुणवत्ता बनाम मूल्य पर बहस कभी-कभी सार्वजनिक धारणा को प्रभावित करती है। एक बहु-स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन व्यवस्था के माध्यम से,पीएमबीजेपी ने इस मिथक को प्रभावी ढंग से तोड़ दिया है कि किफायती होना निर्माण मानकों में समझौते का संकेत देता है। दवाइयाँ डब्ल्यूएचओ-जीएमपी प्रमाणित निर्माताओं से खरीदी जाती हैं, जो वैश्विक उत्पादन मानकों का पालन सुनिश्चित करती हैं। नियम निर्धारित करते हैं कि फार्मेसी की शेल्फ तक पहुंचने से पहले दवा के हर बैच का राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा स्वीकृत प्रयोगशालाओं में सख्त सत्यापन होना आवश्यक है। ये दवाइयाँ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के नियमों का पालन करती हैं और ब्रांडेड विकल्पों के सुरक्षा और प्रभावशीलता मानकों के अनुरूप हैं। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खरीद से पहले सावधानीपूर्वक समीक्षा की जाती है और खरीद के बाद प्रयोगशाला में परीक्षण किया जाता है। परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी, पीएमबीआई नियमित रूप से दवाओं की गुणवत्ता की निगरानी और समीक्षा करती है, ताकि स्थापित विनियमों के पालन में कोई कोताही न होना सुनिश्चित किया जा सके। एक आईटी-संचालित वितरण नेटवर्क, जिसे पांच अत्याधुनिक भंडार गृहों और देशभर के में 41 विशेष वितरकों का समर्थन प्राप्त है, ने सुनिश्चित किया है कि आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों के खिलाफ सुदृढ़ बनी रहे।**

विचार

# सुप्रीमकोर्ट में 8वीं की किताब : संस्थागत गरिमा बनाम शैक्षिक स्वायत्तता

*अरुण कुमार डनायक*

हाल ही में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में सम्मिलित एक अध्याय ने व्यापक सार्वजनिक एवं विधिक विमर्श को जन्म दे दिया है। हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका शीर्षक अध्याय में न्यायिक व्यवस्था के समक्ष उपस्थित चुनौतियों का उल्लेख करते हुए न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर भ्रष्टाचार तथा न्यायाधीशों की कमी, जटिल विधिक प्रक्रियाओं और कमजोर अवसंरचना के कारण लंबित भारी बोझ को रेखांकित किया गया है। उल्लेखनीय है कि लगभग 80 हजार मामले सर्वोच्च न्यायालय में, 60 लाख उच्च न्यायालयों में और करीब पांच करोड प्रकरण निचली अदालतों में लंबित हैं।

पाठ्यपुस्तक में भ्रष्टाचार का उल्लेख करते हुए न्यायाधीशों की आचार-संहिता, शिकायत-निवारण तंत्र, 1,600 से अधिक शिकायतों तथा महाभियोग जैसी संवैधानिक प्रक्रिया का भी विवरण दिया गया है। इसमें केवल आरोप नहीं, बल्कि जवाबदेही की संरचना भी स्पष्ट की गई है। गंभीर मामलों में संसद महाभियोग द्वारा न्यायाधीश को पदच्युत कर सकती है, यद्यपि यह प्रक्रिया समुचित जाँच और निष्पक्ष अवसर के बाद ही आगे बढ़ती है। यह स्वीकार किया गया है कि विशेषकर गरीब और वंचित वर्ग कभी-कभी भ्रष्टाचार का अनुभव करते हैं, इसलिए पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी और त्वरित कार्रवाई के माध्यम से न्यायिक व्यवस्था में विश्वास सुदृढ़ करने के प्रयास जरूरी हैं। विवाद का केंद्र यह नहीं था कि पाठ्यपुस्तक ने न्यायिक व्यवस्था की चुनौतियों का उल्लेख किया, बल्कि यह आपत्ति थी कि भ्रष्टाचार की चर्चा केवल न्यायपालिका के संदर्भ में की गई, जबकि राजनीति, कार्यपालिका और नौकरशाही जैसे अन्य क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं का समतुल्य उल्लेख नहीं था। कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी सहित अनेक वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष यह तर्क रखा कि इस प्रस्तुतिकरण से एक असंतुलित छवि निर्मित होती है, जो विद्यार्थियों में धारणा बना सकती है, मानो भ्रष्टाचार का प्रश्न मुख्यतः या विशिष्ट रूप से न्यायपालिका से ही जुड़ा है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने इस विषय को गंभीर बताते हुए कहा कि वे किसी को भी संस्था को बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने संकेत दिया कि यह एक श्सुनियोजित और गहन विषय हो सकता है।

गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस प्रकरण में केवल स्वतः संज्ञान लिया थाय उसने न तो कोई अंतरिम प्रतिबंध लगाया था, न ही पाठ्यपुस्तक पर रोक का आदेश पारित किया था। इसके बावजूद सरकार ने न्यायालय की अंतिम टिप्पणी या विस्तृत सुनवाई की प्रतीक्षा किए बिना पूरी पुस्तक को ही वापस लेने का निर्णय कर लिया। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या यह कदम न्यायिक आदेश के अनुपालन में था, अथवा संभावित असहमति से पूर्व ही आत्मसमर्पण की प्रवृत्ति का संकेत?

लोकतांत्रिक व्यवस्था में संस्थागत संवाद की अपेक्षा की जाती है, न कि आशंकाओं के आधार पर त्वरित वापसी की। प्रश्न उठता है कि क्या न्यायपालिका, अधिवक्ताओं व सरकार द्वारा की गई कार्रवाई निष्पक्ष और विवेकपूर्ण थी? यदि पाठ्यपुस्तक में वही तथ्य उल्लिखित थे, जिन्हें स्वयं न्यायपालिका और पूर्व मुख्य न्यायाधीश भी समय-समय पर स्वीकार करते रहे हैं और जिनके परिप्रेक्ष्य में आत्ममंथन तथा संस्थागत सुधार की आवश्यकता पर बल दिया गया है, तो फिर उन्हें हटाना क्या वास्तव में समाधान कहा जा सकता है? अतीत में कुछ न्यायाधीशों पर लगे गंभीर आरोपों ने न्यायपालिका की पारदर्शिता पर प्रश्न खड़े किए हैं। कर्नाटक उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश पीडी दिनाकरन पर आय से अधिक संपत्ति के आरोपों के बाद महाभियोग की प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी। इसी प्रकार, न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास से जले हुए नोटों की बरामदगी ने व्यापक सार्वजनिक बहस को जन्म दिया था। ऐसे प्रकरणों में जाँच धीमी संस्थागत प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ती रही, किंतु जनमानस में यह प्रश्न बना रहा कि जवाबदेही त्वरित और दृश्य रूप में क्यों नहीं उभरती। अधीनस्थ न्यायालयों पर यह आरोप उठते रहे हैं कि पेशियों की तिथियाँ बढ़वाने, कार्य-सूची में हेर-फेर करने या न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने हेतु रिश्वत का लेन-देन होता है।

विशेष रूप से जमानत संबंधी मामलों में यह धारणा भी व्यक्त की जाती रही है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों के बावजूद निचली अदालतों में अनावश्यक विलंब या कठोरता देखी जाती है। यद्यपि ऐसे आरोप पूरी न्याय-व्यवस्था पर नहीं लगाए जा सकते, लेकिन उनकी पुनरावृत्ति संकेत देती है कि निचले स्तर पर निगरानी और पारदर्शिता को और सुदृढ़ करना आवश्यक है। न्यायपालिका की वास्तविक गरिमा केवल उच्च आदर्शों से नहीं, बल्कि प्रत्येक स्तर पर निष्पक्षता के प्रत्यक्ष अनुभवों से स्थापित होती है। लोकतंत्र में संस्थाएँ केवल शक्तिशाली नहीं, उत्तरदायी भी होती हैं। यदि किसी संस्था पर लगे आरोपों की चर्चा को ही अवमानना या बदनामी मान लिया जाए, तो विमर्श का दायरा संकुचित हो सकता है। साथ ही, यह भी उतना ही सत्य है कि आलोचना तथ्याधारित, संतुलित और मर्यादित होनी चाहिए। यदि समर्थ संस्थाएँ आलोचनात्मक उल्लेख पर त्वरित दमनात्मक प्रतिक्रिया देंगी, तो यह प्रवृत्ति अन्य क्षेत्रों में भी उदाहरण बन सकती है।

एनसीईआरटी एक स्वायत्त शैक्षिक संस्था है, जिसका दायित्व अकादमिक मानकों और विशेषज्ञों की अनुशंसाओं के आधार पर पाठ्यक्रम निर्धारण करना हैय किंतु समय-समय पर उस पर राजनीतिक अथवा वैचारिक दबावों के आरोप लगते रहे हैं। इतिहास की पुस्तकों में अध्यायों के पुनर्लेखन और विलोपन के विवाद तो चर्चित रहे ही हैं, परंतु विज्ञान के क्षेत्र में भी बहस उठी है, विशेषतः जब कक्षा 9-10 के पाठ्यक्रम से चार्ल्स डार्विन के विकासवाद के सिद्धांत से संबंधित अंशों को हटाए जाने का निर्णय लिया गया। ऐसे प्रसंग शिक्षा की स्वायत्तता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और अकादमिक स्वतंत्रता पर व्यापक प्रश्न खड़े करते हैं। यह विवाद केवल एक अध्याय का नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक परिपक्वता की वास्तविक परीक्षा का है।

न्यायपालिका की गरिमा और जनविश्वास की रक्षा उतनी ही अनिवार्य है जितना यह सुनिश्चित करना कि हमारी शिक्षा यथार्थ से आंखें न मूंदे। संस्थाओं की मजबूती आलोचना के अभाव में नहीं, बल्कि पारदर्शिता, आत्मसुधार और निर्भीक संवाद से ही आती है। सवाल यह नहीं कि भ्रष्टाचार का उल्लेख क्यों हुआ, बल्कि यह है कि क्या हमारी संस्थाएँ इतनी आत्मविश्वासी हैं कि वे आलोचनात्मक विमर्श को चुनौती के रूप में स्वीकार कर सकें। लोकतंत्र में न्याय, शिक्षा और अभिव्यक्ति तीनों का संतुलित होना ही असली संस्थागत गरिमा की कसौटी है, और यही हमारी सच्ची परीक्षा है।

साहित्य



## नदी का बहाव


**अनुभूति गुप्ता**


नदी का बहाव
अपने भीतर लिए हैं
जीवन की कविताएं
जो श्वास लेती हैं
और जीती पूरा एक युग।

नदी की कल कल ध्वनि में हैं
युद्ध के शिकार हुए लोग
और वह शोर जो बढ़ता रहता है
प्रतिदिन प्रतिपल।

नदी की कोमलता में हैं
मां का हृदय और पिता के संरक्षण का
भाव
जो भरता है एक शिशु को
समृद्ध जीवन से।

नदी की दृष्टि में
है सृष्टि और कल्पनाओं
का आकाश।





## राशिफल

**मेष:-** नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय की अपेक्षित है।

**वृषभ:-** शासन-सत्ता कें लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुन:-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी।

**कर्क:-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर कार्य पर आकर्षित मन पर अंकुश लगाएं।

**सिंह:-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**तुला:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिक:-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनु:-** सम्बन्धों में व्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकर:-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभ:-** अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन:-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

# भारत की संप्रभुता पर अमेरिका का हमला

अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद दिवंगत आयतुल्लाह अली खामनेई के प्रतिनिधि डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने दावा किया कि यह हमला केवल ईरान तक सीमित नहीं रहेगा, आने वाले वक्त में भारत और चीन जैसी शक्तियां भी अमेरिका के निशाने पर होंगी और उनकी यह बात बुधवार को सच साबित होती दिखी।

बुधवार 4 मार्च को अमेरिका ने हिंद महासागर के भारतीय क्षेत्र में ईरान का एक युद्धपोत टॉरपीडो से हमला करके डुबो दिया। ईरान के इस युद्धपोत ने हाल ही में भारत के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास में हिस्सा लिया था और इसी के बाद वापस लौट रहा था। इस सैन्य अभ्यास को इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू-2026 कहा गया, इसकी मेजबानी भारत ने की थी और खुद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने भारतीय और ईरानी नौसैनिकों ने एक साथ परेड की थी। लेकिन भारत की संप्रभुता को बड़ी चोट पहुंचाते हुए अमेरिका ने हमला किया और इसमें सफलता का दावा भी किया।

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दावा किया कि हिंद महासागर में ईरान का एक युद्धपोत अमेरिका ने टॉरपीडो से हमला करके डुबो दिया है। हालांकि, हेगसेथ ने उस ईरानी जहाज का नाम नहीं बताया जिसे डुबोया गया है, जबकि श्रीलंकाई नौसेना ने बताया था कि आईआरआईएस डेना हिंद महासागर में डूब गया है, जिसमें सवार कुल 180 में से लगभग 140 लोग लापता हैं। श्रीलंकाई सरकार ने यह भी कहा कि ईरानी युद्धपोत डेना की ओर से उनके पास एक डिस्ट्रेस कॉल (आपातकालीन संदेश) मिला जिसमें सहायता मांगी गई थी। लेकिन अमेरिका और श्रीलंका की बातों के उलट मोदी सरकार ने पहले इस दावे को भ्रामक बताया।

पीआईबी की फैक्ट चेक टीम ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि, एक अमेरिका बेस्ड चैनल में अमेरिकी सेना के पूर्व अधिकारी कर्नल डगलस मैक्ग्रेगर ने कहा कि अमेरिका भारतीय नौसैनिक अड्डे का इस्तेमाल ईरान पर हमले के लिए कर रहा है ये दावा बिलकुल गलत है। लेकिन सच क्या है ये अब पूरी दुनिया के सामने है। प्रधानमंत्री मोदी इस गंभीर संकट के वक्त भी चुप्पी बरते हुए हैं और सरकार हमले की सीधी निंदा करने की जगह गोल-मोल बातें कर रही है, यह बड़ी चिंता की बात है। क्योंकि अब तक सरकार ने विदेश नीति को पलटने का काम किया था, लेकिन अब तो अतिथि देवो भव के सामान्य शिष्टाचार को निभाने की जहमत भी नहीं उठा रही।

ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर नरेन्द्र मोदी अमेरिका और इजरायल से इतना डर क्यों रहे हैं। पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल ने मोदी सरकार को सही सलाह दी है कि, अगर हमने ईरानी जहाज को अपने मिलन अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित नहीं किया होता, तो वह वहां मौजूद नहीं होता। हम इस अभ्यास के मेजबान थे। इस अभ्यास के प्रोटोकॉल के मुताबिक जहाज किसी भी तरह का गोला-बारूद नहीं ले जा सकते। यानी ईरान का वो जहाज निहत्था था। अमेरिकी पनडुब्बी का हमला पहले से सोचा-समझा था, क्योंकि अमेरिका को इस बात की जानकारी थी कि ईरानी जहाज इस अभ्यास में शामिल है। उन्होंने कहा कि भले ही भारत अमेरिका के इस हमले के लिए राजनीतिक या सैन्य रूप से जिम्मेदार न हो लेकिन भारत की जिम्मेदारी नैतिक और मानवीय स्तर पर है। अफसोस यही है कि सरकार इस मूलभूत जिम्मेदारी को निभाने से भी बच रही है।

यह देखकर अफसोस होता है कि नेहरू जी के गुट निरपेक्ष आंदोलन से लेकर इंदिरा गांधी के बांग्लादेश निर्माण तक भारत ने हमेशा वैश्विक राजनीति में मजबूती का परिचय दिया। कभी किसी महाशक्ति के दबाव में नहीं झुका। इसी परंपरा को आगे सभी प्रधानमंत्रियों ने निभाया, चाहे वे किसी भी दल के हों, हमने अमेरिका के सामने समर्पण नहीं किया। 2013 का देवयानी खोबरागड़े मामला यहां याद आता है, जब मनमोहन सिंह सरकार ने अमेरिकी राजनयिकों की सुविधाएं छीनकर जैसे को तैसा जवाब दिया था। लेकिन अब आईआरआईएस डेना पर हमले के बाद मोदी सरकार की श्रणनीतिक चुप्पी ने भारत की साख खतरे में डाल दी है। अमेरिका की इस मनमानी पर चुप रहना एक तरफ अतिथि देवो भव के हमारे संस्कारों का अपमान है और दूसरी तरफ अपनी संप्रभुता की परवाह न करना भी दिखाता है।

गौरतलब है कि 10 साल पहले फरवरी 2016 में नरेन्द्र मोदी ने एक पोस्ट में बताया था कि हिंद महासागर क्षेत्र मेरी प्रमुख नीतिगत प्राथमिकताओं में से एक है। इसी तरह का बयान पिछले साल नौसेना प्रमुख ने दिया था कि हिंद महासागर का नाम हमारे नाम पर रखा गया है, अगर हम इसका ख्याल नहीं रखेंगे तो कौन रखेगा। तो अब सवाल है कि नरेन्द्र मोदी की नजर में ऐसे बयानों का कोई अर्थ अब है भी या नहीं। खुद को हिंद महासागर का असली रक्षक कहने वाले भारत की चुप्पी क्या उसी कूटनीतिक दबाव और समझौता परस्त होने का संकेत है, जिस पर राहुल गांधी कहते हैं कि पीएम इज कॉम्प्रोमाइज्ड। भारत के लिए यही श्रेयस्कर है कि अपने क्षेत्र में होने वाली ऐसी हिंसक घटनाओं पर वह मूकदर्शक बनकर नहीं रहे। हमें अपनी स्वायत्तता और मेहमान की सुरक्षा को सर्वोपरि रखना होगा। हिन्द महासागर में आईआरएस-डेना के डूबने की घटना को युद्ध की कार्रवाई कहकर टाल देना भारत के लिए रणनीतिक भूल होगी। अगर आज भारत अमेरिका की इस नापाक हरकत पर चुप रहा तो भविष्य में इसका बड़ा खामियाजा देश भुगतेगा। क्योंकि दुनिया में संदेश यही जाएगा कि अमेरिका के निशाने पर ईरानी युद्धपोत था, लेकिन उसका असली उद्देश्य भारत को अपमानित करना था।


**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### जननायक एक्सप्रेस से गिरकर युवक की मौत



**हरदोई।** पिहानी थाना छेत्र के ग्राम सरैया के निकट रेलवे ट्रैक पर पंजाब से बिहार जाने वाली जननायक एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 15210) में यात्रा कर रहे एक युवक की चलती ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान रिंकू कुमार (22) पुत्र खातो ऋषि, निवासी तेतराही जानकीनगर (पूर्णिया बिहार) के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार, रिंकू कुमार पंजाब से बिहार अपने घर जा रहा था। ग्राम सरैया थाना पिहानी के पास वह जननायक एक्सप्रेस से अज्ञात कारणों से गिर गया। गिरने के कारण उसे गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर जहानी खेड़ा चौकी इंचार्ज एसआई कैलाश चंद्र यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल हरदोई भेज दिया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचित करने की कोशिश कि जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा ने लगाई गंगा में छलांग



**हरदोई।** थाना अरवल क्षेत्र के ग्राम मंसूरपुर में होली के दूसरे दिन गंगा पुल पर एक छात्रा की साइकिल, दुपट्टा और चप्पल संदिग्ध हालत में मिली। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से गंगा नदी में छात्रा की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, वंदना (कक्षा 9) पुत्री गुड्डू उर्फ़ सूरज कुमार घर से बिना बताए साइकिल लेकर निकल गई थी। परिजनों ने सुबह उसे घर में न देखकर खोजबीन शुरू की, तब उसकी साइकिल, दुपट्टा और चप्पल कुसुमखोर गंगा पुल पर बाउंड्री के पास मिली। परिजन ने तुरंत थाने को सूचना दी। थानाध्यक्ष अनिल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद गोताखोरों की टीम को बुलाकर गंगा नदी में छात्रा की तलाश कराई जा रही है।खबर लिखे जाने तक छात्रा का कुछ पता नहीं लग सका था। बताया जा रहा है कि वंदना का मानसिक उपचार कुछ समय से सांडी में चल रहा था।

### बैंक से रुपए निकालने आई वृद्धा से दिनदहाड़े आठ हजार की लूट



**शाहाबाद हरदोई।** कस्बे के मोहल्ला दिलेरगंज स्थित स्टेट बैंक से गन्ने के भुगतान में से इलाज के लिए रूपए निकालने आई वृद्ध महिला से शुक्रवार को दिन दहाड़े एक लुटेरे ने झपट्टा मार कर आठ हजार रूपये लूट लिए।बैंक के गार्ड और कर्मचारियों ने लापरवाही वश पल्ला झाड़ने के लिए घटना की पुलिस को सूचना न देकर महिला को उसके घर भिजवा दिया। महिला ने पुत्रों के साथ कोतवाली आकर घटना का लिखित प्रार्थना पत्र दिया है। कोतवाली छेत्र के ग्राम नरहाई निवासी पीड़िता रामश्री पत्नी सूरजपाल कुशवाहा ने बताया वह शुक्रवार को खुद के इलाज के लिए गन्ने के आए हुए भुगतान में खाते से रूपए निकालने स्टेट बैंक गयी थी। उसने अपने खाते से बीस हजार रूपए निकाले और बैंक के बाहर बरामदे में बैठ कर वह रूपए गिन रही थी।ढाता बांधे एक अज्ञात लुटेरे ने महिला से झपट्टा मारकर रूपए लूट लिए।झपट्टा मारते समय लुटेरे का एक हाथ पीड़िता के गाल पर पड़ गया इसलिए लुटेरा एक हाथ के आठ हजार रूपये लुटकर फरार हो गया। स्टेट बैंक का गार्ड गेट पर लगे शीशे के अंदर बैठता है। महिला ने घटना के बावत उसे जानकारी दी तो गार्ड और बैंक कर्मियों ने लापरवाही दिखाते हुए पुलिस को सूचना न देकर पीड़िता को उसके घर भगा दिया। पीड़िता ने परिजनों और ग्राम प्रधान के साथ कोतवाली आकर घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है।

### शराब ठेके के पीछे मृत पड़ा मिला युवक

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के चांद थोक का निवासी एक युवक दोपहर में देशी शराब ठेका के पीछे संदिग्ध हालत में पड़ा पाया गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डाक्टरों ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित था कस्बे के चांद थोक का निवासी प्रशांत उर्फ छोटू गुप्ता 28 वर्ष सुबह 10:00 बजे घर से बाजार जाने की बात कहकर निकला था। दोपहर करीब 12:00 बजे यह बड़ी पुलिया के समीप देशी शराब ठेके के पीछे बेहोशी की हालत में पड़ा पाया गया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां पर डाक्टरों ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक बड़े भाई पंकज गुप्ता ने बताया कि यह तीन भाइयों में सबसे छोटा था और अविवाहित था। माता-पिता के साथ एक भाई की पूर्व में ही मौत हो चुकी है।

### पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने कुएं में कूदकर की आत्महत्या

**रामपुरा (जालौन)।** थाना रामपुरा क्षेत्र के ग्राम मई में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक द्वारा कुएं में कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों की तत्परता से युवक की जान बच गई और उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मई निवासी जितेंद्र पुत्र हेमचंद पाल (लगभग 24 वर्ष) का घर में किसी बात को लेकर अपने भाइयों से विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान मारपीट भी हुई, जिससे आहत होकर जितेंद्र ने आवेश में आकर गांव के एक कुएं में छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और रस्सियों आदि की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद युवक को कुएं से सकुशल बाहर निकाल लिया। इसके बाद उसे तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया। घटना के बाद गांव में कुछ समय तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। ग्रामीणों की सूझबूझ और तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। वहीं परिजन युवक के जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

### खेत में पेड़ से लटका मिला किशोर का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के ग्राम पारा में शुक्रवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब 14 वर्षीय एक किशोर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में पेड़ से लटका मिला। मृतक के परिजनों ने किशोर की हत्या कर शव को लटकाने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।स्वजनों के अनुसार कमल सिंह का 14 वर्षीय पुत्र भोला बीते बृहस्पतिवार से लापता था। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। शुक्रवार को जब भोला के चाचा ज्ञान सिंह खेतों की तरफ गए, तो उन्होंने भोला का शव पेड़ से लटका हुआ देखा संदिग्ध हालात में शव मिला। घटनास्थल पर स्थिति काफी संदिग्ध नजर आ रही थी। परिजनों के मुताबिक, भोला का शरीर फांसी के फंदे पर तो था, लेकिन वह जमीन पर बैठी हुई अवस्था में मिला। इसी आधार पर परिजनों ने आशंका जताई है कि भोला की हत्या की गई है और उसे आत्महत्या का रूप देने के लिए बाद में फंदे पर लटका दिया गया है मृतक भोला तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसके पिता कमल सिंह खेती और मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बेटे की मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया और मां का रो-रोकर बुरा हाल है सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# रंग बरसे की धुन पर थिरके डीएम-एसपी, पुलिस लाइन में जमकर खेली होली

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस के होली मिलन कार्यक्रम में जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ उत्साहपूर्वक होली का त्योहार मनाया। कार्यक्रम के दौरान फिल्मी गीत रंग बरसे भीगे चुनर वाली की धुन पर डीएम और एसपी भी खुद को रोक नहीं सके और पुलिसकर्मियों के साथ जमकर थिरकते नजर आए। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और पूरे परिसर में उत्सव का माहौल बन गया।

दोनों अधिकारियों ने सभी पुलिसकर्मियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं तथा समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस मौके पर पुलिस विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे और सभी ने मिलकर उल्लास और सौहार्द के साथ होली का पर्व मनाया।

## ग्रापए की बैठक सम्पन्न, संजय सिंह सोमवंशी लखनऊ मंडल अध्यक्ष व मुकेश सिंह आशा लखनऊ मंडल महामंत्री नियुक्त



**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

पिहानी के प्रज्ञा पीठ में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा पत्रकार संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। गायत्री प्रज्ञा पीठ में ग्रेफाइट के कर्नाटक प्रभारी अतुल कपूर के नेतृत्व में मां सरस्वती गायत्री पूजन के साथ हवनो की आहुति दी गई आए हुए विशिष्ट अतिथियों को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया पीठ के बालको एवं बालिकाओं द्वारा नृत्य हुआ वह गायन की प्रस्तुति की गई उन्हें गायत्री माता का चित्र देकर सम्मानित किया गया।

इसके उपरांत बैठक में संगठन को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की गई।बैठक के दौरान संगठन में नई जिम्मेदारियों की घोषणा भी की गई। इस अवसर पर संजय सिंह सोमवंशी (कुइयां) को लखनऊ मंडल का अध्यक्ष तथा स्मृति शेष अखिलेश सिंह के स्थान पर उनके पुत्र मुकेश सिंह आशा को लखनऊ मंडल का महामंत्री नियुक्त किया गया। दोनों पदाधिकारियों की नियुक्ति पर उपस्थित पत्रकारों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।कार्यक्रम में मौजूद पत्रकारों ने कहा कि नई जिम्मेदारियों के साथ दोनों पदाधिकारी संगठन को और मजबूत करने तथा पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

बैठक में शामिल होने का अवसर मिलने पर उपस्थित लोगों ने इसे अपने लिए सौभाग्य की बात बताया और नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।सभी ने आशा व्यक्त की कि दोनों पदाधिकारी अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए पत्रकारिता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर अतुल कपूर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार अवधेश रस्तोगी, वरिष्ठ पत्रकार ,संरक्षक शिव प्रकाश त्रिवेदी, आमिर किरमानी, आलोक सिंह,विजय लक्ष्मी सिंह,मुकेश सिंह सोमवंशी, नवल किशोर द्विवेदी, आशीष सिंह सोमवंशी, किरमानी, देवेंद्र सिंह उर्फ बबलू जिला अध्यक्ष (ग्रापए),प्रवीण राजन, अम्मार जैदी,आदि सम्मानित गण उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला अज्ञात युवक

**शाहाबाद हरदोई।** कस्बे के मोहल्ला दिलेरगंज में स्टेट बैंक तिराहे पर संदिग्ध परिस्थितियों में एक अज्ञात युवक गुरुवार की रात से पड़ा था। मोहल्ले वालों ने शुक्रवार सुबह उसके मुंह से झाग निकलता देख इसकी सूचना पुलिस को दी।पुलिस ने 108 एम्बुलेंस के माध्यम से घायल युवक को सीएचसी भेजा जहाँ से इलाज के लिए घायल युवक को जिला चिकित्सालय भेजा गया है।

जामा मस्जिद पुलिस चौकी के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया घायल को इलाज के जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है। जहाँ उसका इलाज चल रहा है।उसकी तबियत सही होने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## ससुर, देवर और ननदोई पर महिला से गैंगरेप का आरोप, पति की भूमिका पर भी उठे सवाल

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



जिले के लोनार थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। यहां एक महिला ने अपने ससुर, देवर और ननदोई पर बंधक बनाकर गैंगरेप करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि यह घटना उसके पति की मर्जी से कराई गई। घटना के बाद महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार लोनार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि गुरुवार रात वह अपने घर पर थी। उसी दौरान उसके ससुर, देवर और ननदोई ने उसे पकड़ लिया और उसके हाथ-पैर बांध दिए। आरोप है कि इसके बाद तीनों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया, घटना के दौरान उसका पति और बच्चे भी घर पर मौजूद थे। महिला के मुताबिक जब वह बेहोश हो गई तो आरोपी उसे छोड़कर मौके से फरार हो गए। बाद में परिजन उसे उपचार के लिए पाली स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि महिला और उसके पति के बीच पहले से ही विवाद चल रहा था, महिला का आरोप है कि उसके पति के किसी दूसरी महिला से संबंध हैं और इसी कारण उसे घर से निकालने के लिए उस पर दबाव बनाया जा रहा था। महिला का दावा है कि पति की सहमति से ही आरोपियों ने उसके साथ यह घिनौनी वारदात की। फिलहाल मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी हुई है। वहीं पीड़िता के आरोपों के आधार पर जांच की जा रही है।

## पनवाड़ी में 'कृषि एवं ग्रामीण परिवर्तन' विषय पर पोस्ट बजट वेबिनार का लाइव प्रसारण



**पनवाड़ी (महोबा)।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित 'कृषि एवं ग्रामीण परिवर्तन' विषय पर पोस्ट बजट वेबिनार का लाइव प्रसारण कृषि विभाग की ओर से विकास खंड पनवाड़ी, जनपद महोबा में कराया गया। कार्यक्रम में किसानों, कृषि विभाग के अधिकारियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर वेबिनार के माध्यम से सरकार की कृषि संबंधी योजनाओं और नीतियों की जानकारी प्राप्त की। वेबिनार में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति रही, जहां कृषि क्षेत्र के विकास, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने तथा किसानों की आय बढ़ाने से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान किसानों को नई कृषि योजनाओं, आधुनिक तकनीकों तथा खेती को लाभकारी बनाने के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संतोष कुमार अग्निहोत्री (अध्यक्ष, सहकारी समिति) उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे नई तकनीकों को अपनाकर खेती को और अधिक उन्नत बनाएं। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को कृषि क्षेत्र में बजट के प्रावधान, आधुनिक खेती, प्राकृतिक खेती, फसल उत्पादन बढ़ाने की तकनीक और ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। किसानों ने भी अपनी जिज्ञासाओं को अधिकारियों के सामने रखा, जिनका समाधान किया गया। वेबिनार के लाइव प्रसारण से क्षेत्र के किसानों को केंद्र सरकार की कृषि नीतियों और योजनाओं की सीधी जानकारी मिली, जिससे उन्हें खेती को अधिक लाभकारी बनाने के नए अवसरों के बारे में समझ प्राप्त हुई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित किसानों ने सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

## राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को दिया



**महोबा।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैनर तले राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंप कर ओबीसी की जाति जनगणना में जाति कलम बढ़ाने एवं वर्ष 2011 में पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता टीईटी से मुक्त करने की मांग की गई है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष राममिलन कुशवाहा के नेतृत्व में देवीदीन बौद्ध, बृजेंद्र गौतम, बीडी गौतम, साहिल बौद्ध, अजय कुमार, दौलत कुमार, जितेंद्र बौद्ध आदि ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार महोबा को देकर कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा ओबीसी की जाति आधारित जनगणना का फैसला करने के बाद भी जनगणना नोटिफिकेशन में ओबीसी जाति कलम नहीं दिया जाना धोखेबाजी है । यूजीसी बिल लागू करने का समर्थन एवं 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को पात्रता परीक्षा टीईटी से मुक्त करने के समर्थन में हो रहे राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन का समर्थन करते हुए शिक्षकों को पात्रता परीक्षा से मुक्त करने की मांग की गई है।

## जनसुनवाई शासन की प्राथमिकता इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम



**उरई (जालौन)।** होली त्यौहार सकुशल संपन्न होने के बाद शुक्रवार से सरकारी कामकाज शुरू हो गये। इसीक्रम में विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने कक्षों में बैठकर आने वाली समस्याओं को सुना और उनके समाधान के निर्देश भी दिये। वहीं जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई की जहां उन्होंने दूर दराज से आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुनने के साथ ही संबंधित अधिकारियों से वर्चुअल आवश्यक निर्देश भी दिये। जनपद में सुशासन और पारदर्शी प्रशासन की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अपने कार्यालय कक्ष से वर्चुअल माध्यम के जरिए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को जोड़कर जनसुनवाई की। इस दौरान दूर-दराज क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रशासन का मूल उद्देश्य जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना है, इसलिए सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

## संदिग्धावस्था में एक किशोर का शव फांसी पर लटका मिला



**मौदहा हमीरपुर।** थाना क्षेत्र बिवांर के ग्राम पारा निवासी साहिल उर्फ भोला 16 वर्ष पुत्र कमल सिंह का शव उसके ही खेत में बने घर पर शुक्रवार को संदिग्ध हालत में फांसी पर लटकता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। यह खबर गांव में फैलते ही घटना स्थल पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया और मृतक के परिजन भी रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच विलाप करने लगे। मृतक के चचेरे भाई चंदन सिंह ने साहिल की हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की है फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। वह गांव के परिषदीय विद्यालय में कक्षा 8 का छात्र था उसके परिजनों ने बताया कि साहिल गुरुवार की शाम से गायब था जिसे रात में गांव व आसपास काफी तलाशा लेकिन वह नहीं मिला और शुक्रवार की सुबह उनके खेत में बने घर पर उसका शव संदिग्ध हालत में लटकता मिला फिलहाल इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है वहीं इस घटना को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।

## दिन के साथ रात का तापमान बढ़ने से गेहूं का उत्पादन गिरने की आशंका

**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



दिन के साथ रात का तापमान बढ़ने से गेहूं की फसल असमय पककर तैयार होने लगी है। इससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बनने लगी है। जिससे किसान चिंतित होने लगे हैं मार्च माह शुरू होते ही तापमान में निरंतर इजाफा हो रहा है। दिन के साथ रात के तापमान में भी बढ़ोतरी होने लगी है। अचानक तापमान बढ़ने से गेहूं की लहलहा रही हरी भरी फसलें पीलापन लेने लगी हैं। किसानों के अनुसार यह तापमान में हुए इजाफे का असर है। तापमान बढ़ने से गेहूं की फसल की कटाई 15 मार्च के बाद शुरू होने के आसार बनने लगे है। जबकि अमूमन गेहूं की कटाई अप्रैल माह में शुरू होती है लेकिन जिस तरह के हालात बनते जा रहे हैं। उससे गेहूं की कटाई 15 दिन पूर्व शुरू होने का अनुमान है।

किसान मानसिंह, उदयभान, इंद्रपाल यादव, नवीन यादव, सुरेश कुमार, धीरेंद्र यादव आदि ने बताया कि दिन में तेज धूप निकलने तथा रात में सर्दी के बजाय गर्मी बढ़ने से गेहूं की उत्पादन क्षमता कम होने की आशंका है क्योंकि तापमान बढ़ने से गेहूं की फसल अचानक पीली पड़ने लगी है। इससे लगता है कि फसल 15 दिन पूर्व ही पककर तैयार हो जाएगी। अगर ऐसा ही हाल बना रहा और तापमान लगातार बढ़ता गया तो तय है कि गेहूं की उत्पादन क्षमता में असर पड़ेगा। क्योंकि इस समय गेहूं को गर्मी की नहीं बल्कि सर्दी की जरूरत है। सर्वाधिक असर पिछैती गेहूं पर पड़ने की संभावना है। अगौती फसल फिलहाल कम प्रभावित होगीकृषि रक्षा इकाई के तकनीकी सहायक अजित कुमार शुक्ला के अनुसार बढ़ता हुआ तापमान गेहूं की फसल को अवश्य प्रभावित करेगा।


**सूचना**

मैं शपथनी जाहिदा पत्नी हनीफ नि. ग्राम अधीनपुर थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर सशपथपूर्वक बमान करती हूँ कि मेरा नाम इंडियन बैंक शाखा रेहरा बाजार में त्रुटिवश बड़का लिख गया है जो गलत है मेरा सही नाम जाहिदा पत्नी हनीफ है भविष्य में मुझे जाहिदा के नाम से जाना जाए।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र शेर सिंह व पुत्रवधू संध्या उर्फ काजल का आचरण अच्छा नहीं होने के कारण अपनी पत्नी विरला देवी की सहमति से इन दोनों से संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य या लेन देन की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। नेकराम पुत्र मुरली निवासी ग्राम सरैया, खड़िनी थाना सौरिख, तहसील छिबरामऊ (कन्नौज)।


# पत्रकार साथी संगठन न बनाकर संगठित होकर आगे बढ़ेः केपी सिंह

- पत्रकारों के होली मिलन समारोह में एकजुट होकर काम करने का दिया संदेश
- पत्रकारिता ग्राउंड पर करना चाहिए ताकि आपको किसी भी तरह से परेशानी का सामना न करना पड़े

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



नगर के राठ रोड स्थित शंकर बैंक्विट हॉल में जनपद के पत्रकारों का भव्य होली मिलन समारोह बड़े उत्साह और सौहार्द के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों के बीच आपसी संवाद, सहयोग और पत्रकारिता के बदलते परिवेश पर एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार केपी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान पत्रकारिता के वर्तमान स्वरूप, चुनौतियों और पत्रकारों की जिम्मेदारियों को लेकर खुलकर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि केपी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में पत्रकारों को नए-नए संगठन बनाने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि एकजुट होकर संगठित होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं और उनकी जिम्मेदारी समाज के प्रति बेहद महत्वपूर्ण है। यदि पत्रकार आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर काम करेंगे तो उनकी आवाज और अधिक प्रभावशाली होगी तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में उनकी भूमिका और मजबूत होगी। कार्यक्रम को वरिष्ठ पत्रकार राकेश द्विवेदी, राजेश द्विवेदी, मान्यता प्राप्त पत्रकार सुधीर त्रिपाठी, देवेंद्र त्रिपाठी, सत्येन्द्र पस्तोर, सुनील शर्मा, सुधीर राणा, देवेन्द्र शुक्ला, अनुज कौशिक, रमेश पांचाल, संजय दुबे ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने पत्रकारिता के बदलते स्वरूप और आज के दौर में पत्रकारों के सामने आने वाली चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने लंबे अनुभवों को साझा करते हुए युवा पत्रकारों को निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के संयोजक संजय गुप्ता ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य पत्रकारों के बीच आपसी संवाद, सहयोग और सौहार्द को बढ़ावा देना है। पत्रकार अरुण सिंह सेंगर ने कहा कि पत्रकारों के कार्यक्रम में अक्सर देखा जाता है कि नेता मंच पर बैठ जाते हैं और पत्रकारों को नीचे बैठना पड़ता है, जबकि पत्रकारों के कार्यक्रम में सिर्फ वरिष्ठ पत्रकार को ही मंच पर स्थान मिलना चाहिए। आज आयोजित यह कार्यक्रम पूरी तरह पत्रकारों का है। इस कार्यक्रम में मंच पर वरिष्ठ पत्रकारों को स्थान दिया गया ताकि वह अपने अनुभव और संघर्ष की कहानियां साझा कर सकें, जिससे युवा पत्रकारों को सीखने का अवसर मिले। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार राकेश द्विवेदी ने अपने अनुभव शेयर करते हुए कहा कि आज की पत्रकारिता का दौर बहुत जटिल है जहां एक पत्रकार यदि किसी विभाग की पोल खोलता है तो वहीं दूसरा पत्रकार अपने को अधिकारी का करीबी बनने के चलते उस पत्रकार की बुराई अधिकारियों से करता है और अधिकारी इसका फायदा उठाने की पूरी कोशिश में रहते हैं, ऐसी स्थिति में पत्रकारिता का स्तर गिरता है जो बेहद गंभीर सवाल खड़े करता है, उन्होंने नवोदित पत्रकारों से स्वच्छ पत्रकारिता करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनिल शर्मा, संजय श्रीवास्तव, राकेश ठाकुर, आशुतोष शर्मा, अरुण सेंगर, वरुण द्विवेदी, अजय मिश्रा, कुलदीप गोस्वामी, शिवम शर्मा, कार्तिकेय गुबरेले, मुनव्वर अली, रमेश पांचाल, सुशील पांडेय, रामआसरे त्रिवेदी, विजय शंकर शुक्ला, कमलकांत द्विवेदी बाबा, शानू पत्रकार, उपेन्द्र गुर्जर, इरफान बाबा, मुबीन, पुरषोत्तम रिछारिया, हरिश्चंद्र तिवारी, रविकांत द्विवेदी, प्रमोद यादव, कृष्ण पाल सिंह, अखिलेश सोनी, संजय कुमार, गोपाल सोनी, मनीष सिंह जादौन, सुंदरम सोनी, कैलाश, शिवांशु सिंह, राजीव पोरवाल, राजकुमार गुप्ता, रॉकी पाण्डेय, अजीत उपाध्याय, दीपक उदैनियां, मनोज कुमार सैनी, राकेश व्यास, राकेश बाथम, शिवम् यादव, कपिल रावत, दीपक प्रजापति, तारिक अंसारी रानू, जी.एम. हुसैन अली, पुष्पेन्द्र गोस्वामी सहित जनपद के बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे माधौगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार प्रिंस द्विवेदी ने पत्रकारों को निर्भीकता से पत्रकारिता करने का संदेश दिया।

# हिंदू पर हमला करने वाले 11 अभियुक्त गिरफ्तार

▸ एसपी की सख्त कार्य शैली एवं त्वरित कार्यवाही से अपराधी पहुंचे सलाखों के पीछे



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत बीते गुरुवार को होली खेलने के जश्न के दौरान गैर समुदाय के लोगों के द्वारा हिंदू पक्ष के लोगों के ऊपर किए गए जानलेवा हमले में रायबरेली पुलिस पूर्ण रूप से सक्रिय दिखी, घटना के बाद तत्काल अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने स्थानीय थाने के परिसर में पहुंचकर मोर्चा संभालते हुए जनसमूह के आक्रोश को शांत कराया और पुलिस अधीक्षक रायबरेली रवि कुमार ने तत्काल घटनास्थल का जायजा लेते हुए अभियोग पंजीकृत कर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी महाराजगंज प्रदीप कुमार की अगुवाई में थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा उक्त मामले के संबंध में स्थानीय थाने पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 112/ 2026 धारा 191(2)/191(3)/190/109(1)/74/115(2 /352/ 351 (3)/ 3(5)/125 भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति नृशंसता 3(2)(1) निवारण अधिनियम 1989 (संशोधन 2015) के अंतर्गत छह अभियुक्त एवं पांच अभियुक्ता 1.इदरीश पुत्र हसन उम्र 45 वर्ष, 2. साहिल पुत्र इदरीश उम्र 19 वर्ष, 3. आमिर पुत्र हसनू उम्र 30 वर्ष, 4. मोहम्मद आरिफ पुत्र हसनू उम्र 33 वर्ष, 5. अकबर पुत्र इदरीश उम्र 18 वर्ष, 6. सुहैल पुत्र नादिर हुसैन उम्र 18 वर्ष, 7. राबिया बानो पत्नी मोहम्मद आमिर उम्र 24 वर्ष, 8. सानिया पुत्री इस्लाम उम्र 18 वर्ष, 9. आलिया पत्नी इदरीश उम्र 40 वर्ष, 10. आफिया पुत्री इदरीश उम्र 19 वर्ष समस्त निवासीगण किला मोहल्ला वार्ड नंबर वार्ड नंबर 2 कस्बा व थाना बछरावां जनपद रायबरेली एवं आशिया पत्नी इरफान पुत्री इदरीश उम्र 22 वर्ष निवासिनी किला मोहल्ला वार्ड नंबर 2 कस्बा बछरावां जनपद रायबरेली, वर्तमान पता कैना थाना पुरवा जनपद उन्नाव को गिरफ्तार कर स्थानीय थाने पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। उक्त अभियुक्त/ अभियुक्ताओं को गिरफ्तार करने में प्रभारी निरीक्षक बछरावां श्याम कुमार पाल, उप निरीक्षक राजन तिवारी, उप निरीक्षक सैयद नियाजी हुसैन, आरक्षी काशिफ अहमद, आरक्षी देव रावत सहित स्थानीय थाने की समस्त पुलिस टीम की माहिती भूमिका रही।

# खामनेई की शोहदाये राहें हक की याद में जैदपुर में हुई मजलिस

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान की जंग मे शहीद हुए रहबरआलिमे इंसानियत आयतुल्ला अली खामेनेई व दिगर शोहदाये राहें हक की याद मे शुक्रवार को बाद नमाजे जुमा जैदपुर की शिया जमा मस्जिद छोटी बाजार मे एक एहतेजाजी जलसा व मजलिसे अजा का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या मे लोगो की मौजूदगी में मौलाना फ़ैज़ अब्बास मशहदी साहब सहित अन्य तमाम ओलमाओं ने खिताब फरमामा। जानकारी के अनुसार जैदपुर की शिया जमा मस्जिद में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद एहतेजाजी जलसा व मजलिसे तरहीम का आयोजन किया गया।जिसकी निजामत मौलाना जहीन रिजवी ने की। जहां मौलाना जैगम अब्बास ,मौलाना रजा मुसवी,मौलाना बिजाअत रिजवी,मौलाना आलिम मेहंदी, मौलाना सरताज हुसैन,मौलाना मो हुसैन,हाफिज रियाजउद्दीन,मौलाना अहमद रजा ने ईरान में शहीद हुए रहबर आलिमे इंसानियत अयातुल्ला सैयद अली खमेनेई की शहादत पर रोशनी डाली। इस मौके पर मास्टर मो आसिफ फारूकी,शहाबुद्दीन सिद्दीकी, मो सईद सहित तमाम शोआराओ व आबिद रजा खान, मोहसिन,नदीम जैदी, शुजा अब्बास, असद रजा, नसीम हैदर ,रिजवान, इब्ने, राजदार रजा, जफरूल हसन,मो हसनैन, रिजवान, नसीम हैदर, इब्नैन,कासिम रजा, सफिउर्रहमान, डाक्टर अख्तर, सहित काफी तादाद में लोग मौजूद थे।

## आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद पुलिस अलर्ट

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** आगामी त्योहार के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु बृहस्पतिवार को देर शाम जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, सम्मान व नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं व बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा द्वारा कस्बा अमेठी में एवं जनपद के थानों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने थानाक्षेत्र में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त किया गया तथा विशेष चेकिंग अभियान चलाकर मुख्य मार्गों, हाइवे, चौराहों, रेलवे स्टेशन एवं शराब की दुकानों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की भी चेकिंग की गयी।

## छुट्टा जानवरों को पकड़ने का चलाया गया अभियान

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** बदोसराय ग्राम पंचायत में छुट्टा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया गया। पशु व विकास विभाग की टीम ने इस दौरान एक दर्जन से अधिक जानवरों को पकड़ा और उन्हें गौशाला भिजवाया। यह अभियान उप पशुचिकित्साधिकारी डॉ. गया प्रसाद के नेतृत्व में शुक्रवार सुबह से दोपहर तक चला। पकड़े गए जानवरों को रामसहाय और हजरतपुर स्थित गौशालाओं में भेजा गया है। प्रशासन ने यह कदम छुट्टा जानवरों से होने वाली दुर्घटनाओं और फसलों को होने वाले नुकसान की आशंका को देखते हुए उठाया है। डॉ. गया प्रसाद ने बताया कि अभियान के तहत पहले जानवरों को इंजेक्शन लगाकर मूर्छित किया जाता है। इसके बाद उन्हें सुरक्षित रूप से वाहन पर लादकर गौशाला पहुंचाया जाता है। इस प्रक्रिया से जानवरों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है और हादसों की संभावना भी समाप्त हो जाती है। डॉ. गया प्रसाद के अनुसार, संयुक्त टीम सुबह से लगातार यह अभियान चला रही है। उन्होंने यह भी बताया कि यह अभियान पिछले कई दिनों से जारी है और आगे भी जारी रहेगा।

# पुलिस लाइन में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों द्वारा श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा पुलिस लाइन में स्वच्छ वातावरण बनाये रखने हेतु रिजर्व पुलिस लाइन्स में नियुक्त अधिकारी/ कर्मचारीगणों द्वारा साफ-सफाई अभियान के अन्तर्गत वृहद स्वच्छता अभियान चलाकर पुलिस लाइन आवासीय परिसर, कार्यालयों में साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया गया। पुलिसकर्मियों द्वारा अपने आस-पास स्वच्छता रख कर शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया।

## जामों राजभवन में आयोजित हुआ होली मिलन समारोह

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड जामों मुख्यालय स्थित राजभवन जामों में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। राजभवन में 13वां वार्षिक सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात कार्यकर्ताओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संचालक प्रेम शंकर पांडेय ने उमारमण चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में होने वाले सभी कार्यक्रमों के विषय में सम्पूर्ण जानकारी दी। सर्वप्रथम कार्यकर्ताओं के सम्मान के पश्चात होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। मुख्य ट्रस्टी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल भैयाऔर कुंवरानी मधुरिमा सिंह के देखरेख में सभी कार्यक्रम सम्पन्न हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल सिंह, नफीस अहमद, गुड्डू मिश्रा प्रधान, प्रेम शंकर पांडेय, अनंतराम पांडेय, राजेंद्र शुक्ला, सुधाकर श्रीवास्तव, नितिन मिश्रा, त्रियोगी नाथ मिश्रा, डॉ अनिल मिश्रा, रावेंद्र श्रीवास्तव जेई, राम नारायण सिंह, संदीप सिंह, शिवभवन सिंह, नरेंद्र सिंह, पवन सोनी, विनोद शुक्ला, रोहित बारी, भगवती यादव, बाबा रघुनाथ, ललक बारी, रमेश मिश्रा, पंकज सिंह भीखीपुर, वाई. पी. सिंह, पंचायत सहायक जामों आदि उपस्थित रहे।

# निष्कापुर छुलिहा में 7 से 11 मार्च तक पंचदिवसीय सत्संग समारोह

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम निष्कापुर (छुलिहा) में 7 से 11 मार्च 2026 तक पंचदिवसीय भव्य सत्संग समारोह एवं संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन ब्रह्मलीन वसुधा बंद विश्व सेवक स्वामी श्री करुणेश जी महाराज की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। कार्यक्रम में देश के विभिन्न तीर्थ स्थलों से पधारे संत-महात्मा श्रद्धालुओं को कथा, प्रवचन और सत्संग का अमृतपान कराएंगे।

समारोह के प्रथम दिवस 7 मार्च को कामाख्या धाम से पधारे पूज्य इंद्रेश कौशिक जी महाराज भक्तों को आध्यात्मिक प्रवचन एवं कथा सुनाएंगे। द्वितीय दिवस 8 मार्च को प्रसिद्ध कथावाचिका पूज्य सुरभि द्विवेदी श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और संस्कृति का संदेश देंगी। तृतीय दिवस 9 मार्च को श्री रामदेव दास जी रामायणी द्वारा रामकथा का रसपान कराया जाएगा। चौथे दिवस 10 मार्च को पूज्य सुश्री शिवांगी दीदी श्रद्धालुओं को भक्ति, संस्कार और सनातन संस्कृति के महत्व से अवगत कराएंगी। समारोह के समापन दिवस 11 मार्च को नैमिषारण्य धाम से पधारे स्वामी वीरेंद्रानंद पुरी जी महाराज के दिव्य प्रवचनों के साथ कार्यक्रम का भव्य समापन होगा।

कार्यक्रम के आयोजक गंगा बक्श सिंह ने बताया कि पांच दिनों तक चलने वाले इस आध्यात्मिक आयोजन में प्रतिदिन भजन-कीर्तन, कथा और संत प्रवचन का आयोजन होगा। उन्होंने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सत्संग का लाभ लेने की अपील की है।

## ई रिक्शा पलटने से दो महिलाएं घायल



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** बदोसराय कस्बे में शुक्रवार दोपहर एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में भवानीपुर ददरौली निवासी दो महिलाएं आरती देवी और बृजेश कुमारी घायल हो गईं। उन्हें उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय सिरौली गौसपुर में भर्ती कराया गया है।यह हादसा बदोसराय से सफदरगंज मार्ग पर स्थित एक पेट्रोल पंप के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क पर पलट गया।घायल महिलाएं भवानीपुर ददरौली से कोटवाधाम जा रही थीं। वे वहां एक गोद भराई कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकली थीं।ई-रिक्शा पलटने के बाद स्थानीय दुकानदार और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को संयुक्त चिकित्सालय सिरौली गौसपुर ले जाया गया।

## खबरें एक नजर में

### जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। डीएम ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में यदि लापरवाही बरती गई तो उत्तरदायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### 25 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा बढ़ते अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व 卐नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना कमरौली पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान लवकुश पुत्र श्यामलाल कोरी निवासी रोड नं. 3 थाना कमरौली को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 25 ग्राम स्मैक बरामद हुआ है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### एक जिला बदर चढ़ा पुलिस के हत्थे



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर जिलाबदर अभियुक्त परमानन्द यादव उर्फ परमा यादव पुत्र चन्द्रिका यादव निवासी मिश्रौली वार्ड सं0 10 थाना गौरीगंज को अभियुक्त के घर के पास से गिरफ्तार किया गया है। थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### कुएं में मिला दो दिन से लापता बुजुर्ग का शव



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक बुजुर्ग का शव गांव के बाहर कुएं में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी मच गई। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग पिछले दो दिनों से घर से लापता था। परिजनों के लगातार तलाश करने के बाद भी उनका कहीं पता नहीं चल सका था। शुक्रवार की सुबह गांव के बाहर स्थित एक कुएं में बुजुर्ग का शव दिखाई देने के बाद ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते मौके पर आस पास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही जामों पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से निकलवाकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मामला जामों थाना क्षेत्र के पूरे दुनिया बरौलिया गांव का बताया जा रहा है मृतक की पहचान ग्राम निवासी रामआसरे उम्र लगभग 65 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस बुजुर्ग की मौत के कारणों की हर ऐंगल से जांच कर पता लगाने में जुटी हुई है।

# जनपद में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं: डीएम



▸ भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर दर्ज होगी एफआईआर:डीएम

**2268000 लीटर पेट्रोल एवं 2857000 लीटर डीजल उपलब्ध**

जनपद के पेट्रोल पम्पों पर छह फरवरी को उपलब्ध डीजल/ पेट्रोल पर कितनी मात्रा में डीजल पेट्रोल उपलब्ध है, इसकी सूचना जिला प्रशासन द्वारा की गई है। इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम सहित सरकारी विपणन कम्पनियों के पास जनपद में कुल -2268000 लीटर पेट्रोल एवं 2857000 लीटर डीजल की उपलब्धता पेट्रोल पम्पों पर है। इसके अतिरिक्त जिओ एवं नैयारा पेट्रोल पम्पों पर भी डीजल पेट्रोल उपलब्ध है।

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की कमी होने संबंधी भ्रामक सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने स्पष्ट किया है कि यह सूचना पूरी तरह निराधार एवं भ्रामक है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य एवं सुचारु रूप से संचालित हो रही है। प्रशासन द्वारा जनपद के पेट्रोल पंपों की स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है और कहीं भी ईंधन की कमी की कोई स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अनावश्यक भ्रम एवं अफवाह फैलाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे आमजन में अनावश्यक चिंता की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। प्रशासन द्वारा ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए विभिन्न माध्यमों के जरिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति पेट्रोल-डीजल की कमी संबंधी भ्रामक सूचना या अफवाह फैलाते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अपुष्ट या भ्रामक सूचना पर विश्वास न करें तथा सोशल मीडिया पर ऐसी सूचनाओं को साझा करने से बचें। किसी भी जानकारी के लिए प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें।

# क्षेत्र में दिखा ईरान-इजरायल के बीच युद्ध का असर,भर-भर कर लोग खरीद रहे हैं तेल

**महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



इजरायल अमेरिका व ईरान के बीच हो रहे युद्ध के नतीजे महराजगंज तहसील क्षेत्र में भी दिखाई पड़ रहे हैं।

पेट्रोल टंकियों पर देखा जा रहा है कि लोग भर भर के तेल भरवा रहे हैं और स्टाक भी लगा रहे हैं महराजगंज बछरावां रोड पर स्थित टंकी पर जब पड़ताल की गई तो जो लोग 100 का तेल लेते थे वह 500 का अपनी बाइक में भरा रहे हैं तो वही बड़ी गाड़ियों में भी अधिक तेल देखने को मिला सेल्समैन ने बताया कि दोपहर तक में 1500 लीटर तेल बिकता था लेकिन आज दोपहर से पहले ही 2000 से अधिक लीटर तेल जो है बिक चुका है पहले से अधिक भीड़ टंकी पर लग रही है और लोग भर भर के तेल भरवा रहे हैं। लोगों को आशंका है कि तेल की कमी पड़ जाएगी इसलिए ज्यादातर टंकियों पर ग्राहकों की भारी भीड़ दिखाई पड़ रही है। वहीं अभी तक भारत सरकार द्वारा तेल के दामों में किसी प्रकार की बढ़ोतरी भी नहीं की गई उसके बावजूद भी लोग टंकियों पर पहुंच रहे हैं वहीं सरकार द्वारा रूस से भी तेल खरीदने की बात चल रही है और खरीदने की बात हो भी चुकी है उसके बावजूद भी लोग आशंका के मारे अधिक तेल खरीद रहे हैं और पेट्रोल टंकियों पर ग्राहकों की भारी भीड़ दिखाई पड़ रही है।

# परीक्षा उत्तीर्ण करने पर हुआ बालिका का सम्मान

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर छात्रा चांदनी को सम्मानित किया गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय चौबीसी के हेड मास्टर एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अपने विद्यालय की कक्षा 8 की छात्रा चांदनी को परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल का नाम रोशन करने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में ग्राम प्रधान शिव मोद मौर्य एवं धर्मेंद्र प्रताप सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष डॉ विवेक कुमार गुप्ता, ब्लॉक कोषाध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव, दीपक मिश्रा, सुजीत शर्मा राकेश कुमार, मूवीन अहमद, सत्यधर द्विवेदी, अविनाश मिश्रा, प्रतीक्षा गुप्ता, सीमा डांग, शैल कुमारी, हरदयाल एवं छात्र के पिता राम चरण मौर्या उपस्थित रहे।

सम्मान समारोह में उपस्थित लोगों ने बालिका और उनके पिता का माल्यार्पण कर एवं बालिका को पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया। हेडमास्टर धीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जाती है जिसके द्वारा बच्चों को शिक्षा के लिये प्रोत्साहित किया जाता है और उनकी शिक्षा व्यवस्था में सहयोग किया जाता है। जिला उपाध्यक्ष डॉ विवेक कुमार गुप्ता द्वारा बताया गया कि सरकार निरंतर बच्चों के शिक्षा पर विशेष ध्यान देती है और उनका पूरा सहयोग करने के लिए विभिन्न तरह की सुविधाओं के साथ-साथ विभिन्न परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है जिससे की छात्र मुखर हो और उनकी प्रतिभा मे निखार हो और बताया कि शिक्षा ऐसा माध्यम है जिससे बच्चों का भविष्य उज्जवल होता है बच्चों को खेलकूद के साथ-साथ शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए अभिभावकों के द्वारा भी अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देना चाहिए जिससे कि बच्चों की प्रतिभा मुखर हो सके।

सहायक अध्यापिका प्रतीक्षा गुप्ता द्वारा बताया गया कि बच्चों को 3 साल तक बेहतर शिक्षा देने का प्रयास किया गया साथ ही साथ अभिभावक का पूर्ण सहयोग रहा जिसकी वजह से बालिका ने परीक्षा पास कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।



## विषाक्त पदार्थ खाने से महिला की हालत बिगड़ी

**लालगंज, रायबरेली समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के महाखेड़ा गांव में शुक्रवार को एक महिला ने विशाक्त पदार्थ खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने फौरन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल पर कर दिया। गांव निवासिनी पूजा (22) पत्नी ललित को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया गया था। जहां परिवारीजनों ने डॉक्टरों को बताया कि पूजा ने कोई विषाक्त पदार्थ खा लिया है। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना पीआई जरिए पुलिस को दी गई है।

## ग्राम पंचायत बेचुगढ़ में आयोजित हुई ग्राम चौपाल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** उप जिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया द्वारा शुक्रवार को ग्राम पंचायत बेचुगढ़ में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं एवं शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। ग्राम चौपाल के दौरान उप जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

# पिपरिया मामले में अधिकारियों को किया गुमराह

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड बेहटा की ग्राम पंचायत पिपरिया में भ्रष्टाचार चरम पर है जहां ग्रामीणों की शिकायत पर जांच हुई थी जिसमें जिलाधिकारी द्वारा जांच टीम नियमित की गई थी जांच टीम द्वारा जांच किया गया जांच में सचिन प्रधान व रोजगार सेवक तुलसी पाए गए जिस पर जिलाधिकारी द्वारा रोजगार सेवक को बर्खास्त करने के लिए डीसी मनरेगा और खंड विकास अधिकारी बेटा को कार्यवाही के लिए किया गया था और सचिव और प्रधान पर कार्यवाही के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया था जिन पर इन दोनों द्वारा अपने उच्च अधिकारियों को गुमराह करते हुए फाइल को दबा दिया गया जबकि प्रधान सचिव व रोजगार सेवक के द्वारा कोर्ट से गिरफ्तारी का स्टील आए थे गिरफ्तारी स्टेट दिखाकर अपने उच्च अधिकारियों को गुमराह कर दिया गया और बताया गया कि प्रधान रोजगार सेवक और सचिव के द्वारा कोर्ट से स्टे ले आए हैं इसीलिए विभागीय कार्यवाही तक कर दीजिए क्या इस मामले पर सीतापुर जिला प्रशासन वह मुख्य विकास अधिकारी स्वयं संज्ञान लेकर ऐसे अधिकारियों पर क्या कार्यवाही करेंगे बताते चलें पदुम कुमार निवासी ग्राम पंचायत पिपरिया, विकास खण्ड बेहटा द्वारा मनरेगा योजना के अंतर्गत ओम प्रकाश तिवारी, ग्राम रोजगार सेवक द्वारा बरती जा रही गम्भीर अनियमितताओं की शिकायत जिलाधिकारी सीतापुर से की गयी थी। जिलाधिकारी द्वारा इसकी जाँच उपायुक्त श्रम रोजगार सीतापुर से कराई गयी । शिकायत सही पाये जाने पर जिलाधिकारी सीतापुर के कार्यालय आदेश सं0 241 दिनांक 03-06-2025 द्वारा ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव के विरूद्ध मनरेगा योजना के अंतर्गत फर्जीवाड़ा करने के लिए प्रथम सूवना रिपोर्ट दर्ज कराने तथा ग्राम रोजगार सेवक के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करते हुए एक सप्ताह में अवगत कराने के निर्देश दिये गये।

# डीपीआरओ पर भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का आरोप, उठे सवाल

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में तैनात जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) निरीश चंद्र साहू की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में सामने आ रहे भ्रष्टाचार के मामलों में समय पर कार्रवाई न कर उन्हें दबाया जा रहा है, जिससे भ्रष्टाचार में लिप्त प्रधान और सचिवों को संरक्षण मिल रहा है।

बताया जा रहा है कि जिले के कई विकासखंडों से ग्रामीणों द्वारा लगातार अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की शिकायतें की जा रही हैं। कई मामलों में जिलाधिकारी द्वारा जांच के लिए टीम भी गठित की गई और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए, लेकिन आरोप है कि संबंधित फाइलें जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में लंबित पड़ी रहती हैं और समय पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती। ग्रामीणों और शिकायतकर्ताओं का कहना है कि विकासखंड बेहटा की ग्राम पंचायत पिपरिया, विकासखंड परसेंडी की ग्राम पंचायत तालगांव तथा विकासखंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत पहाड़पुर सहित कई ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में अनियमितता और वित्तीय गड़बड़ियों की शिकायतें सामने आई हैं। जांच में कई मामलों में प्रधान और सचिवों की भूमिका संदिग्ध पाई गई, लेकिन आरोप है कि डीपीआरओ स्तर पर फाइलों को दबाकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय पर सख्त कार्रवाई की जाए तो ग्राम पंचायतों में होने वाले भ्रष्टाचार पर काफी हद तक रोक लग सकती है। लेकिन कार्रवाई में देरी या ढिलाई के कारण दोषियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का यह भी आरोप है कि जिला पंचायत राज अधिकारी के स्तर पर केवल औपचारिकता पूरी की जाती है और भ्रष्टाचार के मामलों में वास्तविक कार्रवाई नहीं हो पाती। इससे आम जनता में नाराजगी बढ़ रही है और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

अब सवाल यह उठ रहा है कि जिला प्रशासन इस पूरे मामले का संज्ञान लेकर डीपीआरओ निरीश चंद्र साहू की कार्यशैली की जांच कब कराएगा और भ्रष्टाचार के मामलों में दोषियों के विरुद्ध कब सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता और जवाबदेही कायम हो सके।

# यूपीएस निजामपुर द्वितीय ने पाया जनपद में प्रथम स्थान

- चयनित छात्रों का विद्यालय में हुआ स्वागत

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित 132 छात्रों की सूची में अकेले यूपीएस निजामपुर द्वितीय से 11 छात्रों ने चयनित होकर जनपद में विद्यालय को प्रथम स्थान दिलाया।

जनपद में सर्वोच्च टॉप टेन की सूची में भी विद्यालय की सपना ने द्वितीय, देव ने तृतीय, श्रद्धा ने चतुर्थ, पायल ने पांचवा एवं अनुष्का सिंह ने छठा स्थान प्राप्त कर विद्यालय के गौरव को बढ़ाया। विद्यालय में 100 छात्र पंजीकृत हैं जबकि केवल दो ही अध्यापक कार्यरत हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चों को चयनित करवा कर विद्यालय का नाम जनपद स्तर पर रोशन किया है। परिणाम आने के बाद इन 11 छात्रों सपना, देव, श्रद्धा, पायल, अनुष्का, नंदिनी, सिम्मी, गौरी गुप्ता, अनुष्का राठौर, गौरी सिंह एवं अनन्या को माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय आविष्कार अभियान 2026 में भी जनपद में मॉडल प्रतियोगिता में पांचवा स्थान प्राप्त कर छात्र देव को एक टैबलेट भी प्राप्त हुआ है। इसके अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता में भी विकासखंड की टीम की तरफ से सपना, देव, श्रद्धा ने अपनी टीम को जितवाकर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त कराया। साथ ही पाठ्य सहगामी क्रियो में भी मंडल स्तर पर राष्ट्रीय एकांकी में प्रथम एवं समूह गायन में द्वितीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम मंडल स्तर पर भी रोशन किया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक दिनेश प्रताप सिंह ने बताया गत वर्ष भी यहां के नौ छात्रों का चयन राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में हुआ था जो जनपद में सर्वाधिक चयन थे।

गत चार वर्षों में विद्यालय के 37 छात्रों का चयन राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में हो चुका है जिसके अंतर्गत प्रत्येक बच्चे को 48000 छात्रवृत्ति के रूप में बच्चों को मिलेंगे। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष हरेंद्र सिंह एवं अरविंद पाठक ने बच्चों को आशीष प्रदान किया एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इंचार्ज प्रधानाध्यापक दिनेश प्रताप सिंह एवं सहायक अध्यापक आकांक्षा सिंह ने समस्त चयनित विद्यार्थियों को माला पहना कर एवं मिष्ठान खिलाकर बधाई दी।

# आयुष्मान कार्डः सीएचसी सहित 17 केंद्रों पर लगे कैंप

- ग्राम असालत में आयोजित कैंप का निरीक्षण
- पात्र लाभार्थियों को योजना की दी जानकारी

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता के निर्देशन में जनपद में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को जनपद के 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), दो जिला स्तरीय केंद्रों तथा एक मेडिकल कॉलेज में आयुष्मान मित्रों द्वारा विशेष कैंप लगाकर लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

इसी क्रम में विकास खंड छिबरामऊ के ग्राम पंचायत असालत में आयोजित आयुष्मान कार्ड कैंप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया का जायजा लिया गया और मौजूद लाभार्थियों को योजना से संबंधित जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि आयोजित कैंप में अब तक 10 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड शीघ्रता से बनाए जाएं, जिससे अधिक से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ मिल सके।

# राधा बल्लभ सरकार का वार्षिकोत्सव संपन्न

- हवन-पूजन के बाद हुआ भंडारा
- सैकड़ों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद



कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

शहर के प्राचीन सिद्धपीठ नगरकोटि पीताम्बरा मां मंदिर परिसर में स्थापित श्री राधा बल्लभ सरकार की पहली वर्षगांठ पर शुक्रवार को वार्षिकोत्सव समारोह श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हवन, पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। आशा परिवार के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे आचार्य पंडित कौशल किशोर महाराज के नेतृत्व में हुआ।

मुख्य यजमान विपिन दीक्षित ने पत्नी सहित विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इसके बाद श्री राधा बल्लभ सरकार सहित मंदिर परिसर में स्थित सभी देवी-देवताओं की पूजा की गई। हवन अनुष्ठान के दौरान आशा परिवार और उपस्थित श्रद्धालुओं ने मुख्य यजमान के साथ यज्ञ में आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। हवन के उपरांत यजमान विपिन दीक्षित ने परिवार सहित कन्या पूजन कर संत-महात्माओं का सम्मान किया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कन्हैया दीक्षित, विष्णु शुक्ला, हिमांशु शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा।

# रमजान के तीसरे जुमे की नमाज में अमन-शांति के लिए दुआएं



छिबरामऊ, कन्नौज। रमजान उल मुबारक के तीसरे जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण और सकुशल ढंग से अदा की गई। नमाज के बाद नमाजियों ने देश और दुनिया में अमन, शांति तथा सुकून के लिए खुलकर दुआएं मांगीं। मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजी मौजूद रहे और उन्होंने अल्लाह से पूरी दुनिया में युद्ध, अशांति और फसाद खत्म होकर स्थायी अमन कायम होने के8 दुआ की। मालूम हो कि रमजान उल मुबारक का दूसरा अशरा चल रहा है और तीसरा जुमा कल संपन्न हुआ। जुम्मे की नमाज पढ़ने को लेकर मस्जिदों में अजान होने से पहले ही बड़ी तादाद में लोग पहुंचने लगे और देखते ही देखते मस्जिदें भर गईं थीं। इस दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। नमाज के वक्त मस्जिदों के आसपास, बाहर के इलाकों, सार्वजनिक स्थलों और प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि कोई अप्रिय घटना न हो और नमाज सुकून से पूरी हो सके।

# मंदिर की व्यवस्था में सौंपी अलग-अलग जिम्मेदारी

- आय-व्यय का प्रस्तुत किया गया ब्यौरा

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



नगर के मोहल्ला ग्रेसीगंज हनुमानगढ़ी स्थित श्रीराधा-कृष्ण एवं खाटूश्याम मंदिर समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष विपिन द्विवेदी के आवास पर हुई बैठक में मंदिर की व्यवस्थाओं को लेकर पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान आय-व्यय का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान मंदिर संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। विपिन द्विवेदी एडवोकेट ने बाबा के प्रतिदिन श्रंगार हेतु जिम्मेदारी सौंपी। इसके लिए प्रतिदिन प्रति व्यक्ति से माला व फूल का खर्चा एवं अन्य व्यवस्थाएं शामिल रहीं। उन्होंने कहा कि जो लोग श्रंगार में अपना योगदान देना चाहें वह संपर्क कर सकते हैं। ट्रस्ट का व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। इसमें मंदिर निर्माण से लेकर प्राण-प्रतिष्ठा व भंडारे में हुए खर्च का आय-व्यय का ब्यौरा कोषाध्यक्ष अमित तिवारी से फोन पर हुई वार्ता के बाद विपिन द्विवेदी, पवन गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, आशुतोष दुबे के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बीमारी के चलते कोषाध्यक्ष बैठक में नहीं पहुंच सके। ऐसे में विपिन द्विवेदी ने ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसमें कुल खर्चा 10 लाख 31 हजार 108 रूपये और लगभग 1 लाख 50 हजार रूपये की सामग्री दान में आई। अन्य सामग्री व दान के अलावा 5 लाख 72 हजार 737 रूपया विपिन द्विवेदी व निगोह खास की प्रधान शिप्रा द्विवेदी ने अपने पास से किया।

बैठक में पंकज वर्मा एडवोकेट, अंकित तिवारी, पवन गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, आशुतोष दुबे, रविंद्र गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, पीयूष गुप्ता, शिवम त्रिपाठी, श्याम त्रिपाठी, विनीत त्रिपाठी, प्रवीन, रजत त्रिपाठी, वैभव दुबे, विनीत दुबे, राहुल राठौर, गोपाल दुबे, विवेक दीक्षित, अनुराग आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### भाजपा की सनातन धर्म समर्थक होने की पोल खुलीः विनोद दुबे



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज। जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद दुबे ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ प्रयागराज में दर्ज प्राथमिकी पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस घटना से भाजपा की सनातन धर्म समर्थक होने की पोल खुल गई है। जिस पवित्र स्थान को सनातनी मानते हैं, वहां शंकराचार्य को स्नान तक नहीं करने दिया गया। विनोद दुबे ने आरोप लगाया कि शंकराचार्य पर प्राथमिकी दर्ज कराने वाला कभी सच्चा सनातनी नहीं हो सकता। असली योगी वही है जो माया से दूर रहता है; वस्त्र पहनने या कान छिदवाने से कोई योगी नहीं बन जाता। उन्होंने व्यंग्य किया कि योगी आदित्यनाथ शंकराचार्य से योगी का सर्टिफिकेट मांग रहे थे, जबकि खुद के पास ऐसा कोई प्रमाण-पत्र नहीं है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के इस दौर में यह सरकार अब तक की सबसे झूठी साबित हुई है। जब सरकार जाने वाली है, तब मुख्यमंत्री जापान जाकर एक लाख करोड़ का एमओयू कर लाए हैं। महंगाई चरम पर है; सोना इतना महंगा हो गया कि लोग शादियों में जेवर नहीं दे पा रहे।

### बच्चे के अपहरण का प्रयास, मामला दर्ज

छिबरामऊ, कन्नौज। सिकंदरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के महोई गांव में 5 वर्षीय बच्चे के अपहरण का प्रयास किया गया। इस मामले में प्राथमिक की दर्ज की गई है। बच्चे की मां कल्पना के अनुसार उनके पड़ोसी रवि ने उनके बेटे को जान से मारने की नीयत से अगवा किया और तालाब के किनारे ले गया। मोहल्ले के लोगों ने बच्चे को संदिग्ध हालत में ले जाते देख उन्हें इसकी सूचना दी। इस पर मेरे सहित अभिषेक मौके पर पहुंचे और अपने बेटे को आरोपी के चंगुल से छुड़ाने का प्रयास किया तो आरोपी रवि ने उनके साथ मारपीट की। उसने मेरे कपड़े फाड़ दिए और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। कल्पना का आरोप है कि घटना के बाद जब वह शिकायत दर्ज कराने कोतवाली पहुंची तो रात्रि ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी ने उन्हें वहां से भगा दिया और अपशब्द कहे। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी विष्णु कांत तिवारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पेट्रोल-डीजल की किल्लत की खबरें अफवाहः विजय द्विवेदी



कन्नौज, समृद्धि न्यूज। ईरान-अमेरिका के बीच तनाव को लेकर देश में तेल आपूर्ति प्रभावित होने और पेट्रोल-डीजल की कमी की खबरों को पेट्रोलियम एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय द्विवेदी ने पूरी तरह अफवाह बताया है। उन्होंने कहा कि जनपद में कहीं भी ईंधन की कमी नहीं है और सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल व डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। विजय द्विवेदी ने बताया कि सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से फैल रही भ्रामक खबरों के कारण कुछ स्थानों पर लोग अनावश्यक रूप से पेट्रोल-डीजल भरवाने के लिए पंपों पर पहुंच रहे हैं, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन रहा है। जबकि वास्तविक स्थिति यह है कि जिले में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। उन्होंने आम जनता और वाहन चालकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत से अधिक ईंधन का भंडारण न करें। ऐसा करने से अनावश्यक भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति बन सकती है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई पेट्रोल पंप संचालक कृत्रिम कमी दिखाकर ईंधन देने से मना करता है या निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूलता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भूमि संरक्षण एवं जल संरक्षण की कच्छपि गति पर डीएम ने लगायी फटकार

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

- प्रत्येक पात्र किसान तक लाभ पहुंचाने में न बरतें लापरवाही

जनपद में संचालित भूमि संरक्षण एवं जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में योजनाओं की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाई, निर्देश दिए कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र किसान तक पहुंचाया जाए, तथा कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि संरक्षण एवं जल संरक्षण की योजनाएं किसानों की आय बढ़ाने, बंजर भूमि के सुधार और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं। इसलिए, सभी अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर किसानों से संवाद स्थापित करें, उन्हें योजनाओं की जानकारी दें और उन्हें योजनाओं से जोड़ते हुए शत-प्रतिशत लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान पाया गया कि भूमि संरक्षण इकाई राष्ट्रीय जलागम द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना बीहड़ बंजर सुधार के अंतर्गत 501.86 हेक्टेयर के लक्ष्य के सापेक्ष केवल 300 हेक्टेयर में ही कार्य कराया गया है। वहीं खेत तालाब योजना के अंतर्गत 230 तालाबों के लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 09 तालाब ही निर्मित किए गए हैं। इसी प्रकार भूमि संरक्षण इकाई राष्ट्रीय जलागम प्रथम द्वारा 300 हेक्टेयर के लक्ष्य के सापेक्ष 190 हेक्टेयर में कार्य कराया गया है तथा 230 खेत तालाबों के लक्ष्य के सापेक्ष केवल 10 तालाब बनाए गए हैं। भूमि संरक्षण इकाई राष्ट्रीय जलागम द्वितीय द्वारा 630 हेक्टेयर के लक्ष्य के सापेक्ष 294 हेक्टेयर में कार्य कराया गया है, जबकि 230 खेत तालाबों के लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 12 तालाब ही बनाए गए हैं। वहीं भूमि संरक्षण इकाई डीपीएपी द्वारा 552 हेक्टेयर के लक्ष्य के सापेक्ष केवल 195 हेक्टेयर में ही कार्य कराया गया है तथा 230 खेत तालाबों के लक्ष्य के सापेक्ष 10 तालाब ही बनाए गए हैं। प्रगति अपेक्षित न मिलने पर जिलाधिकारी ने चारों इकाइयों के अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करते हुए कार्यों में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कराए गए सभी कार्यों का स्थलवार फोटो प्रलेखन तैयार कर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया जाए, ताकि कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का प्रभावी मूल्यांकन किया जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि फील्ड में सक्रिय रहकर कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें और किसानों को योजनाओं से जोड़ते हुए जल संरक्षण एवं भूमि सुधार के कार्यों को अभियान के रूप में आगे बढ़ाएं, जिससे अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, उप कृषि निदेशक एसके उत्तम, भूमि संरक्षण अधिकारी गौरव यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी मधुवेश पाठक आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।





भूमि संरक्षण एवं जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा करते डीएम।

# गुगरापुर विद्यालय में एसएमसी की बैठक नामांकन अभियान व परीक्षा तैयारी पर चर्चा

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

पीएमश्री उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय गुगरापुर में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक एसएमसी अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व निर्धारित एजेंडे के अनुसार विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत वार्षिक परीक्षा सत्र 2025-26 की तैयारियों की समीक्षा से हुई। इसके साथ ही नए शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए विद्यालय में अधिक से अधिक छात्रों के नामांकन हेतु विशेष अभियान चलाने की रणनीति पर विचार- विमर्श किया गया। बैठक में आउट ऑफ स्कूल बच्चों को चिन्हित कर उन्हें विद्यालय से जोड़ने पर भी चर्चा की गई। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में साफ- सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा गुणवत्ता युक्त सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान ब्लॉक प्रमुख द्वारा घोषित निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कराने के संबंध में एसएमसी अध्यक्ष ने प्रमुख से फोन पर वार्ता कर प्रगति की जानकारी भी ली। साथ ही विभिन्न मदों में प्राप्त धनराशि के उपयोग पर भी चर्चा की गई। इंचार्ज प्रधानाध्यापक राकेंद्र सक्सेना ने बताया कि शासन की विभिन्न योजनाओं का विद्यालय में अक्षरशः पालन कराया जाएगा और शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। बैठक में एसएमसी अध्यक्ष राम नारायण सिंह, रामकिशोर सिंह, नीरज यादव, नेहा आदर्श सहित एसएमसी के सदस्य एवं बड़ी संख्या में अभिभावक रहे।



बैठक को संबोधित बोलते इंचार्ज प्रधानाध्यापक राकेंद्र सक्सेना व मौजूद अन्य

## बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को किया सम्मानित



छिबरामऊ, कन्नौज। तहसील की अधिवक्ता लाइब्रेरी के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को विपिन द्विवेदी एडवोकेट ने पटका उढ़ाकर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

गत माह हुए बार एसोसिएशन छिबरामऊ के चुनाव में निर्वाचित किए गए पदाधिकारियों के लिए आयोजित सम्मान समारोह में अध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, महासचिव पंकज मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार दुबे, उपाध्यक्ष प्रथम दिनेशचंद्र यादव व विनीत त्रिपाठी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष द्वितीय गौरव कुमार चतुर्वेदी व गुलाम हुसैन, संयुक्त सचिव प्रशासन नरेंद्र सिंह शाक्य, कोषाध्यक्ष अंजू पटेल, संयुक्त सचिव मीडिया अमित राजपूत, संयुक्त सचिव पुस्तकालय अजय कुमार सक्सेना, वरिष्ठ प्रशासनिक सदस्य अमित कुमार दुबे, आदित्य कुमार त्रिपाठी, अभिरूप दीक्षित, कनिष्ठ प्रशासनिक सदस्य सचिन बौद्ध, वेदमती, ललित दुबे, वेदराम, सुखेंद्र सिंह यादव आदि को विपिन द्विवेदी एडवोकेट ने पटका उढ़ाकर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

# पहले प्रयास में अभिजीत आईएएस, अनुपम आईआरएस

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में बाराबंकी की मेधा ने एक बार फिर लोहा मनवाया है। पहले प्रयास में ही आईएएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर अभिजीत नंदन तो बतौर बीडीओ अयोध्या में तैनात अनुपम वर्मा ने आईआरएस तो परीक्षा उत्तीर्ण कर न सिर्फ माता पिता, मार्गदर्शकों का बल्कि बाराबंकी का नाम सूबे में अमिट कर दिया। इनकी सफलता से बेहद उत्साहित परिजन फूले नहीं समा रहे। दिन रात मेहनत कर सफलता को अपना लक्ष्य मानकर चले दोनों होनहारों को बधाईयों का दौर जारी है। पहले ही प्रयास में 294वीं रैंक हासिल कर माता पिता के साथ ही जिले का नाम रोशन करने वाले अभिजीत नंदन वर्मा लखपेड़ाबाग स्थित रामसेवक यादव इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डा जगनाथ वर्मा के पुत्र हैं, पूरा परिवार शहर की ही आवास विकास कालोनी में रह रहा है। अभिजीत की सफलता की खबर होते ही उनके घर में खुशी का माहौल छा गया और परिजनों व शुभचिंतकों ने मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर अभिजीत का स्वागत किया। अभिजीत नंदन ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। बताया कि परिवार के सहयोग और प्रेरणा से ही वह सफलता की दहलीज तक पहुंचे। बता दें कि अभिजीत की प्रारंभिक पढ़ाई के बाद उन्होंने आईआईटी खड़गपुर से इंजीनियरिंग का लक्ष्य पूरा किया। इसके ठीक बाद सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू करते हुए पहले ही प्रयास में बाजी मार ली। रिजल्ट सामने आते ही परिवार में जश्न का माहौल बन गया। पिता डॉ. जगनाथ वर्मा बताते हैं कि उनके कॉलेज के कई छात्र पीसीएस और पीसीएस-जे जैसी परीक्षाओं में सफल हुए हैं, लेकिन इस बार अभिजीत के रूप में यूपीएससी में सफलता मिलने से गर्व की अनुभूति हो रही है। अभिजीत नंदन वर्मा ने बताया कि उन्होंने तैयारी के दौरान पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों को विशेष महत्व दिया। इससे परीक्षा के पैटर्न को समझने और कम समय में बेहतर तैयारी करने में मदद मिली। युवाओं को टिप्स देते हुए अभिजीत ने बताया कि अभ्यर्थियों को सिलेबस को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई करनी चाहिए और नियमित रूप से अखबार पढ़कर करेंट अफेयर्स पर भी पकड़ मजबूत रखनी चाहिए। गृहणी मां सरिता वर्मा ने अपने बेटे का ढेर सारा आशीष दिया। सफलता की राह पर एक नाम बाराबंकी के रहने वाले अनुपम वर्मा का भी है। विकास खण्ड मसौली के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुबारकपुर निवासी सुरेंद्र सिंह वर्मा के पुत्र अनुपम वर्मा की वर्ष 2023 में खण्ड विकास अधिकारी के पद पर अयोध्या के मवई ब्लाक में तैनाती हुई, वह वर्तमान समय में सोहावल में बतौर बीडीओ तैनात हैं। वर्ष 2025 में सिविल परीक्षा हुई, जिसका परिणाम आते ही परिजनों एवं गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। अनुपम ने सिविल सेवा परीक्षा में 681वीं रैंक के साथ सफलता हासिल कर इंडियन रेवेन्यू सर्विस (आईआरएस) के लिए चयनित होकर अपने परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। अनुपम वर्मा बताते हैं कि वह आज जिस भी मुकाम पर हैं, उसमें मेरे पिता सुरेन्द्र सिंह वर्मा, शिक्षा मित्र मां पूनम वर्मा और कांस्टेबल चाचा राजकुमार वर्मा का बहुत बड़ा सहयोग रहा है। अनुपम ने अपनी मेहनत और लगन से बड़ा मुकाम हासिल किया है। परीक्षा परिणाम आते ही उनके घर में खुशी की लहर दौड़ गई। बधाईयों का तांता लग गया, अनुपम की इस सफलता ने यह साबित कर दिया कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं। अनुपम की यह उपलब्धि न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए भी एक प्रेरणा बन गई है।





## सुख-शान्ति का आधार त्याग हैः पंडित रामकिंकर

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। सुख-शान्ति का आधार त्याग है। संग्रह करने तथा अधिक से अधिक सम्पति एकत्र करने की लालसा से ही परिवार और समाज में शत्रुता पैदा होती है। ये विचार पं रामकिंकर मिश्र कुरुक्षेत्र ने बहुता धाम मानस सम्मेलन में पांचवें दिन व्यक्त किये। कथाव्यास पं. मिश्र ने भरत-चरित्र पर व्याख्यान देते हुए कहा कि जब एक ही वस्तु पर एक से अधिक लोग अपना अधिकार जमाना चाहते हैं तभी विवाद बढ़ता है। आज राम और भरत के चरित्र को अपनाने की जरूरत है। रामजी पिता की आज्ञा से राज्य का त्यागकर विमाता कैकेयी की भावना के अनुसार वन चले जाते हैं। दूसरी ओर भरत जी अयोध्या जैसे विशाल साम्राज्य को स्वीकार न करके उसे राम को देने के लिए उन्हें मनाने वन चले जाते हैं। यहाँ राज्य वैभव लेने की नहीं अपितु देने की होड़ लगी है।

# महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेजा।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेखपुर में गुरुवार 6 मार्च की रात्रि लगभग 2 बजे एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम शेखपुर निवासी अनीस की 25 वर्षीय पत्नी जूली गुरुवार की रात अपनी सास और चचिया सास के साथ घर में होली के त्योहार को लेकर गुजिया बना रही थी। इसके बाद वह अपने कमरे में चली गई और पति के साथ भोजन कर सो गई। रात्रि लगभग 2 बजे उसने कमरे में छत के पंखे के कड़े में साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। इसी दौरान साड़ी खुल जाने से वह नीचे बिस्तर पर गिर गई, जिससे पति अनीस की नींद खुल गई। परिजन आनन-फानन में उसे एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना डायल 112 को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला तथा चौकी प्रभारी लक्ष्मण सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। बाद में क्षेत्राधिकारी (डीएसपी) अजय वर्मा व मजिस्ट्रेट सन्नी कन्नौजिया भी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। मजिस्ट्रेट सन्नी कन्नौजिया की मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बताया गया है कि जूली की शादी 15 फरवरी 2023 को हुई थी। उसके दो वर्ष का एक पुत्र और आठ माह की एक पुत्री है। घटना के बाद सास शशिकला का रो-रोकर बुरा हाल है।



मृतका का फाइल फोटो



रोते बिलखते परिजन

मृतका के भाइयों सन्नी, राहुल और शिवम ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और मारपीट होने की भी बात सामने आई है।

क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने फौती सूचना दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रामा देवी को पुनः पेंशन मिलने का रास्ता हुआ साफ

**▸ अभिलेखों में दिखवा दिया था मृत**

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी के सख्त निर्देश के बाद सरकारी अभिलेखों में मर चुकी रामा देवी आज जिंदा हो गयी, जिससे रामादेवी को पुनः पेंशन मिलने का रास्ता साफ हो गया है । ब्लाक बढपुर के ग्राम कीरतपुर निवासी 75वर्षीय रामा देवी पत्नी स्वर्गीय प्रेमसागर बाथम को निराश्रित विधवा पेंशन मिलती थी लेकिन तत्कालीन सचिव अंजलि श्रीवास्तव की रिपोर्ट के आधार पर सरकारी अभिलेखों में जीवित होने के बाद भी मृत दर्ज़ हो जाने से पेंशन मिलना बंद हो गया था ।



जानकारी देती वृद्धा रामदेवी

जिस पर रामादेवी आज वरिष्ठ अधिवक्ता व समाजसेवी अशोक कटियार के साथ जिलाधिकारी से मिली। जिलाधिकारी ने प्रोवेशन अधिकारी को फोन पर निर्देश दिए,जिस पर प्रोवेशन अधिकारी ने आज रामादेवी के जीवित होने की आख्या निदेशक समाज कल्याण को भेज दी है।

अशोक कटियार ने कहा की पदीय कर्तव्य का पालन न करने और जीवित होने के बाद भी मृत दिखा कर सरकारी योजनाओं से गरीबों को बृचित करने वालों पर कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने युवक व उसके चाचा को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट कर युवक को घायल कर दिया। बचाने आये परिवारिक चाचा को भी पीटा। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के ग्राम सिरौली निवासी रवी पुत्र कल्यान सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 5 मार्च को गांव के हरिश्चन्द्र पुत्र देशराज, अजंट, नन्हे, आकाश पुत्रगण हरिश्चन्द्र शराब के नशे में घर पर आये और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आये परिवारिक चाचा लालू पुत्र दिवारी को भी दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने लगायी फांसी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।**

संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव अताईपुर कोहना निवासी रीतू शाक्य उम्र 18 वर्षीय पुत्री शिवराज उर्फ नन्हे शाक्य जो की नेहरू महाविद्यालय में कक्षा -12 की छात्रा थी। उसने संदिग्ध परिस्थितियों मे घर में दुपट्टे से फाँसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। परिजनो ने उसके शव को फाँसी के फन्दे से नीचे उतारा घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने जांच पड़ताल की। चर्चा के अनुसार मृतका का प्रेम प्रँसग एक युवक से चलरहा था। प्रेमी को प्रेमिका के दूसरे प्यार के बारे में जानकारी होने पर प्रेमी ने प्रेमिका से लड़ाई की और भविष्य में बात न करने की बात कही। इसी बात से नाराज होकर प्रेमिका ने फाँसी लगाकर आत्म हत्या कर ली।



रोते बिलखते परिजन



मृतका का फाइल फोटो

मौत की सूचना पाते ही मृतका की मॉ विनीता देवी सहित भाई सूरज, विशाल, रवि सहित अन्य परिजनो में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# अनियंत्रित ई-रिक्शा की टक्कर से छात्र की मौत

**क़ायमगंज/कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

अनियंत्रित ई-रिक्शा की टक्कर से मासूम की मौत हो गई। कुछ दूरी आगे जाकर ई रिक्शा पलट गया। जिससे सवारियां चोटिल हो गई। हालांकि सभी सवारियां अपने गंतव्य को चली गई। स्वजन मासूम को इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां डाक्टर ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। स्वजन शव लेकर घर चले गए। पुलिस ने शव पीएम हेतु भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव राईपुर चिनहटपुर निवासी तेज सिंह यादव का पांच वर्षीय पुत्र अर्जुन गांव स्थित प्रथमिक विद्यालय में कक्षा एक का छात्र था। शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े नौ बजे वह घर से स्कूल जा रहा था। कंपिल अटैना मार्ग पर कंपिल की तरफ से आ रहे ई रिक्शा ने मासूम को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ई रिक्शा अनियंत्रित होकर आगे जाकर पलट गया। जिससे ई रिक्शा में बैठी सवारियां भी घायल हो गईं। चालक को ग्रामीणों ने ई रिक्शा सहित दबोच लिया। ई रिक्शा चालक पड़ोसी गांव का निवासी है। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सवारियों को अन्य वाहनों से घर भेज दिया। अन्य लोग इलाज के लिए निजी डाक्टर के यहां चले गए। स्वजन आनन फानन में मासूम को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज ले गए। जहां डाक्टर ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। स्वजन शव लेकर घर चले गए। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। मृतक अर्जुन चार भाइयों अनुज , मोदी व भूमिपाल में सबसे छोटा था। मृतक की मां पूजा देवी का रो रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने घटना स्थल पहुंच स्वजनों से घटना के संबंध में जानकारी कर शव पीएम हेतु भेज दिया। पुलिस चालक व ई रिक्शा को थाने ले गई। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। शव पीएम हेतु भेज दिया गया है।



रोते बिलखते परिजन



मौके पर मौजूद पुलिस

## जनचौपाल लगाकर विधायक ने सुनीं जनता की समस्यायें

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही जन चौपाल योजना में विकास खंडाधिकारी के निर्देशन में जन चौपाल का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्रीय विधायक व डीडीओ ने जनता की समस्याओं को सुना।

नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चांदुइया तथा ग्राम पंचायत देवरा महसोना विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान के निर्देशन में आयोजित जन चौपाल में विकास कार्यों की जमीनी हकीकत जानने के लिए डीडीओ तथा कायमगंज की विधायिका डॉ. सुरभि मौके पर पहुंची। जहां उन्होंने जनता की समस्याएं सुनी। जिसमें अधिकतर शिकायतें पेंशन तथा आवास के बारे में मिली। जिसका अधिकारियो ने ग्राम पंचायत स्तर से जल्द निस्तारण करने की बात कही। पेंशन योजना में एडीओ समाज कल्याण को अवगत कराते हुए बताया कि जिन लोगों के पेंशन में कोई समस्या या दिक्कत आ रही है उनका निराकरण कराकर उनको पेंशन दिलाने का कार्य किया जाए। वहीं आवास सर्वे में कई लोगों ने आवासों की मांग की जो विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान तथा अन्य अधिकारियों ने सूची के आधार पर नाम होने पर ही आवास मिलने की बात कही। वही ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठाए गए। वही ग्राम पंचायत में फार्मर रजिस्ट्री एसएआर जैसे अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर भी वार्ता की गई। जिनको आई शासनादेश के अनुसार जल्द ही निस्तारण करने की बात कर्मचारियों से कही गई। इस मौके पर ग्राम पंचायत चंदुइया के ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव कुलदीप राजपूत, पंचायत सहायक तथा ग्रामीण जनता मौजूद रही।




चौपाल में समस्यायें सुनती विधायक डॉ. सुरभि

वहीं ग्राम पंचायत देवरा महसोना चौपाल में ग्राम पंचायत सचिव अनुपम बाजपेई, विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान, क्षेत्रीय विधायिका डॉ. सुरभि, डीडीओ, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ ग्राम विकास सुखदेव सिंह, एडीओ समाज कल्याण अंकुश कटियार आदि मौजूद रहे।

## संघ लोक सेवा आयोग में आकर्ष कुमार का हुआ चयन

**▸ बधाई देने वालों का लगा ताता शशीदेव के है ममेरे भाई**

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। जिसमें जनपद फर्रूखाबाद के आकर्ष कुमार उन्होंने दूसरे प्रयास में ऑल इंडिया रैंक 524वीं हासिल की है। आकर्ष कुमार ने यूपीएससी में सफलता हासिल कर जिले का मान बढ़ाया था। अब आकर्ष की सफलता से इलाके के युवाओं में नई प्रेरणा देखने को मिलेगी। ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष/उत्तर प्रदेश कोषाध्यक्ष शशीदेव सिंह के ममेरे भाई आकर्ष कुमार का यूपीएससी में चयन होने पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने अपने ममेरे भाई की सफलता पर कहा कि होली के पर्व पर दो-दो खुशियां मनाने का मौका मिला। छोटे भाई की सफलता हमारे परिवार के लिए किसी त्यौहार से कम नहीं है। उनके अलावा परिवार के अन्य सदस्यों व मित्रों ने आकर्ष कुमार को माला पहनाकर व तिलकर मुंह मीठाकराकर बधाई दी। तो वहीं चयन होने पर आकर्ष कुमार ने भी अपने बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। शशीदेव सिंह ने बताया कि हम सब लोगों के लिए यह बहुत ही खुशी का दिन है और बड़े गौरव का परिवार के साथ अपने जनपद का भी नाम रोशन हमारे छोटे भाई ने किया है। हम उन्हें इस सफलता पर बधाई देते है। उन्होंने बताया कि हमारे मामा स्व0 जयवीर सिंह इंजीनियर यूनिवर्सिटी रुडक़ी में थे। मामी उर्मिला यादव जो सहायक अध्यापक बेसिक शिक्षा विभाग कन्नौज और बड़े भाई उत्कर्ष यादव जो की लेखा परीक्षाधिकारी है। आकर्ष कुमार ने अपनी पढ़ाई इंटर ज्ञान मन्दिर इंटर कालेज कानपुर व स्नातक दिल्ली विश्वविद्यालय से की है। मूल निवास ग्राम पिपराबोझी ब्लाक नवाबगंज, वर्तमान निवास नेकपुर चौरासी फर्रूखाबाद में है। इस अवसर पर बधाई देने वालों में शशीदेव सिंह के अलावा धीरज यादव, राजपाल यादव, मधुरानी, सुमित यादव, सनी गुप्ता आदि लोग शामिल रहे। वहीं पैतृक गांव पिपराबोझी में आकर्ष कुमार संघ लोक सेवा आयोग में चयन होने पर पूरे गांव में खुशी का माहौल है।



परिजनों के साथ स्वागत के दौरान आकर्ष कुमार

# डीसीएम की टक्कर से दो बाइक सवार भाइयों की मौके पर मौत

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना राजेपुर क्षेत्र में शुक्रवार को डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौके पर मौत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। इस दौरान डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों को लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फर्रूखाबाद के क्षेत्र अंगूरी बाग बांसमण्डी निवासी 25 वर्षीय विवेक कुशवाहा पुत्र रामनाथ कुशवाहा अपने मौसेरे भाई अजय उर्फ गुड्डू पुत्र राजवीर निवासी गंगा दरवाजा के साथ बाइक संख्या यूपी 76के/6212 से अपने छोटे भाई विपिन की शादी के कार्ड बांटने कांट की ओर जा रहे थे। जैसे ही पश्चिमी गोटिया अमृतपुर क्षेत्र के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही डीसीएम संख्या यूपी34एटी/5521 के चालक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों बुरी तरह घायल हो गये और बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। इस दौरान आसपास के लोग दौडक़र आ गये, तभी चालक डीसीएम छोडक़र भाग गया। इस दौरान कुछ समय के लिए यातायात अवरुद्ध रहा। सूचना मिलते ही थाना राजेपुर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को लोहिया भिजवाया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं थैले पर पड़े शादी के कार्ड पर लिखे फोन पर नम्बर पर फोन करने पर दोनों युवकों की शिनाख्त हो सकी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक सुदेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। डीसीएम को कब्जे में ले लिया है। बताते चले कि विवेक तीन भाईयों में सबसे बड़ा था। उसके एक पुत्री और एक पुत्र है। भाई विपिन सबसे छोटा है, जिसकी दस मार्च को बारात जानी है। उसी के कार्ड रिश्तेदारी में अपने मौसी के लडक़े अजय उर्फ गुड्डू के साथ बांटने जा रहा था, तभी यह घटना घटित हो गयी है। गुड्डी भी विवाहित था। उसकी भी एक पुत्री है। घर में चल रही शादी की खुशियां मातम में बदल गयी। जहां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं पड़ोसियों में भी गम का माहौल है।



जांच पड़ताल करती पुलिस



घटना स्थल पर क्षतिग्रस्त बाइक

## हत्या के मामले में दो महिलायें गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के अलाहदादपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुए हमले में घायल बुजुर्ग की मौत के मामले में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ हत्या समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार कर डाक्टरी परीक्षण कराकर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव अलाहदादपुर निवासी आदेश कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर जिसमें कहा है कि चार मार्च की शाम करीब साढ़े पांच बजे उसका भाई विकास गांव की ओर से घर लौट रहा था। रास्ते में राघवेन्द्र ने उसे कंधा मारकर गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट करने लगा। इसके बाद विकास किसी तरह घर की ओर भाग आया। आरोप है कि कुछ देर बाद राघवेन्द्र अपने साथ जसवंत सिंह, श्यामसुंदर, सर्वेद्र, अरविंद, सविता देवी और रजनी को लेकर लाठी, डंडा और सरिया से लैस होकर उनके घर पहुंच गया। सभी ने एक राय होकर आंगन में बैठे उसके ताऊ सूरज सिंह और मां मीरा देवी पर हमला कर दिया। आरोपियों ने ताबड़तोड़ वार किए। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और आंगन में खून फैल गया। घटना के दौरान विकास कमरे में छिप गया और उसने पूरी घटना देखी। वहीं परिवार की बच्चियों ने भी छिपकर घटना देखी और एक ने मोबाइल से वीडियो भी बना लिया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां गंभीर हालत में सूरज सिंह को लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई, जबकि मीरा देवी का उपचार जारी है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपित पहले से ही परिवार से रंजिश रखते थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सातों आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने सविता और रजनी को गिरफ्तार कर लिया।



## स्वास्थ्य विभाग में चल रहे भ्रष्टाचार की शिकायत डीएम से

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य चिकित्साधिकारी व एक अन्य चिकित्सक पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत कर शिकायतकर्ता ने जांच कराकर कार्यवाही की मांग की।

थाना कादरीगेट निवासी प्रदीप सिंह पुत्र भोलानाथ ने डीएम को दिये शिकायती पत्र में दर्शाया कि स्वयं को लाभ पहुंचाने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी ने उपमुख्य चिकित्साधिकारी के साथ मिलकर टेंडर व अस्पताल सम्बन्धित सामग्रियों में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। यह लोग सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं में रुचि न लेकर निजी स्वार्थ के कार्यों व धन उगाही करने का आरोप लगाया है। शिकयती पत्र में दर्शाया कि 55 एचडब्लूसी की निविदा पारस नाथ इण्टरप्राइजेश झारखण्ड की गयी है, जिसकी लागत 1 करोड़ 10 लाख थी। इनकी ही अन्य दो फर्मों को पास किया गया था। जबकि फर्मो के द्वारा जाली प्रमाण पत्र लगाये गये थे, जिसकी सूचना उच्च अधिकारियों को की गयी थी। इसके बाद भी उसमें कोई कार्यवाही नहीं की गयी। मैनुअल लाउण्ड्री की निविदा की गयी, जोकि अपनी चहती फर्म न्यू पैंथर सिक्योरिटी को दी गयी है, जिसमें नियम विरुद्ध तरीके से पिता पुत्र के नाम से पंजीकृत दो फर्मों को पास कर निविदा कर दी गयी, जबकि फर्मों के द्वारा निविदा में लगाये गये फर्जी व जाली प्रमाण प्रपत्र लगाये गये थे। इसकी भी सूचना उच्च अधिकारियों को दी गयी थी। निशुल्क भोजन की व्यवस्था की निविदा की गयी थी, जिसकी अन्तिम तिथि 22 अप्रैल 2025 थी, निविदा खुलने के बाद तकनीकी जांच से ज्ञात हुआ कि कुछ फर्मों के द्वारा जिलास्तर से जारी फूड लाइसेंस नहीं लगाया गया है। तानाशाही के बल पर उप मुख्यचिकित्साधिकारी के द्वारा अपनी चहती फर्म को फोन पर सूचना देकर स्थानीय फर्जी पते पर फूड लाइसेंस बनाने के लिये कहा गया और शासन द्वारा नियम को ताक पर रखकर उसके विरुद्ध 15 दिनों का समय दिया गया, उसके बाद फिर जैम पोर्टल पर 48 घण्टे का समय दिया गया। जिसमें की निविदा की अन्तिम तिथि के बाद जारी हुये फूड लाइसेंस फर्म के द्वारा लगाये गये और उन फर्मों को नियम विरुद्ध तरीके से पास कर दिया गया। निविदा में फर्मों को जैम पोर्टल पर कोई छूट नहीं दी गयी थी। उसके बाबजूद भी डैडम् कुछ फर्मों को नियम विरुद्ध तरीके से पास कर दिया गया है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

## लद्दाख में सीमा पर जवान शहीद, घर में छाया मातम, गांव में पसरा सन्नाटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव करौली महबुल्लापुर निवासी आइटीबीपी का जवान कुलदीप सिंह पुत्र महेंद्र सिंह जो की सन 2011 में इंडिया तिब्बत बॉर्डर पुलिस में भर्ती हुए थे। वर्तमान समय में लेह लद्दाख में ड्यूटी कर रहे थे। परिजन तथा चचेरे भाई ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह ने बताया कि लद्दाख में ड्यूटी के दौरान बीते एक सप्ताह पूर्व बर्फ में दब गए थे। जहां उनकी पूरी टीम बटालियन के लगभग सात जवान बर्फ में दब गए थे। जिसमें बीते चार दिन पूर्व जनपद एटा के थाना क्षेत्र जैथरा के निवासी की जवान की मौत हो गई थी। वहीं शुक्रवार को गांव कलौली महाबुल्लापुर निवासी कुलदीप सिंह भी शहीद हो गए। जिसकी सूचना मिलने पर मां गेंदावती, पत्नी प्रियंका तथा पुत्री मन्नत, पुत्र राम आदि परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। उन्होंने बताया कि शहीद हुए उनके चचेरे भाई का शव शनिवार दोपहर तक गांव में आ जाएगा। उसके बाद सबके अंतिम संस्कार किया जायेगा।

# स्वयं पर नियंत्रण और त्याग का महीना रमजान

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रसुले खुदा ने फरमाया कि मेरी उम्मत अगर माहे रमजान का एतराम करेगी, तो कभी रुसवा नहीं होगी। नवी करीम ने फरमाया कि माहे रमजान में नेकी करने वाले को 70 नेकियों का सबाब मिलता है। रमजान का पहला असरा रहमत.. दूसरा असरा मगफिरत, तीसरा असरा जाहन्नुम से आजादी दिलवाता है।

इकलाख खां का कहना है कि रमजान अल्लाह का महिना है। जिसमें 30 दिनों तक रोजा रखा जाता है। रोजे का मतलब यह नहीं है कि आप अल्लाह, ईश्वर के लिए भरखे रहे, बल्कि रोजे का मकसद यह है कि आप भूखे रहेंगे तो आपको एहसास होगा कि भूख क्या होती है, जब आपके सामने कोई भूखा आयेगा तो आपको उसकी भूख का एहसास हो चुका होगा। तब आप उसकी मदद अवश्य करेंगे।



इकलाख खां, साबिर खां. युसूफ अंसारी

साबिर खां ने बताया कि अल्लाह और उसके रसुल मोहम्मद-ए-मुस्तफा ने फरमाया कि माहे रमजान को तमाम महीनों पर फजीलत हासिल है और इन महीने में वह एक रात भी शामिल है। जिससे की गयी इबादत हजार महीनों से अफजल है। रमजान में गुनाहे कबीरा से बचें। रमजान का एतराम करें यानी झूठ न बोलें, गोहतान न लगायें, किसी की गौबत न करें, हराम से बचें।

30 दिनों रोजे रखने के बाद ईद का महीना आता है। इसमें फितरा बाजिब किया गया है। एक निधर्धारित राशि रखनी होती है। उस राशि को ईद मनाने से पहले गरीब को देने के लिए उसके दरवाजे पर जाना चाहिए।

युसुफ अंसारी ने बताया कि रमजान और इस्लाम का संदेश यही है कि गरीब उसके दरवाजे पर न आये, बल्कि आप उसके दरवाजे पर जाकर उसे खाने-पीने और रहन-सहन का ख्याल रखिए और पूरे साल उसकी खबर गिरी करते रहिए। यहां तक की जब तक दुसरा रमजान न आ जाये। अक्सर यह लोग समझाते है कि कुछ न रखाने का नाम रमजान है। ऐसा नहीं है हर चीज आपके घर में मौजूद है। असल चीज है नफ्स (स्वयं) पर नियंत्रण यही त्याग है। इस्लाम कहता है कि मसलमोन ही नहीं हर इंसान की मदद कीजिए। रमजान को नेकियों का मौसम भी कहा जाता है।

# सात कृषकों का ई-लाटरी के माध्यम से चयन

▸ जिलाधिकारी ने कृषि यंत्रीकरण की योजनाओं के अन्तर्गत ली बैठक

फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में कृषि यंत्रीकरण की योजनाओं के अन्तर्गत की गई कृषि यंत्रों की बुकिंग हेतु ई-लाटरी के माध्यम से चयन किया गया।

ई-लाटरी की बैठक में अरविन्द मोहन मिश्र उप कृषि निदेशक, श्याम सिंह प्रतिनिधि जिला उद्यात अधिकारी, प्रतिनिधि जिला गन्ना अधिकारी, डॉ0 जगदीश मिश्रा वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, प्रतिनिधि, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक एवं प्रतिनिधि जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, समिति में विशेष सदस्य के रूप में नामित प्रगतिशील कृषकों के साथ-साथ बुकिंग कराने वाले कृषक भी उपस्थित रहे। उप कृषि निदेशक ने बताया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्बर मैकेनाइजेशन एवं प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्राप रेज्ड्यू योजना के अन्तर्गत जनपद को आवंटित लक्ष्य के आधार पर कृषक यंत्र की उपलब्धता के सापेक्ष आवश्यकतानुसार बुकिंग करते हैं। लक्ष्य से अधिक आवेदन आने पर ई-लाटरी आयोजित कराई जाती है लक्ष्य से कम अथवा बराबर आवेदन आने पर निदेशालय स्तर से आटो लाटरी के माध्यम से आवेदन स्वीकृत किया जाता है।

जन्नपद में 7 कृषकों / एफ0पी0ओ0 के विभिन्न यंत्रों के आवेदन लक्ष्य से कम अथवा बराबर होने पर निदेशालय स्तर से आटो लाटरी के माध्यम से चयन किया गया है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर हुई बुकिंग के आधार पर ई-लाटरी कृषि विभाग के पोर्टल से निकाली गई जिसमें 5 यंत्रों के लिये कुल 12 आवेदन प्राप्त हुये थे।



बैठक लेते डीएम

# आनंद भान शाक्य बने बाईपास उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष

फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।

नगर उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट द्वारा रेलवे रोड स्थित एक पैलेस में बाईपास उद्योग व्यापार मंडल का गठन किया गया।

जिसमें नगर अध्यक्ष हाजी मो. इख़लाक खान ने बाईपास उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट का अध्यक्ष आनंद भान शाक्य को व महामंत्री पुष्पेन्द्र राजपूत तथा कोषाध्यक्ष आशीष शाक्य के नाम की घोषणा की और सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर नए दायित्व की बधाई दी। पदाधिकारियों से व्यापारियों के हित में काम करने की अपील की। जिला अध्यक्ष सदानंद शुक्ला, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू गौतम, नगर संरक्षक आनंद प्रकाश मुन्ना गुप्ता, नगर महामंत्री राकेश सक्सेना, नगर संयुक्त महामंत्री राम जी पाठक, नगर युवा अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव, जिला महिला अध्यक्ष सोनी शुक्ला, नगर उद्योग मंच अध्यक्ष अरुण अग्निहोत्री, अंगूरी बाग अध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमार श्रीवास्तव, नवनीत मिश्रा, जिला मंत्री आदि वरिष्ठ व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

पुष्पेंद्र राजपूत बने महामंत्री

सभी पदाधिकारियों ने नवयुक्ति पदाधिकारियों को फूल माला पहना कर स्वागत किया।


स्वागत के दौरान मौजूद पदाधिकारी

# दबंगों ने युवक को पीटा


पीड़ित का डाक्टरी परीक्षण करते चिकित्सक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** गाली गलौज करने पर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित का डाक्टरी परीक्षण कराया।

जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के गाँव शाह आलमपुर निवासी नेम सिंह जाटव उम्र 35 वर्षीय पुत्र लाखन सिह जाटव ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि वह अपने खेत में सरसों काट रहा था। उसी दौरान पड़ोसी गाँव पट्टी निवासी बहुरन, टिंकू, हरवीर पुत्रगण रामवीर एक राय होकर आये और आते ही उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। नेम सिंह द्वारा गालियों का विरोध करने पर उक्त लोगों ने लात घूसे लाठी डन्डों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित का कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडीकल परीक्षण करवाया।

# शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस ने नगर में किया फ्लैग मार्च

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

नगर में शान्ति व्यवस्था एक सामाजिक समरसता बनाए रखने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी के नेतृव में नगर में फ्लैग मार्च निकाला। यह प्लैग मार्च कोतवाली से आरम्भ होकर ट्रान्सपोर्ट, पृथ्वी दरवाजा, मैन चौराहा, लोहाई बाजार, श्यामा गेट, बजारिया, काजम खां, तहसील, पुल गलिव पुलिया क्षेत्र से होता हुआ कोतवाली थाना परिसर मे सम्पन्न हुआ।

फ्लेग मार्च का उद्देश्य सुरक्षा की के प्रति जागरूक करना, बल्कि यह सन्देश देना कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद एव सजग है। क्षेत्राधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की किसी भी अफवाह से बचे और प्रशासन का सहयोग करें। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी ने कहा कि यह फ्लेग मार्च आमजन में यह विश्वास उत्पन्न करने का प्रतीक है।

पुलिस हर परिस्थितियों के लिए तैयार है। उन्होंने कहा सभी नागरिकों से अपील करते है कि सोशल मीडिया या अन्य मध्यमों से फैलने वाली अफवाहों से दूर रहे। कोई भी असत्य या भ्रामक जानकारी साझा न करे और यदि कोई गतिविधि संदिग्ध प्रतीत हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दे। आपका सहयोग ही कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाए रखने की सबसे बड़ी ताकत है। प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, क्राइम इस्पेक्टर सुरजीत यादव, कस्बा चौकी इंचार्ज सोमवीर सिंह, मण्डी चौकी इन्चार्ज अलवीर, उपनिरीक्षक शमसुद्दीन, कांस्टेबिल विजय गूर्जर, कांस्टेबिल धमेन्द्र तिवारी, कांस्टेबिल विनीत कुमार, कांस्टेबिल पुष्पेन्द्र कुमार मौजूद रहे।



फ्लेग मार्च करते प्रभारी निरीक्षक

# होली के बाद मण्डी में आलू की आमद हुई शुरु, भाव सामान्य


ट्राली में लदा आलू

फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज

सातनपुर मण्डी में शुक्रवार को आलू का भाव 351 रुपये से 501 रुपये रहा। होली की छुट्टी के बाद मण्डी खुलने पर शुक्रवार को लगभग 15 मोटर की आमद रही। सामान्य छट्टा आलू 601 रुपये से 701 रुपये कुंतल बिका। सुपर साउथ क्वालिटी का आलू 751 रुपये से 861 रुपये प्रति कुंतल की बिकवाली हुई। आमदनी ठीकठाक रही। अब मण्डी सोमवार से सामान्य रुप से चलने लगेगी। होली की तीन दिन की छुट्टी पड़ने से मण्डी में आमद बंद रही। शुक्रवार को आलू आते ही अच्छी बिकवाली दिखी। भाव ठीकठाक रहा।

# बूथों पर पहुंचकर सपा जिलाध्यक्ष ने ली एसआईआर की जानकारी

फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाई जा रही एसआईआर प्रक्रिया अंतिम दौर में चल रही है। समाजवादी पार्टी एसआईआर अभियान में सक्रिय भूमिका में रही है। होली के त्यौहार के तुरंत बाद जिलाध्यक्ष स्वयं बूथों पर पहुंचे और फार्म 6 और 7 तथा 8 के संबंध में जानकारी हासिल की। पार्टी के बीएलए से बूथ की स्थितियों को समझा। जिला प्रवक्ता/सचिव राधेश्याम सविता ने बताया कि 192 विधानसभा कायमगंज के गाँव गौरखेड़ा, सिवारा मुकुट, सिवारा खास, बड़ी बिहार, रामनगर, शाहीपुर, जलालपुर, नगला भूड़ तथा नगर क्षेत्र कंपिल में जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने पार्टी संगठन पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं तथा बूथ बीएलए से मिलकर बूथ की बारीकियों को समझा। उनकी परेशानियों को सुना और भरोसा दिया कि आप सब की मेहनत ही 2027 में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएगी। इस दौरान रामविलास माथुर, अरविंद यादव, प्रेम सिंह यादव, भानुप्रताप सिंह, विवेक मिश्रा, अखिल कठेरिया, योगेश श्रीवास्तव, ब्रजेश श्रीवास्तव, मुकेश पाल, राजकुमार बाथम, श्यामवीर सिंह, सौरभ कुमार, सादिक खां, संजय यादव, रामजीलाल आदि पदाधिकारी साथी मौजूद रहे।


लोगों से जानकारी करते जिलाध्यक्ष

# मनुष्य अहंकार छोड़ नकारात्मक प्रवृत्तियों का करें त्यागः हरिशंकर अग्निहोत्री

फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कमालगंज क्षेत्र के ग्राम गदनपुर देवराजपुर में आर्य समाज का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव वैदिक परम्परा के अनुसार अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातःकालीन यज्ञ से हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर परमात्मा से विश्व शांति, समाज की उन्नति और मानव कल्याण की कामना की। यज्ञ के दौरान वैदिक मंत्रों की पावन ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। वैदिक विद्वान आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्री ने वैदिक ऋचाओं के साथ यज्ञ सम्पन्न कराया। उन्होंने यज्ञ की गहन आध्यात्मिक व्याख्या करते हुए कहा कि यज्ञ केवल अग्नि में हवन सामग्री समर्पित करने का कर्म नहीं, बल्कि यह मनुष्य के जीवन में त्याग, सेवा और परोपकार की भावना का प्रतीक है। यज्ञ हमें यह शिक्षा देता है कि जैसे हवन की आहुति अग्नि में समर्पित होकर वातावरण को शुद्ध करती है, वैसे ही मनुष्य को अपने जीवन में लोभ, क्रोध, अहंकार और स्वार्थ जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों का त्याग कर सद्गुणों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वास्तविक यज्ञ वही है जिसमें मनुष्य अपने श्रेष्ठ विचार, उत्तम कर्म और सामर्थ्य को समाज के कल्याण के लिए समर्पित करे। जब व्यक्ति यज्ञ भावना से जीवन जीता है, तब उसका जीवन भी सुखी, संतुलित और समाज के लिए प्रेरणादायी बन जाता है। आचार्य प्रदीप शास्त्री ने अपने मधुर भजनों के माध्यम से ईश्वर भक्ति का भाव जगाया, जिससे उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो उठा। वहीं अलीगढ़ से पधारी आर्य उपदेशिका रीमा आर्या ने मातृशक्ति को जागृत करने वाले प्रेरणादायी गीत प्रस्तुत किए और नारी शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। वार्षिकोत्सव के प्रथम दिवस के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, आर्य समाज के कार्यकर्ता तथा क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। तीन दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में प्रतिदिन यज्ञ, भजन, प्रवचन तथा वैदिक विचार गोष्ठियों के माध्यम से समाज में नैतिकता, संस्कार और वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में संदीप आर्य, हरिदेव शास्त्री,प.गंगाधर आर्य, रामप्रकाश आर्य,हरिसिंह आर्य, अर्जुन सिंह आर्य,जयपाल आर्य, मैनेजर सिंह आर्य,गंगा सिंह,मंजू,नेहा आदि मौजूद रहे।


हवन करते लोग

## बिहारी जी मंदिर परिसर में भव्य झांकी के साथ हुआ होली मिलन समारोह

**कालपी (जालौन)।** भैया दूज के अवसर पर समाजसेवी संस्था घुमंतू हसन्तू क्लब के तत्वाधान में यमुना नदी के किनारे किला घाट कालपी में बिहारी जी मंदिर के प्रांगण में विशाल झांकी, होली मिलन समारोह, संस्कृतिक कार्यक्रम तथा मेले का आयोजन किया गया। पिछले 30 वर्षों से आयोजित होने वाले उक्त कार्यक्रम में इस साल मुख्य अतिथि तौर पर उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष ने हिस्सा लिया। परंपरागत होली मेले के कार्यक्रम को विशाल रूप देने के लिए किला घाट, पातालेश्वर मंदिर, बिहारी जी मंदिर, काली देवी मंदिर आदि धर्म स्थलों में सजावट एवं रोशनी की व्यवस्था रही है। किला घाट कालपी के परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुये उपजिलाधिकारी ने कहा कि कालपी नगर में त्योहारों को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की गौरवशाली परम्परा है। उन्होंने आव्हान किया कि बुराईयों को त्याग कर हम सभी लोग मिलजुल कर होली मनाये। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने यमुना नदी के संरक्षण, विकास तथा सुंदर स्वरूप पर चर्चा की। तथा शान्ति व्यवस्था पर प्रकाश डाला। नगर पालिका परिषद कालपी के अध्यक्ष ने कहा कि कालपी में ऐतिहासिक ऐतिहासिक स्थलों का समावेश है। उन्होंने बताया कि धर्म नगरी कालपी के चतुर्मुखी विकास करने के लिए मैं पूरी लगन से अपने दायित्वों का निर्वहित करूंगा तथा जो भी समस्या उत्पन्न होगी उसकी प्राथमिकता से समाधान कराया जाएगा। होली मिलन समारोह में दूर दराज आए कलाकारों के द्वारा गीत, गजल, तथा फाग, का प्रस्तुतीकरण करके श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। भैया दूज के अवसर पर हजारों भक्तों की मौजूदगी में यमुना मैया की महा आरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ। संस्था के अध्यक्ष दीपक रमेश धवन, संस्थापक जय खत्री, मनीष वंसल, श्री कृष्ण पुरवार, राजेश पुरवार, डॉक्टर नरेश मैहर आदि सदस्यों ने अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। देर रात तक पूरा परिसर बांके बिहारी धाम के जयकारों के नारों से गूंजता रहा।

# प्रधान ने नाले का पानी किया चकरोड पर, किसानों की फसलें हो रहीं खराब

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

ग्राम प्रधान द्वारा नाले का पानी चकरोड पर करा देने पर ग्रामीणों ने रोष जताते हुए समस्याा का समाधान कराने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अताईपुर कोहना के कुछ किसान व ग्रामीण प्रमोद, विनोद, बृजेश, अतुल नमन ने बताया कि गांव के नाले का पानी चकरोड पर प्रधान बृजेश ने करवा दिया है। जो चकरोड से होते हुए पानी किसानों की तंबाकू व गेहूं व अन्य फसलों में जा रहा है। जिससे फसलें भी बर्बाद हो रही हैं। इसके साथ ही ग्रामीण और राहगीरों को चकरोड से निकलने में भी भारी कठिनाइयों हो रही है। कई राहगीर इस चकरोड पर भर पानी में गिर भी चुके हैं। नाले का पानी खेतों में घुसने से किसानों की फसलें बुरी तरह बर्बाद हो रही हैं। नाले का पानी सुचारू रूप से बहने के बजाय सडक़ों और सीधे खेतों में जा रहा है। जलभराव के कारण फसलों को भारी नुकसान हो रहा है, जिससे उनकी मेहनत और लागत दोनों डूबती नजर आ रही है। जब प्रधान को मौके पर बुलाया गया, तो उन्होंने समस्या को सुना, तो सही लेकिन कोई ठोस समाधान देने के बजाय मौके से भाग खड़े हुए। ग्रामीण नाले की निकासी का स्थाई समाधान निकालने की मांग कर रहे हैं। अब देखना यह होगा कि खबर प्रसारित होने के बाद प्रशासन इस ओर ध्यान देता है या किसानों को यूँ ही उनके हाल पर छोड़ दिया जाएगा। जब संबंध में ग्राम प्रधान बृजेश से बात की गई तो उन्होंने बताया कि समस्या का स्थाई समाधान किया जाएगा।

वही खंड विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद का कहना है कि आज ही यह समस्या उनके संज्ञान में आई है। ग्रामीणों द्वारा समस्या की कोई लिखित शिकायत पूर्व में नहीं की गई है। मौके पर सचिव को भेजकर यथा स्थिति जांच कराई जाएगी और ग्रामीणों की समस्या को जल्द ही दूर किया जाएगा।


चकरोड पर बह रहा नाले का पानी

# सविता समाज के होली मिलन समारोह में उड़ाया गुलाल



कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।

नगर कालपी में आयोजित काली देवी मंदिर के समीप बिहारी जी घाट में होली मिलन समारोह का आयोजन सामाजिक दलों का राजनीतिक दलों के द्वारा अलग-अलग पंडाल लगाए गए। इसी क्रम में सविता समाज कालपी के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया लोगों को फूल माला तथा गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह मनाया गया तथा मुंह मीठा किया गया। सविता समाज कालपी के नगर अध्यक्ष लालता प्रसाद ओमरे व पदाधिकारी ने राजनीतिक लोगों सामाजिक लोगो से मुलाकात करके होली की शुभकामनाएं दी।

सविता समाज के पदाधिकारी उपाध्यक्ष हरिमोहन सविता, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सविता, संरक्षक शिव सेवक सविता, महामंत्री राधा कृष्ण (छोटा सविता), प्रचार मंत्री सुरेश कुमार सविता, मंत्री सुरेश सविता, दीपचंद सविता, रामबाबू मास्टर, काका जी लेखपाल, लक्ष्मी नारायण लल्ला, धर्मेंद्र सविता, राजा बाबू ओमरे, पंकज ओमरे, गोपी मास्टर, रज्जन सविता, राकेश ओमरे आदि लोग सम्मिलित हुए।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जनपद में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया।

मिशन शक्ति 5.0 अभियान बेटियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत एंटी रोमियो स्क्वायड ने सार्वजनिक स्थलों पर सतर्कता बढ़ाई और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत कोतवाली फतेहगढ़ में एंटी रोमियों टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया। थाना जहानगंज क्षेत्र में एंटी रोमियों टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्रान्तर्गत, महिला थाना क्षेत्रांतर्गत एंटी रोमियों टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया। वहीं थाना मेरापुर व महिला थाना तथा थाना कमालगंज क्षेत्रान्तर्गत बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया। साथ ही पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर महिलाओं, बालिकाओं व छात्राओं को पंफलेट देकर जागरूक किया। कार्यक्रम में महिला बीट अधिकारियों एवं मिशन शक्ति टीमों ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं, बालिकाओं व छात्राओं से संवाद कर महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, आत्मरक्षा के उपायों और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और महिलाओं से कहा कि वे निडर होकर अपनी बात रखें और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाएं तथा महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा साइबर क्राइम पोर्टल की जानकारी देकर इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया।


महिलाओं को जागरुक करती पुलिस


हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देती पुलिस

**कार्यालय ग्रा0पं0 बिरसिंहपुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2025-26 — दिनांक 06/03/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत बिरसिंहपुर वि0ख0 राजेपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 07/03/2026 से 13/03/2026 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 13/03/2026 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान व सचिव व निविदादाताओं की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | जगधीर के घर से श्यामू के घर तक नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.27 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | राघवेन्द्र सिंह के घर से सर्वेश के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.41 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | सोनपाल के घर से इंटरलाकिंग रोड तक खड़ंजा मरम्मत कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.15 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | वीरेन्द्र सिंह घर से रजनेश के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.15 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान- ग्रा0पं0 बिरसिंहपुर, वि0ख0 राजेपुर सचिव-

## खबरें एक नजर में

### नाबालिग की हत्या का 4 घंटे में खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**लखीमपुर खीरी।** शहर की एक कॉलोनी से लापता हुई नाबालिग लड़की की हत्या का कोतवाली सदर पुलिस ने महज चार घंटे में खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एक नाबालिग लड़की 25 फरवरी को अचानक लापता हो गई थी। परिजनों की सूचना पर कोतवाली सदर में गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी थी। 3 मार्च को मुड़िया खेड़ा क्षेत्र के गन्ने के खेत में एक किशोरी का शव मिलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान लापता नाबालिग के रूप में कराते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तेजी से जांच करते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ और अन्य सुराग जुटाए। जांच के दौरान मिले महत्वपूर्ण साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी दीपक आनंद मिश्रा पुत्र चंद किशोर निवासी मुड़िया थाना ईसानगर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक डिम्पल कुमार व कांस्टेबल गौरव कुमार शामिल रहे।

### घरेलू विवाद में युवक की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या



**बिजुआ (खीरी)।** थाना भीरा क्षेत्र के गांव नौसर जोगी में शुक्रवार को मामूली कहासुनी के बाद कुछ लोगों ने एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान रामसेवक पुत्र मूलचंद के रूप में हुई है। आरोप है कि गाली-गलौज का विरोध करने पर पूरन, अवधेश, नीरज, राजकुमार और उसके भाई ने मिलकर रामसेवक की पिटाई कर दी। बचाने पहुंचे अरविंद के साथ भी मारपीट की गई। गंभीर रूप से घायल रामसेवक को बिजुआ सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सीओ गोला रमेश कुमार तिवारी समेत भीरा थाना प्रभारी रोहित दुबे और चौकी प्रभारी सुशील तिवारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जेसीआई इंडिया की सरकारी संबंध समिति के सदस्य बने जेसी राम मोहन गुप्त



**लखीमपुर खीरी।** जेसीआई लखीमपुर खीरी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व राष्ट्रीय प्रशिक्षण निदेशक जेएफपी जेसी राम मोहन गुप्त को जेसीआई इंडिया की सरकारी संबंध समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। उनकी यह नियुक्ति जेसीआई इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेसीआई सीनेटर भरत एन आचार्य द्वारा की गई है। जेसीआई के स्थानीय संगठन के अति वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष जेसी राम मोहन गुप्त इससे पूर्व भी गत वर्ष इसी महत्वपूर्ण समिति के सदस्य रह चुके हैं। वह संगठन के ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय प्रशिक्षक होने के साथ-साथ मंडल तीन के पूर्व मंडल अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनके चयन की जानकारी मंडल अध्यक्ष जेसीआई सीनेटर गौरव सेठ द्वारा दी गई। इस पर जेसीआई के स्थानीय एवं मंडलीय पदाधिकारियों और सदस्यों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। बताया गया कि जेसीआई इंडिया की सरकारी संबंध समिति इस वर्ष पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेसी अंशु सर्राफ की अध्यक्षता में कार्य करेगी।

### जिला पंचायत सभागार में होली मिलन समारोह का आयोजन, आपसी प्रेम और सौहार्द का दिया संदेश




**लखीमपुर खीरी।** जिला पंचायत सभागार में आयोजित होली मिलन समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि होली खुशियों और आपसी भाईचारे का पर्व है। हमें एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटते हुए स्वभाव और सद्भाव के साथ त्योहार का आनंद लेना चाहिए। यही होली का वास्तविक संदेश है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर आप सभी ने जो सम्मान दिया है, उसके लिए वे सभी के प्रति आभारी हैं। होली मिलन समारोह के संयोजक एवं जिला सहकारी फेडरेशन के अध्यक्ष अनूप शुक्ल ने कहा कि होली सनातन संस्कृति के सबसे प्राचीन और प्रमुख त्योहारों में से एक है। इस पर्व पर लोग एक-दूसरे से गले मिलकर बधाई देते हैं और आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश देते हैं। कार्यक्रम को जिला सहकारी फेडरेशन के डायरेक्टर रमेश चंद्र मिश्रा, उपाध्यक्ष शौर्य सक्सेना, अंकित अवस्थी, नगर अध्यक्ष देवदत्त, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र साहनी, अश्विनी अवस्थी, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता और डॉ. राकेश शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ होली गीतों से हुआ। इसके बाद बीच-बीच में हास्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। समारोह का कुशल संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता सरयू प्रकाश पांडे ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पांच महिलाओं की हुई नशबंदी

**हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को परिवार नियोजन के तहत बंधयाकरण (नशबंदी)शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओ ने अपने क्षेत्र के आशा कार्यकर्त्ताओ के माध्यम से बन्ध्याकरण कराने के लिए पंजीकरण कराया शिविर में कुल आठ महिलाओ ने परिवार नियोजन के लिए बंधयाकरण नशबंदी के लिए उपस्थित हुई जिला मुख्यालय से आये सर्जन संतलाल ने महिलाओ का बंधयाकरण कराया है शिविर में पांच महिलाओ का बंधयाकरण नशबंदी किया है तीन महिलाए बन्ध्याकरण योग्य नही पाई गई इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की परिवार नियोजन के तहत शिविर में कुल पांच महिलाओ ने पंजीकरण कराया इस दौरान सहयोग में एआरओ संतोष कुमार,एलटी अनिल पटेल, अखिलेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

### अधिवक्ता के मकान का ताला तोड़कर दो लाख की चोरी

**मिर्जापुर।** कटरा कोतवाली क्षेत्र के सुरेकापुरम कॉलोनी में अधिवक्ता के मकान का ताला तोड़कर चोरों ने दो लाख का माल पार कर दिया। बच्चे का गुल्लक भी उठा ले गए। गुरुवार की रात अधिवक्ता गांव से जब घर लौटे तो घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। लालगंज थाना क्षेत्र के चर्की कला गांव निवासी अमरेशचंद्र सिंह अधिवक्ता है। उनका कटरा कोतवाली क्षेत्र के सुरेकापुरम कॉलोनी में मकान है। वह परिवार के साथ तीन मार्च को होली पर अपने गांव लालगंज गए थे। गुरुवार की रात वापस लौटे तो मकान का ताला टूटा था, अंदर सारा सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मौका मुआयना कर वापस लौट गई। पीड़ित अधिवक्ता ने बताया कि 15 हजार नगदी समेत दो लाख रूपये का सामान गायब है। चोर बच्चे का गुल्लक भी उठा ले गए है। अधिवक्ता ने कटरा कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कटरा कोतवाल वैद्यनाथ सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

### इंस्पायर अवॉर्ड योजना के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय के दो छात्रों का हुआ चयन

**हलिया (मिर्जापुर)।** इंस्पायर अवार्ड योजना में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में हलिया ब्लॉक के दो छात्रों को चयनित किया गया है । जिले में इंस्पायर अवार्ड योजना में जनपद स्तरीय विज्ञान व प्रोजेक्ट प्रतियोगिता के आयोजन में हलिया ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय वीरपुर की सीमा व सृष्टि का चयन हुआ है इस प्रतियोगिता में जिले के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग किया । इस प्रदर्शनी में जिले के चयनित बाल वैज्ञानिक अपने हुनर को दिखाते हुए नवाचारी विज्ञान मॉडल व प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे। इस प्रस्तुति के जरिए बाल वैज्ञानिकों को विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा।जिला विद्यालय निरीक्षक माया राम ने बताया कि शासन के निर्देश पर विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को सरकार से प्रोत्साहन राशि दस हजार रुपये की राशि उनके खातों में भेजी जा चुकी है।

# लापता युवक का शव जंगल नंबर 7 में पेड़ से लटका मिला

- एक दिन पहले घर से निकला था युवक, परिजनों ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी
- होली के दिन भाई से मामूली मनमुटाव की बात आ रही सामने, आत्महत्या की आशंका





**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

थाना भीरा क्षेत्र के जंगल नंबर 7 नया गांव में एक युवक का शव जामुन के पेड़ से लटका मिलने से शुक्रवार को इलाके में सनसनी फैल गई। युवक एक दिन पहले ही घर से बिना बताए चला गया था, जिसकी गुमशुदगी परिजनों ने थाने में दर्ज कराई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जंगल नंबर 7 नया गांव निवासी रमेश पुत्र स्वर्गीय वनवारी ने 5 मार्च को थाना भीरा पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया था कि उनका करीब 20 वर्षीय पुत्र विशाल 4 मार्च की शाम करीब 6 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया था। देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस ने युवक की गुमशुदगी दर्ज कर ली थी। शुक्रवार 6 मार्च की सुबह गांव के कुछ लोगों ने जंगल नंबर 7 क्षेत्र में एक जामुन के पेड़ की डाल पर एक युवक का शव मफलर के सहारे लटका हुआ देखा। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंचे और शव की पहचान विशाल के रूप में की। बेटे का शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया और परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना भीरा पुलिस के साथ क्षेत्राधिकारी गोला रमेश कुमार तिवारी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार होली के दिन मृतक का अपने भाई से किसी बात को लेकर मामूली मनमुटाव हो गया था। इसी दौरान पिता ने भी दोनों भाइयों को समझाने के दौरान हल्की फटकार लगा दी थी। बताया जाता है कि इसी बात से आहत होकर युवक उसी शाम घर से बाहर चला गया था।

> क्षेत्राधिकारी गोला रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है और न ही किसी पर कोई आरोप लगाया गया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। वहीं पुलिस के अनुसार क्षेत्र में शांति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है और आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**परिजनों को लगा था देर से लौट आएगा:** परिजनों को आशंका थी कि होली के मौके पर युवक ने शराब पी रखी होगी और कुछ समय बाद वह वापस घर लौट आएगा। लेकिन देर रात तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिवार के लोगों की चिंता बढ़ गई और अगले दिन थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

## मूकबधिर किशोरी को जबरन बाइक पर बैठाकर ले जाने का प्रयास, भाई ने पीछा कर छुड़ाया

- चार माह पहले भी गर्भवती होने का आरोप, पीड़िता की मां ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मूकबधिर किशोरी के साथ छेड़छाड़ और जबरन उठाकर ले जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के ही दो युवकों ने होली के दिन किशोरी को जबरन घर से उठाकर बाइक पर बैठा लिया और ले जाने लगे। किशोरी के भाई ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया, जिसके बाद आरोपियों ने विरोध करने पर किशोरी के भाई और मां के साथ मारपीट कर दी। घटना से गांव में आक्रोश का माहौल है। पीड़िता की मां ने बताया कि उनकी बेटी मूकबधिर है और करीब चार माह पहले भी गांव के ही युवक ध्यानू और रामजी पर उसे बहला-फुसलाकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगा था। उस घटना के बाद किशोरी गर्भवती हो गई थी, जिसका परिवार ने इलाज भी करवाया था। परिजनों के मुताबिक होली के दिन दोनों आरोपी दोबारा घर के पास पहुंचे और मौका देखकर किशोरी को जबरन पकड़कर बाइक पर बैठा लिया। किशोरी के शोर मचाने और भाई द्वारा पीछा करने पर कुछ ही दूरी पर दोनों को पकड़ लिया गया। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ की और विरोध करने पर उसके भाई व मां की जमकर पिटाई कर दी। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचने लगे, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकले। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों के बयान दर्ज किए। मामले में क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार ने बताया कि परिजनों से जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

> थाना प्रभारी निघासन महेश चंद्र ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गन्ना बेचकर लौट रहे किसान से मारपीट कर वसूली का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गन्ना बेचकर लौट रहे एक किसान से आबकारी विभाग के कर्मचारियों द्वारा मारपीट कर रुपये वसूलने का आरोप लगा है। ग्राम भैंसटा निवासी किसान मदन लाल ने आरोप लगाया कि 1 मार्च को चीनी मिल से लौटते समय डाइवर्जन रोड पर आबकारी कर्मियों ने कार का इंडिकेटर तोड़ने का आरोप लगाकर उसे रोक लिया और मारपीट कर कार्यालय ले गए। वहां 12 हजार रुपये की मांग की गई और झूठे मुकदमे की धमकी दी गई। परिजनों से 5 हजार रुपये मंगवाने के बाद उसे छोड़ा गया। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए एक सप्ताह में कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## बस से उतरते समय चालक ने बढ़ा दी रफ्तार, महिला गिरकर गंभीर घायल, कूल्हे का हुआ ऑपरेशन

**लखीमपुर खीरी।**



बस से उतरते समय चालक द्वारा अचानक बस आगे बढ़ा देने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। गिरने से महिला के कूल्हे में फ्रैक्चर हो गया और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं। घायल महिला का गोला के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। परिजनों ने घटना को लेकर बस चालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार 22 फरवरी 2026 की शाम करीब 5 बजे पुष्पा देवी (पत्नी शिवचरन लाल) चौहान ट्रेवल्स की बस से भड़ेढ़ बस स्टॉप से ग्राम बिजुआ जा रही थीं। आरोप है कि जब बस बिजुआ के पास बस स्टॉप पर पहुंची और पुष्पा देवी उतरने लगीं, तभी चालक ने बिना यह देखे कि यात्री पूरी तरह उतर चुके हैं या नहीं, बस आगे बढ़ा दी। अचानक बस चलने से महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाकर बस को रोकने की कोशिश की, लेकिन चालक बस नहीं रोक सका और तेज रफ्तार में बस लेकर मौके से निकल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गिरने के बाद महिला दर्द से कराहने लगीं, जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों और परिजनों ने उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

गंभीर रूप से घायल पुष्पा देवी को इलाज के लिए गोला स्थित संजीवनी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां जांच के दौरान उनके दाहिने कूल्हे में फ्रैक्चर पाया गया। डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए उनका ऑपरेशन किया। इसके अलावा उनके दाहिने हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आई हैं। फिलहाल अस्पताल में उनका इलाज जारी है और परिजनों के अनुसार उनकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।

पीड़ित परिवार का कहना है कि इलाज में काफी खर्च हो रहा है, लेकिन बस चालक और मालिक की ओर से अब तक कोई ठोस मदद नहीं की गई है।

**मालिक बोले- पीड़ित पक्ष से चल रही है बातचीत:** मामले को लेकर जब सिंह ट्रेवल्स के मालिक अनुराग सिंह से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि जिस पक्ष को चोट आई है, उस पक्ष से उनकी बातचीत चल रही है।

**थाना प्रभारी बोले- शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई:** वहीं थाना प्रभारी भीरा रोहित दुबे ने बताया कि फिलहाल यह मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है। यदि पीड़ित पक्ष थाने में आकर शिकायत करता है तो तत्काल मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## शिवपुर में सैकड़ों वर्ष पुरानी परंपरा के साथ हुआ होली मिलन, संवत वाचन में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



ग्राम शिवपुर में सैकड़ों वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत होली के अवसर पर सामूहिक होली मिलन एवं संवत वाचन का कार्यक्रम पूरे उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। रंग खेलने के बाद दूसरे पहर गांव के लोग एकत्र होकर परंपरागत रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया।

परंपरा के अनुसार होली के दिन रंग खेलने के बाद गांव के लोग स्वर्गीय श्री हरि चरण लाल मिश्र के द्वार पर एकत्रित हुए। यहां टेंट व माइक की व्यवस्था के बीच सभी ग्रामीणों ने संवत वाचन सुना और आपसी मिलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इस वर्ष कार्यक्रम का विशेष महत्व रहा, क्योंकि पूज्य महाराज के भंडारे के तीसरे दिन यह होली मिलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पूज्य महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा प्रकट की और आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री हरि चरण सेवा संस्थान की ओर से प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी जलपान की व्यवस्था की गई। आयोजन को सफल बनाने में पूरे गांव के लोगों ने सहयोग दिया। विशेष रूप से प्रभाकर अवस्थी, शशांक पाण्डेय, शाश्वत, सत्यम, योगेंद्र, रोहित, आयुष, अनमोल, रजत और धनंजय सहित कई युवाओं ने व्यवस्था में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। संस्था के अध्यक्ष व भाजपा जिला महामंत्री मनीष मिश्र ने संवत वाचन कर रहे नीरज मिश्र का स्वागत व सम्मान किया। कार्यक्रम में कवि नवल सुधांशु मिश्र और कवि शशांक पाण्डेय ने काव्य पाठ कर वातावरण को भावपूर्ण बना दिया, जिनका सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर श्री रंग जी मिश्र, गीता मिश्र, देवाराम, रजनीकांत पाण्डेय, विनोद शुक्ल, यज्ञ, विमल, रमेश अवस्थी, ओमप्रकाश, राजेंद्र पाण्डेय, भीष्म और राममिलन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मनीष मिश्र ने नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और सभ्यता को सुरक्षित रखने तथा उसे आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाया। यह आयोजन गांव की सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का प्रेरणादायक उदाहरण बना।

## भटवारी व मतवार गांव में लगी ग्राम चौपाल

**हलिया (मिर्जापुर ), समृद्धि न्यूज़।**



हलिया विकास खंड के ग्राम पंचायत भटवारी स्थित पंचायत भवन पर शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है। ग्राम चौपाल में एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया व ग्राम प्रधान राजेश मौर्य सचिव कौशलेन्द्र राय के साथ अन्य अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। जिसमें ग्रामीणों ने पेंशन, आवास, शौचालय की समस्या को रखा। अधिकारियों ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया। सचिव द्वारा ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दिया। जिसमें कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मुख्यमंत्री विवाह अनुदान योजना जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, जीरामजी आदि योजनाओं कि जानकारी दिया गया। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने अन्नप्रासन व गोदभराई किया। मतवार पंचायत भवन पर एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, सचिव शैलेंद्र, प्रधान लालबहादुर पाल ने जनता की समस्या सुना। जिसमें जल जीवन मिशन द्वारा हर घर नल योजना का पानी नहीं पहुंचने का मुद्दा छाया रहा। अधिकारियों ने समस्या के समाधान का अश्वासन दिया। इस दौरान चौपाल में स्वास्थ्य विभाग से आलोक यादव, रामगोपाल, कानूनगो शिव कुमार चौबे, लेखपाल विनोद कुमार, शिक्षक ब्रिजेस मिश्रा, जल जीवन मिशन कमलेश यादव आँगनवाड़ी कार्यकत्री व आशा मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में गुमटी में लगी आग, लाखों रुपये का सामान जलकर राख



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के महुगढ़ गांव में गुरुवार की रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में गुमटी में आग लगने से गुमटी में रखा लाखों रूपये का सामान जलकर राख हो गया है। सूचना पर पहुँचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने पीड़ित को हर सम्भव मदद दिलाने का आश्वासन दिया है। थाना क्षेत्र के महुगढ़ गांव निवासी राकेश गुमटी में किराना का सामान रखकर दुकान चलाते है गुरुवार की शाम दुकान बंद कर घर चले गए रात्रि करीब 1 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का अथक प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नही पा सके आग से गुमटी में रखा किराना का सामान जलकर राख हो गया सुबह से सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बिजेंद्र पाण्डेय ने आगजनी से हुई क्षति का आकलन करते हुए पीड़ित को हर सम्भव मदद दिलाने का आश्वासन दिया है ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बिजेंद्र पाण्डेय ने बताया की संदिग्ध परिस्थितियों में गुमटी में आग लगने से गुमटी में रखा करीब एक लाख रूपये का सामान जलकर राख हुआ है। आगजनी से हुई क्षति का आकलन कर पीड़ित को हर सम्भव मदद दिलाने का आश्वासन दिया गया है।

### स्कूटी के धक्के से घायल किसान की मौत, परिजनों में कोहराम

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कलां गांव में गुरुवार की रात आठ बजे के करीब दुकान पर सामान लेने जा रहे किसान को स्कूटी सवार ने पीछे से धक्का मार दिया। जिससे गंभीर रूप घायल किसान की उपचार हेतु अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई। बंजारी कलां गांव निवासी 58 वर्षीय पन्ना लाल धरकार रात आठ बजे के करीब दुकान पर सामान लेने के लिए जा रहा था कि रिश्तेदारी में आए मध्यप्रदेश के सीधी जिला निवासी नशे में धुत स्कूटी चालक राम प्रताप ने पीछे से धक्का मार दिया। स्कूटी के धक्के से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए किसान को आनन फानन में उपचार हेतु प्रधानपति संजय सिंह अपने निजी वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सिर में आई गंभीर चोट को देखते हुए रेफर कर दिया। प्रधान पति घायल किसान को परिजनों संग उपचार हेतु प्रयागराज जिले के स्वरूप रानी चिकित्सालय ले जा रहे थे कि रास्ते में दुर्जनीपुर गांव में गंभीर रूप से घायल किसान ने दम तोड़ दिया। स्वजनों की सूचना पर पहुंचे एसआइ मूलचंद वर्मा ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए स्कूटी तथा मध्य प्रदेश निवासी स्कूटी चालक को हिरासत में ले लिया। मृतक किसान की पत्नी पुतली देवी की तहरीर पर पुलिस ने स्कूटी चालक राम प्रताप के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच में जुट गई है। प्रधान पति संजय सिंह ने बताया कि मृतक को तीन पुत्र हैं खेती बाड़ी और मेहनत मजदूरी कर परिवार का जीविकोपार्जन करते थे। थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि मध्यप्रदेश निवासी स्कूटी चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मध्य प्रदेश निवासी स्कूटी चालक को हिरासत में लेकर घटना की जांच की जा रही है।

## धूम-धाम से निकाली गयी होली की बारात

- रथ पर भगवान भोलेनाथ दूल्हा बनकर बैठे रहे, बाराती अबीर-गुलाल से रहे सराबोर

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**



ड्रमंडगंज बाजार में वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए होली के दूसरे दिन गुरुवार को होली की बारात समाजसेवी लवकुश केशरी के नेतृत्व में धूम-धाम से निकाली गयी। बारात में शामिल सभी बाराती अबीर-गुलाल से सराबोर होते रहे। बारात में रथ पर भगवान भोलेनाथ दूल्हा बनकर बैठे रहे। ड्रमंडगंज थाना की पुलिस बारात की सुरक्षा व्यवस्था में लगी रही।

बारात ड्रमंडगंज के रामलीला मैदान से शाम लगभग पांच बजे निकली जो बाजार के मुख्य मार्ग से होते हुए गड़बड़ा रोड पर रात्रि दस बजे तक विचरण करती रही।बारात में नवयुवक डीजे के धुन पर डांस करते चल रहे थे। बारात में मंगलदास जायसवाल, धीरज केशरी, पिन्टू केशरी, ज्ञान दास गुप्त, अंजनी सोनी, ओंकार केशरी, नरेन्द्र नारायण गुप्त,शंकर लाल पाल, विजयपाल,डाक्टर दिलीप कुमार गुप्ता, सुभाष सोनी, बसंत लाल, जुग्गीलाल, तारकेश्वर सहित सैकड़ों साल, तरुण व वरिष्ठ नागरिक शामिल रहे।रात्रि लगभग बारह बजे तक बारात ड्रमंडगंज बाजार के विभिन्न मार्गो पर घूमती रही। लवकुश केशरी ने बारातियों का आभार व्यक्त किया और इसी तरह आगे भी सामाजिक कार्यों में ग्रामवासियों बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

### वारंटी गिरफ्तार, पुलिस ने कोर्ट में किया पेश

**हलिया (मिर्जापुर)।** न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में क्षेत्र के नदौली गांव से पुलिस ने शुक्रवार को एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। न्यायालय द्वारा बार बार नोटिस दिए जाने के बावजूद न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर नदौली गांव निवासी वारंटी विजय शंकर तिवारी को एसआइ रामविशाल ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।